शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 340 | गुवाहाटी | बुधवार, 10 जुलाई, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

केंद्रीय मंत्री खट्टर के साथ पूर्वोत्तर के शहरी विकास मंत्रियों की बैठक पेज 3
दुनिया के लोग कहते हैं भारत बदल रहा है : प्रधानमंत्री पेज 4
बैसाखियों के सहारे चल रही केंद्र सरकार... पेज 5
हाथरस भगदड़ कांड की एसआईटी रिपोर्ट पर योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई पेज 8


### *बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार*

## ब्रह्मपुत्र और सहायक नदियां लाल निशान से नीचे : सीएम



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियां ज्यादातर स्थानों पर खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं, जबकि राज्य में समग्र बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है और 27 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या घटकर करीब 18.80 लाख हो गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन (एएसडीएमए) की मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य के 27 जिलों के 91 राजस्व क्षेत्रों और 3,154 गांवों के 18,80,783 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अच्छी खबर – ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर अधिकांश स्थानों पर खतरे के स्तर से नीचे है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर यह अभी भी खतरे के स्तर से ऊपर बह रही है, लेकिन इसमें गिरावट का रुख दिख रहा है। इसमें कहा गया है कि कार्बी आंग्लांग और डिब्रूगढ़ जिलों के शहरी इलाकों में बाढ़ की खबरें मिली हैं। सोमवार को छह और मौतें होने के साथ इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 85 हो गई। कुल मिलाकर 48,124 विस्थापित लोग 245 राहत शिविरों में शरण –शेष पृष्ठ दो पर

## असम : पिछले पांच वर्षों में 174 डॉक्टरों ने छोड़ी सरकारी नौकरी



**गुवाहाटी।** स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के लिए असम भर में किए जा रहे बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास के विपरीत, पिछले पांच वर्षों में सरकारी क्षेत्र से बड़ी संख्या में चिकित्सकों के पलायन ने कई लोगों को चिंतित कर दिया है। ऐसे समय में जब राज्य सरकार के अधीन डॉक्टरों के 700 से अधिक पद रिक्त पड़े हैं, पिछले पांच वर्षों में कुल 174 चिकित्सकों ने या तो स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है या विभिन्न कारणों से सरकारी क्षेत्र को छोड़ दिया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2019 से मई 2024 के बीच कुल 98 डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुना है। साथ ही, पिछले पांच सालों में 76 डॉक्टरों ने सेवा से इस्तीफा दिया है। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के तहत, राज्य के विभिन्न हिस्सों में कार्यरत 21 डॉक्टरों ने 2019 में, नौ डॉक्टरों ने 2020 में, 34 डॉक्टरों ने 2021 में, 15 डॉक्टरों ने 2022 में और 19 डॉक्टरों ने जनवरी 2023 से मई 2024 की अवधि के दौरान अपनी सरकारी नौकरी छोड़ने का विकल्प चुना है। इसी तरह, 2020 में आठ डॉक्टरों ने, 2021 में सात डॉक्टरों ने, 2022 में 24 डॉक्टरों ने, 2023 में 31 डॉक्टरों ने और 2024 के पहले पांच महीनों में छह डॉक्टरों ने सेवा से इस्तीफा दे दिया। असम मेडिकल सर्विस एसोसिएशन (एएमएसए) के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में असम में सरकारी क्षेत्र में डॉक्टरों के 700 से अधिक पद रिक्त हैं। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि असम में डॉक्टरों को नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर करने वाले कारकों में काम का अत्यधिक दबाव और निजी क्षेत्र से मिलने वाले आकर्षक ऑफर शामिल हैं। कुछ लोग सरकारी सेवा में भी बने रहना नहीं चाहते क्योंकि यह एक स्थानांतरणीय नौकरी है। असम ट्रिब्यून से बात करते हुए असम मेडिकल सर्विस एसोसिएशन (एएमएसए) के एक पदाधिकारी ने बताया कि हाल के दिनों में सरकारी डॉक्टरों का काम का बोझ कई गुना बढ़ गया है। हालांकि, वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, –शेष पृष्ठ दो पर

## राज्य सरकार देगी 35 हजार नई नौकरियां : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य में 35 हजार नई सरकारी नौकरियों के लिए पद का सृजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि सरकार एक लाख नौकरियां देने के बाद अपनी प्रतिबद्धता के अनुसार बहाग बिहू (14 अप्रैल) से पहले 35 हजार नौकरियां उपलब्ध कराएगी। बाढ़ का पानी सूख जाने के बाद 3 अक्तूबर से शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रेड 3 के लिए 7,600 और ग्रेड फोर के लिए पांच हजार पदों के लिए –शेष पृष्ठ दो पर

## राज्य में नई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू : शिक्षा मंत्री



**गुवाहाटी।** असम सरकार ने शिक्षकों की नई भर्ती प्रक्रिया शुरू की है, जिसका उद्देश्य मौजूदा कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने से पहले शिक्षकों की नियुक्ति करना है, शिक्षा मंत्री रनोज पेगू ने घोषणा की। राज्य की योजना मार्च 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले लगभग 8,000 शिक्षकों को बदलने की है, जबकि 4,000-5,000 प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया उनकी सेवानिवृत्ति से पहले शुरू होगी। सरकार ने सेवानिवृत्ति के अगले दिन नियुक्तियां करने की व्यवस्था की है। पेगु ने गणित शिक्षकों के लिए नए पद सृजित करने की योजना का भी खुलासा किया। राज्य मंत्रिमंडल ने मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए गणित शिक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पहले से ही चल रही है। कुछ कॉलेजों द्वारा फीस बढ़ोतरी के मुद्दे पर बोलते हुए पेगु ने कहा कि इस साल शैक्षणिक संस्थानों ने फीस में काफी वृद्धि की है। हमने कॉलेजों को सभी फीस वहन करने का निर्देश दिया था, लेकिन कुछ कॉलेजों, जैसे कि पूर्बा क्लान कॉलेज ने छात्रों –शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### भाजपा विधायक के विवादित बयान पर बवाल, कहा–

## राहुल को संसद के अंदर बंद करके मारने चाहिए थप्पड़



**नई दिल्ली।** भाजपा विधायक भरत शेट्टी ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी को उनकी कथित *हिंदू विरोधी* टिप्पणियों के लिए संसद में बंद कर देना चाहिए और थप्पड़ मारना चाहिए। भाजपा नेता लोकसभा में राहुल गांधी के हिंदू समुदाय को लेकर दिए गए हालिया भाषण के खिलाफ मंगलुरु में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। राहुल ने कहा था कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं वे केवल हिंसा, नफरत और झूठ के बारे में बात –शेष पृष्ठ दो पर


## पीएम मोदी को मिला रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

### *अब तक 16 देश कर चुके हैं सम्मानित*



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंगलवार को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय रूस की यात्रा में मॉस्को पहुंचे हैं। रूस के बाद पीएम मोदी दो दिन के ऑस्ट्रिया दौरे पर जाएंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और व्लादिमीर पुतिन के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने आतंकवाद, आपसी सहयोग और शांति बहाली पर चर्चा की। बता दें कि रूस से पहले भूटान, मिस्र और फ्रांस समेत कई देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि प्रिय मित्र, मैं तहे दिल से आपको इस सर्वोच्च रूसी पुरस्कार के लिए बधाई देता हूं। आपके अच्छे स्वास्थ्य और सफलता की कामना करता हूं। भारत के मैत्रीपूर्ण लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना करता हूं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि मुझे लगता है कि यह यात्रा बहुत सफल रही। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने द्विपक्षीय एजेंडे के हर पहलू पर चर्चा की। अंतर्राष्ट्रीय स्थिति, जी-20, ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और संयुक्त राष्ट्र में –शेष पृष्ठ दो पर

## गौतम गंभीर बने टीम इंडिया के नए हेड कोच



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को नया हेड कोच मिल गया है और तमाम अटकलों को सही साबित करते हुए बीसीसीआई ने पूर्व स्टार ओपनर गौतम गंभीर को टीम इंडिया की जिम्मेदारी दी है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने मंगलवार 9 जुलाई को गंभीर के नाम का एलान करते हुए टीम इंडिया में उनका स्वागत किया। पिछले महीने तक ही गंभीर कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर थे, जहां उनके नेतृत्व में केकेआर ने 10 साल के लंबे इंतजार के बाद आईपीएल 2024 का खिताब जीता था। गौतम गंभीर कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे, जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में टीम इंडिया की जीत के साथ ही अपना सफर खत्म किया था। गंभीर के कोच बनने की –शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*गलती तो हर मनुष्य कर सकता है, किंतु उस पर दृढ़ केवल मुर्ख ही होते हैं।*

–सिसरो

### न्यूज गैलरी

## झज्जर के तीन युवक कुरुक्षेत्र में जिंदा जले

**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** कुरुक्षेत्र जिले के अंतर्गत आते नेशनल हाइवे 152डी पर सोमवार की रात हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवक जिंदा जल गए जबकि एक बुरी तरह से झुलस गया। हादसे के शिकार तीनों युवक झज्जर के रहने वाले हैं और मंगलवार –शेष पृष्ठ दो पर

## भारत-रूस शिखर वार्ता : 2030 तक 100 अरब डॉलर करेंगे व्यापार



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने 22वीं द्विपक्षीय वार्ता में आर्थिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने तथा आपसी व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया। दोनों देशों ने संपर्क सुविधाएं बढ़ाने के लिए चेन्नई वल्दिवस्तक समुद्री गलियारे पर भी बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत यूरेशिया आर्थिक संघ व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने का भी फैसला किया। शिखरवार्ता के दौरान दोनों देशों ने सहयोग के 9 दस्तावेजों को स्वीकार किया। इनमें रूस के सदूर पूर्व में सहयोग तथा ध्रुवीय अनुसंधान संबंधी करार शामिल हैं। दोनों पक्षों ने औषधि व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ही व्यापारिक संगठनों के बीच –शेष पृष्ठ दो पर


## एएसओएस परीक्षा 2024 के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की

**गुवाहाटी।** असम उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद (एएचएसईसी) ने एचएस स्तर की एएसओएस परीक्षाओं के लिए संशोधित समय सारिणी जारी की है, जो मूल रूप से अप्रैल-मई 2024 के लिए निर्धारित थी। 9 जुलाई, 2024 की अधिसूचना (सं. एसओएस/ईपी/पीआर/146/14/2961) में, एएचएसईसी ने अद्यतन परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा की। परीक्षाएं अब 25 जुलाई, 2024 से शुरू होंगी और 7 अगस्त, 2024 तक चलेंगी। –शेष पृष्ठ दो पर

## नए आपराधिक कानून पर आईएमएस की चिंता निराधार : स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमएस) की चिंताओं को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निराधार बताया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक नए आपराधिक कानून के तहत लापरवाही से मौत की सजा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा लेकिन इस धारा –शेष पृष्ठ दो पर

## बेंगलुरु में विराट कोहली के पब पर दर्ज हुई एफआईआर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की बेंगलुरु पुलिस ने रविवार देर रात पब खोले जाने पर कार्रवाई की। शहर के कई पबों के प्रबंधन पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज किया। इनमें से एक पब क्रिकेटर विराट कोहली के स्वामित्व वाली भी है, जिसका नाम वन8 कम्यून पब है। पुलिस ने जानकारी दी कि 6 जुलाई की रात को पब कथित तौर पर 1:20 बजे तक खुला था, जो कि नियमों के खिलाफ है। क्यूबन पार्क पुलिस स्टेशन ने वन 8 कम्यून पब के खिलाफ औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज की है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रात्रि गश्त पर तैनात सब-इंस्पेक्टर को सूचना मिली कि वन8 कम्यून पब देर रात चल रहा है। जब सब-इंस्पेक्टर रात 1:20 बजे पब में पहुंचे तो उन्होंने पाया –शेष पृष्ठ दो पर

## पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के समाधान का कारक होगा वृक्षारोपण का महाअभियान : ओम बिरला



**इंदौर ( हि.स. )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को इंदौर प्रवास के दौरान *एक पेड़ मां के नाम* अभियान के तहत यहां चल रहे 51 लाख पौधे लगाने के महा अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने इंदौर के बिजासन के समीप अटल वन में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणामों का सामना कर रहा है, ऐसे वक्त में यह अभियान पर्यावरण अनुकूलता की दिशा में देश और दुनिया को नया दृष्टिकोण देते हुए नई राह दिखायेगा। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है। इस अभियान को मध्यप्रदेश विशेषकर इंदौर में तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान पर्यावरण अनुकूलता के लिए मददगार साबित होगा। वृक्षारोपण हमारी संस्कृति, संस्कार एवं अध्यात्म से जुड़ा हुआ है। यह अभियान वर्तमान के साथ भविष्य को –शेष पृष्ठ दो पर

## फ्रांस में किसी भी दल को बहुमत नहीं, वामपंथी गठबंधन सबसे आगे



**पेरिस ( हि.स. )।** फ्रांस के संसदीय चुनाव में किसी पार्टी या गठबंधन को बहुमत नहीं मिलने से त्रिशंकु संसद बन गया है। हालांकि चुनाव में वामपंथी गठबंधन न्यू पापुलर फ्रंट (एनएफपी) ने सबसे अधिक सीटें जीतकर धुर दक्षिणपंथियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। वहीं, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो का समय से पहले संसदीय चुनाव कराने का दांव उलटा पड़ गया। कुल 577 सीटों पर हुए चुनाव में वामपंथी गठबंधन एनएफपी 182, मैक्रो के मध्यमार्गी गठबंधन को 168 और मरीन ली पेन गठबंधन को 143 सीट मिली है। जबकि बहुमत के लिए 289 का आंकड़ा जरूरी है। मतगणना में मैक्रो का मध्यमार्गी गठबंधन दूसरे और मरीन ली पेन की दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली व उसके –शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED
For all kinds of classified advertisements à¿lease contact
97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE
Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc.
**ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01,
**Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# उच्च शिक्षण संस्थानों में स्टेम विषयों में बेटियों की भागीदारी 40 प्रतिशत से अधिक : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को ओडिशा स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च के दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी बेटियां आदित्य एल-वन और चंद्रयान-3 जैसे प्रतिष्ठित साइंस मिशन का नेतृत्व कर रहीं हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों में स्टेम विषयों में अब बेटियों की भागीदारी 40 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में उपाधि, पदक एवं पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या छात्रों के मुकाबले कम है। उन्होंने भविष्य में बेटों और बेटियों के बीच असमानता की यह स्थिति दूर होने की आशा जताई। द्रौपदी मुर्मू ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि विज्ञान की तार्किकता और परंपरा के संस्कारों को समन्वित करके आप आगे बढ़ रहे हैं। नाइसर के प्रतीक चिह्न में मैथ्स, बायोलॉजी, कैमिस्ट्री तथा फिजिक्स से जुड़े डिजाइन्स के साथ ईशोपनिषद् से लिया गया कथन अंकित है विद्याऽमृतमश्नुते। इसका भावार्थ यह है कि विद्या से व्यक्ति को अमृत प्राप्त होता है यानि विद्या-रूपी अमृत की संजीवनी पाकर व्यक्ति के कार्य अमर हो जाते हैं। उदाहरण के लिए विश्व के महानतम वैज्ञानिकों में से एक सर सीवी रमन दशकों से हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन उनके द्वारा प्रतिपादित रमन इफेक्ट्स प्रासंगिक है और उस वैज्ञानिक सिद्धांत के जरिये सीवी रमन सदैव अमर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सार्थक विद्या एवं ज्ञान वही है, जिसका प्रयोग मानवता की बेहतरी एवं उत्थान के लिए हो। मुझे इस वर्ष अप्रैल में भारत की पहली और विश्व की सबसे सस्ती कार और टी सेल थेरेपी का शुभारंभ करने का अवसर मिला। नाइसर में मेडिकल साइक्लोट्रॉन सुविधा की स्थापना के लिए कार्य किया जा रहा है। कैंसर के विरुद्ध हमारी लड़ाई में ये सब उपलब्धियां संपूर्ण मानव जाति के लिए एक नई आशा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान के वरदान के साथ-साथ उसके अभिशाप का खतरा भी हमेशा बना रहा है। आज साइंस एंड टेक्नॉलजी के क्षेत्र में बहुत तेजी से बदलाव आ रहे हैं। नए-नए तकनीकी विकास मानव समाज को क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं लेकिन साथ ही मानवता के सामने नई चुनौतियां भी पैदा कर रहे हैं। विज्ञान शिक्षा से जुड़े आप जैसे सभी लोग एवं नीति-निर्मातागण मिलकर इन सभी समस्याओं को हल करने का प्रयत्न करेंगे ताकि मानवता अनुसंधान एवं विकास का अधिक से अधिक लाभ उठा सके और उसे कोई हानि न पहुंचे।

# पश्चिम बंगाल में युवती के साथ मारपीट का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार



**कोलकाता (हि.स.)।** उत्तर 24 परगना जिले में एक युवती के साथ मारपीट का पुराना वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बैरकपुर पुलिस ने मंगलवार को बताया कि लगभग दो साल पुराने वीडियो में दिखाए गए आरोपितों की पहचान के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि वीडियो में स्थानीय तृणमूल विधायक मदन मित्रा के करीबी जयंत सिंह के लोग युवती को टांग कर बर्बर तरीके से पीटते नजर आ रहे हैं। वीडियो दिल दहलाने वाला है। जबकि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने वीडियो की प्रामाणिकता की जांच की मांग की है। लड़की के साथ मारपीट के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। बैरकपुर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक पुराने वीडियो का संज्ञान लिया है, जिसमें एक लड़की पर हमले का दृश्य है। स्वतः संज्ञान लेते हुए आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इनमें से दो पहले ही हिरासत में हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वीडियो, जिसकी प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं हुई है, कम से कम दो साल पुराना है। वीडियो क्लिप में कुछ लोगों को एक युवती के पैर और हाथ पकड़े हुए देखा जा सकता है, जबकि दो अन्य उसे डंडे से पीट रहे हैं। यह घटना कथित तौर पर उत्तर 24 परगना जिले के अरियादाह के एक क्लब में हुई थी। वीडियो को भाजपा के पश्चिम बंगाल अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पोस्ट किया, जिन्होंने गिरफ्तार जयंत सिंह को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया। मजूमदार ने एक्स पर पोस्ट किया कि तालतला क्लब, कमरहाटी से वीडियो को देखकर बेहद स्तब्ध हूं, जिसमें तृणमूल विधायक मदन मित्रा के करीबी सहयोगी जयंत सिंह को एक लड़की पर बर्बर हमला करते हुए दिखाया गया है। यह जघन्य कृत्य उस सरकार के तहत हो रहा है जो महिलाओं के अधिकारों की वकालत करती है। यह मानवता के लिए अपमानजनक है। दूसरी ओर वरिष्ठ तृणमूल नेता शांतनु सेन ने वीडियो की फोरेंसिक जांच की मांग की और कहा कि यह भाजपा की पश्चिम बंगाल की छवि धूमिल करने की साजिश है।

## रायबरेली की जनता राहुल से पूछी आप किस धर्म के हो स्पष्ट करो

**रायबरेली (हि.स.)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता व रायबरेली से सांसद राहुल गांधी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे। उनके आगमन पर शहर में विभिन्न जगहों पर *राहुल गांधी जवाब दो* के पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर में राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं पर दिए गए बयान का उल्लेख किया गया है और उनके धर्म पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। रायबरेली में मंगलवार को शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन चौराहा सहित अन्य चौराहा के पास जिस रास्ते से राहुल गांधी अपने सांसद आवास भुएमऊ गेस्ट हाउस पहुंचें। उन रास्तों पर ही यह पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर में लिखा है राहुल गांधी जवाब दो आपको अपना अमूल्य मत देने वाला रायबरेली का हिंदू मतदाता क्या हिंसक है? आप किस धर्म के हो स्पष्ट करो। आप हिंदू धर्म को मानते हो या नहीं, रायबरेली का हिंदू मतदाता आपको भविष्य में वोट क्या गाली खाने के लिए देगा।

# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से की मुलाकात



**गुवाहाटी (हिंस)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व ने मंगलवार को गुवाहाटी में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामले तथा बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा केंद्रीय मंत्री को बिजली क्षेत्र और शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए राज्य की पहलों से अवगत कराया। बाद में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर असम नीतिगत समर्थन के माध्यम से सस्ती हरित ऊर्जा सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर रहा है।

# नेपाल : भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन में अब तक 80 की मौत, सौ से अधिक घायल



**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल में इस वर्ष मॉनसून के सक्रिय होने के बाद हो रही भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आकर अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस दौरान 2000 से अधिक घरों के क्षतिग्रस्त होने से हजारों लोग बेघर हो गए हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक मॉनसून के सक्रिय होने के कारण इस बार कई स्थानों पर रिकार्ड ब्रेक बारिश हुई है। कुछ स्थानों पर पिछले चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिसके कारण बाढ़ आ गई है। बाढ़ का असर लगभग सभी प्रदेशों में दिख रहा है। मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इस बार की बारिश बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक काठमांडू में एक, कोशी प्रदेश में 19, मधेस प्रदेश में 3, बागमती प्रदेश में 4, गण्डकी प्रदेश में 22, लुम्बिनी प्रदेश में 20, कर्णाली प्रदेश में 4 और सुदूरपश्चिम प्रदेश में 7 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा काठमांडू में 5, कोशी प्रदेश में 25, मधेस प्रदेश में 9, बागमती प्रदेश में 7, गण्डकी प्रदेश में 32, लुम्बिनी प्रदेश में 13, कर्णाली प्रदेश में 19 और सुदूरपश्चिम प्रदेश में 31 लोगों के घायल होने की जानकारी गृह मंत्रालय द्वारा दी गई है। बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में अब भी पांच लोगों के लापता होने की जानकारी देते हुए उनकी तलाश जारी रखने की बात कही गई है। गृहमंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि बाढ़ के कारण अब तक 2000 से अधिक घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

# पृष्ठ एक का शेष

### ब्रह्मपुत्र और सहायक...

ले रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बचाव और राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ की टीमों को कछार, बरपेटा, बंगाईगांव, डिब्रूगढ़ और जोरहाट में तैनात किया गया है। इसमें कहा गया है कि एसडीआरएफ, अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मी, पुलिस बल और एएसडीएमए के आपदा मित्र स्वयंसेवक बाढ़ और तूफान प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की मदद कर रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग की वेबसाइट पर सुबह 9 बजे दर्ज किए गए जलस्तर के अनुसार, ब्रहमपुत्र नदी निमातीघाट (जोरहाट), तेजपुर (शोणितपुर), गुवाहाटी (कामरूप) और धुबड़ी (धुबड़ी) में खतरे के स्तर से ऊपर बह रही थी। एएसडीएमए की विज्ञप्ति में कहा गया है कि लाल निशान से ऊपर बहने वाली अन्य नदियां हैं चेनीमारी (डिब्रूगढ़) में बुढ़िदीहिंग, शिवसागर में दिखौ, नांगलमुराघाट (शिवसागर) में दिसांग, धरमतुल (नगांव) में कोपिली और करीमगंज में कुशियारा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सोमवार को राज्य में औसतन 6.3 मिमी बारिश हुई। बोरझार स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने कोकराझार, चिरांग, बक्सा, उदालगुड़ी, नगांव, कार्बी आंग्लांग, शोणितपुर, लखीमपुर, धेमाजी, डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने और भारी बारिश के साथ बहुत अधिक गरज के साथ तूफान आने की संभावना के लिए *निगरानी* अधिसूचना जारी की है। राज्य के विभिन्न भागों से तटबंधों, सड़कों और पुलों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने की खबरें मिली हैं।

### असम : पिछले पांच ...

जबकि वही डॉक्टर निजी प्रैक्टिस में समान काम करके ज़्यादा पैसे कमा सकते हैं। पदाधिकारी ने कहा कि डॉक्टरों के वेतनमान में संशोधन किया जाना चाहिए। सरकारी क्षेत्र में मौजूदा वेतन संरचना उतनी आकर्षक नहीं है, और चूंकि निजी क्षेत्र में अधिक कमाई की गुंजाइश है, इसलिए कई नई पीढ़ी के डॉक्टर सरकारी क्षेत्र में शामिल होना या काम जारी रखना नहीं चाहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि असम में कई वरिष्ठ डॉक्टरों ने हाल के दिनों में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुना है, क्योंकि उनके लिए 65 वर्ष की आयु तक प्रैक्टिस जारी रखना संभव नहीं है, जो कि राज्य में सरकारी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु है। वरिष्ठ डॉक्टरों को भी उचित प्रशासनिक ज्ञान की कमी के कारण अपने कर्तव्यों का पालन करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले मुख्यमंत्री ने एनएचएम प्राधिकरण को डॉक्टरों को प्रशासनिक प्रशिक्षण देने का सख्त निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक इस आदेश का ठीक से पालन नहीं किया गया है। दूसरी ओर, कई डॉक्टरों को कई मौकों पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अभद्र और अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ा है। यह भी एक कारण है कि कई वरिष्ठ डॉक्टर अपनी नौकरी से खुश नहीं हैं। एएमएसए पदाधिकारी ने बताया कि कई वरिष्ठ डॉक्टरों के लिए रात की शिफ्ट में काम करना भी संभव नहीं है। इसलिए कोई विकल्प न होने के कारण कई वरिष्ठ डॉक्टरों ने नौकरी से इस्तीफा देने का विकल्प चुना है।

### राज्य सरकार देगी...

रिक्तियों की घोषणा की है। असम पुलिस ने 6434 रिक्तियों की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक साथ शारीरिक परीक्षण, लिखित परीक्षा और मौखिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। राज्य में ग्रेड थ्री के लिए 7,600 और ग्रेड फोर के लिए पांच हजार रिक्तियां हैं। राज्य सरकार प्राथमिक शिक्षा विभाग के लिए 5,550 शिक्षकों की भर्ती की भी घोषणा करने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा, माध्यमिक शिक्षा के लिए लगभग आठ हजार शिक्षकों की भर्ती में एक से दो महीने की देरी होगी क्योंकि, सरकार गणित में विशेषज्ञता वाले स्नातक शिक्षकों के लिए नए पद सृजित करने की योजना बना रही है। इनमें से लगभग दो हजार पद पहले चरण में सृजित किए जाएंगे।

### राज्य में नई ...

से 650 रुपये प्रति छात्र शुल्क लिया है। यह पैसा छात्रों को वापस किया जाना चाहिए। छात्रों की अनुपस्थिति के बारे में, पेगु ने बताया कि गैर-उपस्थिति की उच्चतम दर धुबड़ी, बरपेटा और नगांव में है। हमने नेटवर्क की समस्या वाले स्कूलों की पहचान की है, जिनकी संख्या 500 से कम है। हम इस बात की समीक्षा करेंगे कि छात्र स्कूल क्यों नहीं आ रहे हैं और समिति की सिफारिशों के आधार पर कार्रवाई करेंगे। इसके अतिरिक्त, पेगू ने शिक्षक जवाबदेही में सुधार के उपायों का उल्लेख किया। एक दिन के लिए अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों का वेतन उनकी अनुपस्थिति के कारणों का पता लगाने के लिए स्थगित किया जा रहा है। इस कदम से उन लोगों की भी पहचान हो सकेगी जो शिक्षक के रूप में नियुक्त हैं, लेकिन अन्य विभागों से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, पेगू ने स्कूल में उपस्थिति और भोजन आपूर्ति में विसंगतियों का उल्लेख किया। कई स्कूल 60 फीसदी उपस्थिति की रिपोर्ट करते हैं, फिर भी 100 फीसदी छात्रों के लिए भोजन प्राप्त करते हैं। आगे चलकर, वास्तविक उपस्थिति के आधार पर भोजन की आपूर्ति की जाएगी, जिससे सरकार को पैसे बचाने में मदद मिलेगी।

### राहुल को संसद के ...

करते हैं। शेट्टी ने एक विरोध मार्च को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज वह है जो शास्त्रों का उपयोग करना उतना ही जानता है जितना वह शास्त्रों (हथियारों) पर विश्वास करता है। लेकिन, हम इसका उपयोग करने में निष्क्रिय हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राहुल गांधी सभी हिंदुओं को इनका इस्तेमाल करने के लिए जागृत करने की कोशिश कर रहे हैं। कभी-कभी मुझे लगता है कि अच्छा होता कि कोई उन्हें संसद के अंदर बंद कर देता और दो थप्पड़ मार देता। इस कार्रवाई से सात से आठ एफआईआर दर्ज होंगी। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि यदि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलुरु शहर आते हैं, तो हम उनके लिए यही व्यवस्था करेंगे। मुझे समझ नहीं आता कि उसे इतनी हिम्मत कहां से मिलती है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथ में हिंदू भगवान शिव की तस्वीर है। वहीं, कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री रामनाथ राय ने विधायक भरत शेट्टी को कड़ी चुनौती देते हुए कहा कि अगर भरत शेट्टी में साहस और ताकत है, तो वह हमारे आम कार्यकर्ता पर हाथ डालें। राय का बयान शेट्टी द्वारा पहले राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणियों की निंदा के जवाब में आया है। विधायक ने कहा था कि राहुल गांधी को उनके हिंदू विरोधी बयानों के लिए संसद के अंदर बंद करके थप्पड़ मारना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने मांग की है कि राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी के लिए भरत शेट्टी के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने भाजपा पर राहुल गांधी के बयान को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया, उन्होंने शेट्टी को *बिना योग्यता वाला व्यक्ति* कहा, जो अमरनाथ शेट्टी के समर्थन से राजनीति में उभरे।

### पीएम मोदी को मिला...

हमारे सहयोग पर चर्चा हुई, जहां हम सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने के लिए भारत का समर्थन करते हैं। दोनों देशों के बीच तालमेल है। द्विपक्षीय एजेंडे के कार्यों और अंतर्राष्ट्रीय नीतियों से जुड़े मुद्दों पर समझ बिल्कुल एक जैसी है। मुझे यकीन है कि यह यात्रा से सभी क्षेत्रों में बहुत अधिक बढ़ावा मिलेगा।

### भारत-रूस शिखर...

सहयोग संबंधी करार भी किए। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने दोनों देशों के बीच हुई वार्ता की जानकारी देते हुए बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव में हवाई हमले में बच्चों की मौत की घटना के बारे में मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को अपनी चिंता से अवगत कराया। मोदी ने इसे एक हृदय विधारक घटना बताया। विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पुतिन का ध्यान रूसी सेना में लगाए गए कुछ भारतीयों की ओर आकृष्ट कराया तथा उन्हे सेवा मुक्त कर भारत भेजे जाने पर जोर दिया।

### एएसओएस परीक्षा 2024 ...

सुबह का सत्र सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा, जबकि दोपहर का सत्र दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। व्यावहारिक परीक्षाएं 9 अगस्त, 2024 से 17 अगस्त, 2024 तक प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित हैं। अभ्यर्थियों और संबंधित पक्षों को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए पंकज बोरठाकुर, परीक्षा नियंत्रक, एएचएसईसी, बामुनीमैदम, गुवाहाटी-21 द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना देखें।

### नए आपराधिक कानून...

के तहत चिकित्सा के दौरान एक पंजीकृत चिकित्सक की लापरवाही से किसी मरीज की मृत्यु होने पर जुर्माने के साथ दो साल की सजा हो सकती है। मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति (चिकित्सकों सहित) द्वारा लापरवाही से मौत का कारण बनने पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 ए के तहत 2 साल तक की कैद या जुर्माना हो सकता है। मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जब दिसंबर, 2023 में आईपीसी को भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) से बदलने का विधेयक लोकसभा में पेश किया गया, तो लापरवाही के कारण होने वाली मौत को बीएनएस की धारा 106(1) के तहत 5 साल तक की कैद और जुर्माने से दंडनीय तय किया था। चिकित्सकों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए और बीएनएस, 2023 की उक्त धारा 106(1) में संशोधन किया गया ताकि यह प्रावधान किया जा सके कि यदि चिकित्सा प्रक्रिया करते समय पंजीकृत चिकित्सा चिकित्सकों द्वारा लापरवाही हो जाती है तो उन्हें 2 साल के कारावास और जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

### गौतम गंभीर बने ...

उम्मीद पिछले काफी वक्त से जताई जा रही थी। उनके मेंटॉर रहते हुए कोलकाता के आईपीएल चैंपियन बनने के बाद से ही बीसीसीआई उनके संपर्क में थी, जिसके बाद गंभीर ने औपचारिक तौर पर आवेदन किया था और फिर पिछले महीने क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी को इंटरव्यू भी दिया था। जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मे एक्स पर एक पोस्ट में गंभीर के नाम का एलान किया और कहा कि मॉडर्न क्रिकेट में तेजी से काफी बदलाव हो रहे हैं और गंभीर ने इन बदलावों को करीब से देखा है। अलग-अलग रोल में गंभीर की मेहनत और सफलता की तारीफ करते हुए शाह ने भरोसा जताया कि भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए गंभीर ही सबसे आदर्श शख्सियत हैं। टीम इंडिया के लिए गौतम गंभीर के स्पष्ट विजन और लंबे अनुभव को अहम बताते हुए शाह ने उन्हें दुनिया की सबसे पॉपुलर क्रिकेट टीम के कोच के लिए सही विकल्प बताया और बीसीसीआई की ओर से उन्हें पूरे सहयोग का भरोसा भी दिलाया। राहुल द्रविड़ नवंबर 2021 में टीम इंडिया के कोच बने थे और उन्हें 2 साल का कार्यकाल दिया गया था। द्रविड़ का वक्त वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल के साथ ही खत्म हो गया था, लेकिन इसके बावजूद बीसीसीआई ने उन्हें टी20 वर्ल्ड कप तक एक्सटेंशन दिया था। गंभीर को हालांकि शुरू से ही लंबा कार्यकाल मिलेगा। बीसीसीआई ने मई में जब नए हेड कोच के लिए विज्ञापन जारी किया था, उस वक्त ही साफ कर दिया था कि नए कोच का कार्यकाल 31 दिसंबर 20207 तक यानी साढ़े 3 साल का रहेगा।

### बेंगलुरु में विराट...

कि पब में ग्राहक मौजूद हैं। इसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। सूत्रों ने बताया कि तीन अन्य पबों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। विराट कोहली के स्वामित्व वाली वन8 कम्यून पब दिल्ली, मुंबई, पुणे और कोलकाता जैसे अन्य शहरों में भी हैं। बेंगलुरु में पिछले साल इस क्लब को खोला गया था। कस्तूरबा रोड पर रत्नम कॉम्प्लेक्स की छठी मंजिल पर मौजूद है, जो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के नजदीक है।

### पर्यावरण संबंधी चुनौतियों ...

भी सुखद बनाने का अभियान होगा। देश और विश्व की पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के समाधान का माध्यम भी बनेगा। इस अवसर पर लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, वन एवं पर्यावरण मंत्री नागर सिंह चौहान, पशुपालन मंत्री लाखन पटेल, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सदस्य महेंद्रसिंह, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, विधायक महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गौरव रणदिवे तथा चिंटू वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम में उक्त सभी अतिथियों ने हजारों स्कूली बच्चों के साथ बिजासन के सामने स्थित अटल वन में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर ओम बिरला ने वृक्षारोपण के ब्रांड एम्बेसेडर विष्णु लांबा और कुमारी प्रसिद्धि का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा कि यह अभियान मानव जीवन को बचाने का बढ़ा अभियान है। इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाते रहना चाहिए। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृगांर है। यह हमारे जीवन का सबसे बढ़ा आधार है। वृक्ष से ही जीवन की निर्भरता है। वृक्ष हमें जीवन बचाने के लिए सब कुछ देता है। हमारा फर्ज बनता है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाए और वृक्षों की रक्षा सुरक्षा करें। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्वागत भाषण देते हुए इंदौर में चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से जन आंदोलन बन चुका है। राज्य सरकार ने जहां एक ओर साढ़े 5 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है, वहीं इसमें से इंदौर शहर में ही 51 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम को महेंद्र सिंह सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इंदौर में सबसे पहले पितृ पर्वत पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमान जी की प्रतिमा के दर्शन किए। उन्होंने पूजन-अर्चन कर वृक्षारोपण किया। इंदौर पहुंचने पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला का मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी और महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा स्वागत किया गया। रेसीडेंसी कोठी इंदौर में संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता, कलेक्टर आशीष सिंह एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य भेंट की। लोकसभा अध्यक्ष बिरला को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### फ्रांस में किसी भी ...

सहयोगी तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले एग्जिट पोल में आश्चर्यजनक रूप से दक्षिणपंथियों की जगह वामपंथियों की बढ़त का अनुमान जताने के बाद पूरे फ्रांस में हिंसा भड़क गई। वीडियो फुटेज में नकाबपोश प्रदर्शनकारियों को सड़कों पर दौड़ते, आग लगाते हुए और अशांति फैलाते देखा गया। चुनाव परिणामों के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल के इस्तीफे की पेशकश को राष्ट्रपति मैक्रों ने ठुकरा दिया, कहा-देश की स्थिरता के लिए वह स्थायी व्यवस्था होने तक पद पर बने रहें। फ्रांस में 30 जून को हुए पहले चरण के मतदान के बाद दक्षिण पंथी पार्टी नेशनल रैली आगे थी, लेकिन रविवार को दूसरे चरण के मतदान के बाद सोमवार को मतगणना में उभरी तस्वीर से आने वाले दिनों में राजनीतिक उठापठक का खतरा उत्पन्न हो गया है। राष्ट्रपति मैक्रों का कार्यकाल अभी तीन वर्ष शेष है। उन्हें नीतियों के कार्यान्वयन में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### झज्जर के तीन ...

को उनका हिमाचल प्रदेश में पेपर था। इसके लिए वह एक ही कार में सवार होकर शिमला के लिए निकले थे। हादसा सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में कार के टकराने से हुआ है। ट्रक चालक मौके से फरार है। पुलिस ने लाशों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। झज्जर के गांव मंजपुरा का आशीष और उसके 3 दोस्त स्विफ्ट कार में सवार होकर परीक्षा देने हिमाचल प्रदेश जा रहे थे। देर रात एनएच 152डी पर गांव मुर्तजापुर के पास उनकी कार एक ट्रक के पीछे जाकर टकरा गई, जिससे उनकी कार में आग लग गई। आग लगने से कार सवार तीन युवकों की झुलसने के कारण मौके पर ही मौत हो गई जबकि आशीष बुरी तरह झुलस गया। घायल युवक को मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक आशीष अभी बयान देने की हालत में नहीं है। आशीष का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जांच अधिकारी एएसआई सतीश कुमार के अनुसार तीनों युवक अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं। झज्जर जिले की पुलिस को इस बारे में सूचित किया गया है। मृतकों के परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# केंद्रीय मंत्री खट्टर के साथ पूर्वोत्तर के शहरी विकास मंत्रियों की बैठक




**गुवाहाटी ( हिंस )।** केंद्रीय विद्युत और आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ आज पूर्वोत्तर के शहरी विकास मंत्रियों की बैठक गुवाहाटी के एक निजी होटल में हुई। बैठक के बाद सोशल मीडिया के जरिए असम के शहरी विकास आदि मामलों के मंत्री अशोक सिंघल ने कहा कि मुझे आज गुवाहाटी में केंद्रीय विद्युत और आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के शहरी विकास मंत्रियों की बैठक में भाग लेकर प्रसन्नता हो रही है। यह अनुमान लगाया गया है कि 2047 तक भारत की लगभग आधी आबादी शहरी क्षेत्रों में रहेगी और इसलिए, हमारे प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी के सक्रिय विकास कार्यक्रम द्वारा निर्देशित, असम के साथ-साथ शेष पूर्वोत्तर तेजी से शहरीकरण के कगार पर है। आज की बैठक में पूर्वोत्तर में शहरों के विकास में तेजी लाने और शहरी बुनियादी ढांचे के सतत विकास के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहलों और कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने हमारे पूर्वोत्तर को *अष्टलक्ष्मी* कहा है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में, हम अपने शहरों के तेजी से विकास, हमारे लोगों के सतत सामाजिक-आर्थिक विकास और एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित असम और एक विकसित उत्तर-पूर्व के निर्माण की दिशा में अथक रूप से काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कार चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**नलबाड़ी ( हिंस )।** नलबाड़ी सदर थाना पुलिस ने कार चोरी के मामले में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पीड़ित की सैंट्रो कार को तोड़कर उसके पार्ट्स बेच दिए गए हैं। पुलिस द्वारा इस संदर्भ में अभियान चलाकर गाड़ी के कई पार्ट्स बरामद किए गए। बरामद की गई प्रमुख वस्तुओं में एयर पिस्टल, एयर राइफल और खुखरी भी शामिल हैं। जांच जारी है।

## बगैर नंबर प्लेट की लावारिस बाइक बरामद

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी में बगैर नंबर प्लेट की लावारिस बाइक बरामद की गई है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि स्थानीय लोगों ने लावारिस अवस्था में पड़ी हुई बाइक को देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी। बाद में गीता नगर थाने की सीजीपीडी टीम ने नवीन नगर इलाके के पिनाकी पथ से बिना रजिस्ट्रेशन प्लेट वाली इस रॉयल एनफील्ड बाइक को लावारिस हालत में बरामद किया।

# पूसीरे की आरपीएफ ने 3 दलालों और यात्रियों के सामान की चोरी में शामिल 17 लोगों को पकड़ा

## दलालों से 95 हजार रुपए से अधिक मूल्य के रेल टिकट भी बरामद




**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) का रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) दलालों के सक्रियता को नियंत्रित करने के लिए नियमित रूप से अभियान चला रही है। हाल ही में 16 से 30 जून तक जोन में किए गए चेकिंग और अभियान में आरपीएफ ने 03 दलालों को पकड़ा और उनके पास से 95 हजार रुपए से अधिक मूल्य के रेल टिकट बरामद किए। इस दौरान यात्रियों के सामान की चोरी में शामिल 17 लोगों को भी पकड़ा। पूसीरे के सीपीआरओ ने आज बताया है कि इस अवधि के दौरान, पूसीरे के आरपीएफ ने 3 दलालों को पकड़ा। आवश्यकतानुसार, सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस स्टेशनों के कर्मियों के सहयोग से छापेमारी की गई। अभियान और छापेमारी के दौरान 95,219.55 रुपए (लगभग) मूल्य के 34 टिकट बरामद किए। इसके अलावा, यात्रियों के सामान की चोरी में शामिल 17 लोगोंकोभीपकड़ा। पकड़े गए सभी व्यक्तियों पर रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा चलाया गया।

## गायों को केले के पेड़ से बांधकर बांग्लादेश तस्करी की कोशिश

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी में थल और जलमार्ग दोनों से मवेशियों को भारत से बांग्लादेश भेजने का सिलसिला जारी है। नई तकनीकों को अपनाकर बांग्लादेश के लिए मवेशियों की तस्करी की जा रही है। इसी कड़ी में स्थानीय लोगों की पहल पर पांच गायों को जब्त किया गया है। गायों को केले के पेड़ से बांधकर नदी पार कराकर बांग्लादेश ले जाने की कोशिश की जा रही थी। भारत-बांग्लादेश सीमा पर लगे कंटीले तार से करीब 100 मीटर की दूरी पर गोलकगंज में भारत-बांग्लादेश सीमा पर विषथोवा की यह घटना है। सोमवार की देररात कानू बिस्वास नामक एक मछुआरे ने विषोवा नदी के किनारे केले के पेड़ से अमानवीय तरीके से बंधी गायों को देखकर ग्राम रक्षक को सूचित किया। गांव के गार्ड ने पुलिस को सूचित किया।

## गुवाहाटी में हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




**गुवाहाटी ( हिंस )।** मंगलवार को गुवाहाटी में हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। असम पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आज बताया कि जालुकबारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पांडु से ड्रग्स के सौदे के संबंध में गुप्त जानकारी के आधार पर, डीएसपी सत्येंद्र सिंह हजारी के नेतृत्व में एसटीएफ की एक टीम ने दो व्यक्तियों रंजीत चंद्रा (38) और बांकू शर्मा (34) को एक स्कूटी (12 एफएस 1273) के साथ गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान, उनकी स्कूटी की डिक्की के अंदर से कुल छह साबुन के बक्से, जिनका वजन 64 ग्राम था, बरामद की गईं। तदनुसार गवाहों की मौजूदगी में उनके कब्जे से जब्त कर ली गईं। मौके पर पूछताछ करने पर, उन्होंने खुलासा किया कि जालुकबारी थाना के न्यू कॉलोनी, पांडु में उनके किराए के कमरे में हेरोइन के संदिग्ध चार अन्य साबुनदानी को छिपाकर रखा गया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के नेतृत्व में, उनके किराए के कमरे में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान, टीम ने 46 ग्राम वजन के अन्य चार साबुनदानी को बरामद करने में कामयाबी हासिल की। इस प्रकार कुल हेरोइन 10 साबुनदानी के डिब्बों में 110 ग्राम बिना साबुनदानी के हेरोइन बरामद की गई। तस्करों के पास से एक स्कूटी (एमएच-12एफएस-1273), दो मोबाइल हैंडसेट, छह हजार रुपये, एक काले रंग का बैग और कुछ अन्य दस्तावेज भी उनके पास से बरामद किए गए।

## एनटीपीसी, बंगाईगांव की जीईएम पहल अग्नि सुरक्षा और संरक्षा को प्रेरित करती है

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** एनटीपीसी, बंगाईगांव की बालिका सशक्तीकरण मिशन (जीईएम) पहल प्रेरणा और शिक्षा प्रदान करती रहती है, हाल ही में सीआईएसएफ फायर विंग के दौरे में युवा प्रतिभागियों को अग्नि सुरक्षा, सुरक्षा उपायों और हथियारों और गोला-बारूद के जिम्मेदार संचालन के बारे में गहन शिक्षण का अनुभव प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सीआईएसएफ फायर विंग के सहायक कमांडेंट एमएस कंडारी ने किया। उन्होंने जीईएम की लड़कियों को अग्नि सावधानियों, सुरक्षा प्रोटोकॉल और विभिन्न सुरक्षा उपकरणों के उपयोग पर व्यापक प्रदर्शन प्रदान किया। यह इंटरैक्टिव सत्र लड़कियों को महत्वपूर्ण ज्ञान से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया था जो घरेलू और औद्योगिक दोनों स्थितियों में महत्वपूर्ण हो सकता है। इस सत्र में एनटीपीसी, बंगाईगांव के बार्डवी शिकला लेडीज क्लब की अध्यक्ष संगीता सिंह और क्लब के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। उनकी उपस्थिति ने जीईएम लड़कियों के समग्र विकास का समर्थन करने के लिए समुदाय की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। बार्डवी शिकला लेडीज क्लब की वरिष्ठ सदस्य वाणी रेड्डी ने कहा कि आग लगने की घटनाओं या सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को समझना इन लड़कियों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह ज्ञान की नींव बनाने के बारे में है जो उनके जीवन भर काम आएगी।

# मुफ्त दाखिले के एवज में उच्च शिक्षण संस्थानों को सरकार देगी 68.44 करोड़




**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्य के छात्रों को मुफ्त दाखिले लेने के एवज में असम सरकार उच्च शिक्षण संस्थानों को 68.44 करोड़ रुपए देगी। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज सोशल मीडिया के जरिए बताया कि असम सरकार ज्ञान प्राप्ति को महत्व देने की अपनी योजना के तहत छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए बुधवार को प्रज्ञान भारती योजना के तहत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को मुफ्त प्रवेश राशि प्रदान करेगी। पहले चरण में इस पहल के तहत, राज्य के 349 उच्च शिक्षण संस्थानों को कुल 68.44 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसके जरिए 98,838 छात्रों को कालेजों और विश्वविद्यालयों में मुफ्त प्रवेश मिलेगा।

## रंगिया में मूकबधिर से दुष्कर्म का मामला पकड़ा तूल

**रंगिया ( निसं )।** रंगिया में घरेलु काम करने वाली मुकबधिर एक युवती के साथ काफी दिनों से जबरन दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पांच माह की गर्भवती युवती ने नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। उसी के गांव का रायजुद्दीन का यह घृणित कारनामा बताया गया हे। यह वीभत्स घटना रंगिया के कोंया थाना क्षेत्र के एक गांव की है। एक युवती जो उसके घर पर झाड़ू बर्तन साफ करती थी, उसी के साथ लंबे समय तक जबरन दुष्कर्म किया गया। उसी गांव की मूकबधिर युवती रायजुद्दीन नाम के युवक की वासना का शिकार बनती रही। रायजुद्दीन नाम के युवक की वासना का शिकार हुई युवती अब पांच माह की गर्भवती है। उसी गांव की गरीब परिवार की असहाय युवती राइजुद्दीन के काम करती थी। स्थानीय कोंया पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराने के बावजूद पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, इससे जनता में आक्रोश है।

# मानव के व्यावहारिक जीवन में गीता की प्रासंगिकता

## हमें श्रीमद्भागवतगीता को कहानियों और उपन्यासों की तरह पढ़ना चाहिए : बशिष्ठ बुजरबरुवा



**गुवाहाटी ( हिंस )।** लोगों में यह गलत धारणा है कि छोटी उम्र में गीता पढ़ने से दुनिया से विरक्ति होती है। वास्तव में यह सही और सत्य विचार नहीं है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ असम क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक बशिष्ठ बुजरबरुवा के विचार हैं। ये बातें दक्षिण कामरूप कॉलेज के सभागार में योग गुरुकुल असम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोगों के व्यावहारिक जीवन में गीता की प्रासंगिकता पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए बुजरबरुवा ने कही। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवतगीता मानव सभ्यता के लिए भारत का एक उत्कृष्ट योगदान है। यह एक अमृत के समान है जो संपूर्ण मानव जाति को जीवन प्रदान करता है। ऐसे समय में जब दुनिया के ऋषि-मुनि श्रीमद्भागवतगीता के अध्ययन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, हमारे देश में भारतीय समाज अभी तक इस बारे में जागरूक नहीं हुआ है। जो भारत के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में एक भ्रमित धारणा है कि युवाओं को मौखिक गीता पढ़ने की अनुमति नहीं है। वास्तव में, वे कहते हैं कि हमें गीता को उसी तरह पढ़ना चाहिए जैसे हम कहानियों और उपन्यासों को पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को गीता के गूढ़ सार को समझना चाहिए और गीता के ज्ञान से ज्ञानी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि न केवल गीता, बल्कि अन्य धार्मिक ग्रंथों को भी कम उम्र से ही पढ़ा जाना चाहिए और इसके सिद्धांतों को समाज, देश और सभी के लिए सामने लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता का 180 भाषाओं में अनुवाद किया गया है और गीता के चार मुख्य पात्र, कृष्ण, अर्जुन, धृतराष्ट्र और संजय, समाज के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हैं। उन्होंने दुनिया भर के लोगों से गीता का अध्ययन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गीता की प्रासंगिकता हमेशा-हमेशा के लिए लोगों के जीवन का मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि धर्म के बिना जीवन अधूरा है और धर्म का सही अर्थ धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म केवल पूजा और नाम जपना नहीं है। अज्ञानता के कारण प्रकृति का विनाश होता है। गीता में इन सभी सवालों के जवाब हैं। बुजरबरुवा ने कहा कि पश्चिमी संस्कृति कहती है कि दुनिया एक बाजार है, लेकिन हमारी भारतीय संस्कृति कहती है कि दुनिया एक परिवार है। वसुधैव कुटुम्बकम्। इसके अलावा, मानव जीवन के लक्ष्य के बारे में, डॉक्टर और इंजीनियर बनने के बजाय, मानव जीवन का लक्ष्य नर से नारायण बनना होना चाहिए। यह कहकर अपने कर्मों के परिणामों की अपेक्षा न करें कि गीता मानव जीवन के लक्ष्य को खूबसूरती से समझाती है। लेकिन, हमने बिना काम किए ही परिणाम की उम्मीद करना शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि व्याख्यानमाला का आयोजन बीते सोमवार को हुआ था।

## सतिया : बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पशुआहार का वितरण



**विश्वनाथ ( विभास )।** पिछले कई दिनों से राज्य में हो रही भारी बारिश के चलते कई इलाके बाढ़ से प्रभावित हुवे है शोणितपुर जिले के विभिन्न जगह के साथ नदूवार विधानसभा क्षेत्र में भी कई जगह बाढ़ प्रभावित हुई है विधायक पद्म हजारिका ने बाढ़ प्रभावित जगहों का निरीक्षण करने के साथ सतिया के दक्षिण अंचल के कोरोयनी के 1नंबर पंचायत कार्यालय में बने शिविर में उपस्थित होकर कोरोयनी, कोटोराटी, भोजमारी आदि जगहों की जनता के बीच असम पशुधन विभाग के अधीन विधायक ने खुद जाकर जनता केबीच पशु आहार का वितरण किया उक्त पशु आहार वितरण अनुष्ठान में सतिया नगरपालिका अध्यक्ष दीपशिखा खोंडीकोई भाजपा नागशंकर मंडल अध्यक्ष हितेश बरुवा पूर्व पंचायत अध्यक्ष व समाजसेवी उदयशंकर शौकिया सहित पशुधन विभाग के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित थी।

# स्नातकोत्तर की अंतिम परीक्षा में महबूबा खातून ने मारी बाज



**नगरबेड़ा ( विभास )।** महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय, नगांव के तहत वर्ष 2024 में आयोजित स्नातकोत्तर कक्षाओं की अंतिम परीक्षा के हाल ही में घोषित परिणामों में अंग्रेजी साहित्य विषय में मिस महबूबा खातून प्रथम श्रेणी में प्राप्त कर पास किया। इससे पहले, सुश्री महबूबा खातून ने अंग्रेजी साहित्य में एक प्रमुख के साथ प्रथम श्रेणी हासिल करके गौहाटी विश्वविद्यालय के तहत बिमला प्रसाद चलिहा कॉलेज, नगरबेड़ा से स्नातक की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण की और प्रथम श्रेणी प्राप्त करके बोको बीएड कॉलेज से बीएड परीक्षा उत्तीर्ण की। महबूबा खातून एम अब्दुल मजिद और श्रीमती लिलिमा खातून की बेटी हैं, जो डॉ. जाकिर हुसैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रिंसिपल हैं और बरपेटा जिले के आलोपति की निवासी हैं। कई लोगों ने महबूबा खातून को इस तरह की सफलता हासिल करके क्षेत्र में ख्याति दिलाने में सक्षम होने के लिए बधाई और बधाई दी है।

## होजाई में लोमहर्षक हत्या की घटना

**होजाई ( हिंस )।** होजाई में एक जघन्य हत्या की घटना हुई है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह हत्या होजाई के थेपलागुडी में सोमवार की रात हुई। संतोष दाउदुंग लांगथा नामक व्यक्ति की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। संतोष दाउदुंग लांगथा वहां देवेन दौलागप्पू नामक एक युवक के साथ ठेपलागुड़ी में ज्योतिका केम्प्राई नामक महिला के घर घूमने आया था। भरत सेंग्यूंग नामक आरोपित ने संतोष की चाकू मारकर हत्या कर दी। उसने ज्योतिका केम्प्राई पर भी हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला का फिलहाल होजाई एफआरयू में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों को शक है कि संतोष की हत्या उसके प्रेम संबंध के कारणों से की गई है। संतोष की हत्या करने के बाद भरत सेंग्यूंग मौके से फरार हो गया। होजाई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर लिया। आगे की विधिक कार्यवाही जारी है।

# सीजीडीए ने जोरहाट में क्षेत्रीय लेखा कार्यालय का किया उद्घाटन




**जोरहाट।** रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए), श्रीमती देविका रघुवंशी ने आज जोरहाट में नव स्थापित क्षेत्रीय लेखा कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मेजर जनरल दीपक शर्मा, वीएसएम जीओसी 41 सब-एरिया उपस्थित थे। श्री अम्बरीश बर्मन, रक्षा लेखा नियंत्रक, गुवाहाटी ने समारोह की मेजबानी की, जिसमें रक्षा सेवाओं और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में जिला आयुक्त, जोरहाट के पुलिस अधीक्षक और सेना और वायु सेना के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। अपने मुख्य भाषण में, श्रीमती रघुवंशी ने केंद्र सरकार के तहत सबसे पुराने विभागों में से एक, रक्षा लेखा विभाग की ऐतिहासिक विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने तकनीकी प्रगति के अनुकूल होने और सेवाओं की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए प्रणालीगत परिवर्तनों को लागू करने में विभाग की अग्रणी भूमिका पर जोर दिया। श्रीमती। रघुवंशी ने रक्षा बलों को कुशल, सटीक और त्वरित लेखा, भुगतान, लेखा परीक्षा और वित्तीय सलाहकार सेवाएं प्रदान करने के लिए विभाग की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने ग्राहक संतुष्टि के महत्व को रेखांकित किया और इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में निहित चुनौतियों पर काबू पाने के लिए विभाग के समर्पण पर प्रकाश डाला। मुख्यालय स्पीयर कोर दीमापुर और मुख्यालय 41 उप क्षेत्र, जोरहाट के तहत इकाइयों और संरचनाओं द्वारा बिल, वाउचर और अन्य लेखापरीक्षा योग्य दस्तावेजों को गुवाहाटी में मुख्य कार्यालय या शिलांग में क्षेत्र लेखा कार्यालय में भेजने में आने वाली रसद चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए, सीजीडीए ने इन इकाइयों को बेहतर सेवा देने के लिए ऊपरी असम क्षेत्र में एक अतिरिक्त क्षेत्र लेखा कार्यालय स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री अम्बरीश बर्मन, सीडीए गुवाहाटी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस कार्यालय द्वारा लाई गई क्षमताएं संबंधित इकाइयों और संरचनाओं की परिचालन तत्परता और वित्तीय सुदृढ़ता में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। रक्षा लेखा विभाग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए, जीओसी 41 उप-क्षेत्र ने कहा कि एएओ जोरहाट की स्थापना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह कदम न केवल अग्रिम क्षेत्रों में तैनात सैनिकों को पर्याप्त सहायता प्रदान करेगा, बल्कि वित्तीय संसाधनों की गहरी समझ, सहयोग और कुशल प्रबंधन को भी बढ़ावा देगा, जिससे परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सहायक नियंत्रक स्पर्श वर्मा ने लेखा परीक्षा और भुगतान सेवाओं के विकेंद्रीकरण के मामले पर जोर देते हुए इस कार्यालय की स्थापना की यात्रा का पता लगाया। अपनी प्रस्तुति में, उन्होंने इस क्षेत्र को सरकार द्वारा दिए जाने वाले रणनीतिक महत्व और क्षेत्र द्वारा उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने के लिए रक्षा लेखा विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। यह उद्घाटन रक्षा लेखा विभाग के परिचालन दक्षता और जवाबदेही में सुधार के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, यह सुनिश्चित करता है कि रक्षा बलों की जरूरतों को व्यावसायिकता और समर्पण के उच्चतम मानकों के साथ पूरा किया जाए।

# दुनिया के लोग कहते हैं भारत बदल रहा है : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस की राजधानी मास्को में भारतवंशियों के बीच कहा है कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने विकास की रफ्तार पकड़ी है। इसे देखकर दुनिया भी कहने लगी है कि भारत बदल रहा है। तीसरे कार्यकाल में विकास की इस गति को तीन गुना बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने मास्को में भारतीय समुदाय को संबोधित किया है। उन्होंने कहा, ह्लभारत को हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी करने में केवल एक दशक लगा। भारत को 40 हजार किलोमीटर से अधिक रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण करने में केवल एक दशक लगा। इससे दुनिया को हमारे देश की क्षमता का एहसास होता है। इससे दुनिया को विश्वास होता है कि 'भारत बदल रहा है'।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को मास्को में भारतीय समुदाय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद रूस की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा में प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के सामने अपनी सरकार की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता बताई। राष्ट्रपति पुतिन के साथ अपनी दोस्ती का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में वह छह बार रूस आए हैं और 17 बार राष्ट्रपति पुतिन से मिले हैं। उन्होंने कहा, ह्लरूस शब्द सुनते ही...हर भारतीय के मन में पहला शब्द आता है... भारत के सुख-दुख का साथी, भारत का भरोसेमंद दोस्त। रूस में सर्दी के मौसम में तापमान कितना ही माइनस में नीचे क्यों न चला जाए। भारत-रूस की दोस्ती हमेशा प्लस में रही है। गर्मजोशी भरी रही है। ये रिश्ता आपसे विश्वास और सम्मान की मजबूत नींव पर बना है।

उन्हें खुशी है कि वैश्विक समृद्धि को नई ऊर्जा देने के लिए भारत और रूस कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार को चुने हुए एक महीना हो चुका है। इस बार वह तीन गुना क्षमता और गति के साथ काम करेंगे। यह इत्तेफाक है कि उनकी सरकार के कई लक्ष्य तीन से जुड़े हुए हैं। उनकी सरकार का लक्ष्य भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है।

अपने तीसरे कार्यकाल में वह गरीबों के लिए तीन करोड़ मकान बनवाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कार्य करने वाली तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है। भारत चंद्रयान मिशन चंद्रमा के उसे क्षेत्र में सफल रहा है जहां तक कोई अन्य देश नहीं पहुंचा था। भारत आज जो लक्ष्य साध रहा है उन्हें पूरा भी कर रहा है। भारत के युवाओं की मानसिकता को विश्व कप टी20 विजेता टीम के जज्बे से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब हम आखरी बॉल तक हार नहीं मानते।

# पंजाब के स्कूलों को जारी हुए मंथली टेस्ट के नए निर्देश



**लुधियाना (ईएमएस)।** स्टेट का काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग द्वारा सैशन 2024- 25 के दौरान छठी से 12वीं कक्षा के बाय मंथली टैस्ट 1 के आयोजन के संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। इस संबंध में विभाग द्वारा जारी एक पत्र में कहा है कि सैशन 2024- 25 के लिए हर राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बाय मंथली टैस्ट एक दिनांक 10 से 20 जुलाई तक आयोजित किए जाएंगे, जिसके लिए स्कूल प्रमुख अपने स्तर पर डेट शीट तैयार करते हुए छठी से 12वीं कक्षा (सभी स्ट्रीम) के यह टैस्ट करवाएंगे। 9वीं से 12वीं कक्षा का बाय मंथली टैस्ट अप्रैल और मई के सिलेबस में से लिया जाएगा। छठी से 8वीं कक्षा का केवल पंजाबी, अंग्रेजी और गणित विषय का बाय मंथली टैस्ट बाद में मिशन समर्थ की ऑनलाइन टेस्टिंग के साथ मिशन समर्थ के तहत करवाएंगे सिलेबस में से लिया जाएगा। जबकि छठी से आठवीं कक्षा के अन्य विषयों का बाय मंथली टैस्ट 1 अप्रैल और मई के सिलेबस में से लिया जाएगा। इस टैस्ट के लिए प्रश्न पत्र स्कूल प्रमुख संबंधित विषय अध्यापक से तैयार करवाएंगे, यह टैस्ट कुल 20 अंक का होगा और अध्यापक द्वारा टैस्ट अपने पीरियड में ही लिया जाएगा। विभाग द्वारा स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि यह ध्यान रखा जाए की 8वीं छठी से आठवीं कक्षा का कोई भी बाय मंथली टैस्ट मिशन समर्थ के लिए दिए पीरियड पीरियड में न लिया जाए। बाय मंथली टैस्ट की उत्तर पुस्तिका को चैक करने और के उपरांत इसका पूरा रिकॉर्ड विषय वाइज, कक्षा वाइज और विद्यार्थी वाइज स्कूल स्तर पर रखा जाएगा। स्कूल प्रमुख द्वारा इस टैस्ट का परिणाम टैस्ट मुकम्मल होने के 10 दिन के अंदर अंदर तैयार करवाया जाएगा।

# हर व्यक्ति पौधा लगाए और पेड़ बनने तक करें देखभाल : मंत्री निर्मला भूरिया




**भोपाल, (हि.स.)।** महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मंगलवार को भोपाल के जवाहर बाल भवन में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान में अशोक का पौधा लगाया। इस अवसर पर आयुक्त महिला बाल विकास सूफिया फारूकी वली ने भी अमरूद का पौधा लगाया। मंत्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में पौध-रोपण किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उस पौधे की देखभाल तब तक करें जब तक वह पेड़ नहीं बन जाता। मंत्री भूरिया ने कहा कि इस क्रम में प्रदेश के सभी ऑगनवाड़ियों केन्द्रों में भी पौध-रोपण किया जायेगा। उन्होंने बाल भवन में बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रों, संगीत कक्ष, लाइब्रेरी आदि का भ्रमण कर जानकारी ली। इस अवसर पर जवाहर बाल भवन की संचालक शुभा वर्मा सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें।

# बेटे की हल्दी सेरेमरी में शाही हैदराबादी सूट में नजर आई नीता अंबानी



**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** एशिया के रईस लोगों ने गिने जाने वाले मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी की चचाएं चारों तरफ हो रही हैं। 12 जुलाई को अनंत अंबानी राधिका मर्चेंट शादी के बंधन में बंध जाएंगे। पिछले दिनों हल्दी सेरेमनी हुई जिसमें नीता अंबानी बेहद ही खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। उन्होंने हल्दी फंक्शन में हैदराबादी सूट पहना था, जिस पर खड़ा दुपट्टा ले रखा था। इस पारंपरिक हैदराबादी ड्रेस में नीता अंबानी ग्रेसफुल नजर आ रही थीं। इस सूट को मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया था। ये एन्टीक गोल्ड परिधान क्लासिक हैदराबादी कुर्ता से प्रेरित था, जिसे प्रतिष्ठित खड़ा दुपट्टे के साथ पेयर किया गया था। इस आकर्षक पहनावे को बेहद ही महीन कढ़ाई, एन्टीक जरी वर्क, सदाबहार जरदोजी एम्ब्रॉयडरी से सजाया गया था, देखने में ये सूट बिल्कुल एक शाही पहनावे की तरह दिख रहा था। सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट मिकी कॉन्ट्रैक्टर ने नीता अंबानी का फ्लॉलेस मेकअप किया था। उनके मुलायम लहराते बालों को सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट रितिका कदम ने खूबसूरती से सजाया था। नीता ने चांदबाली झुमके और टीका पहना था, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा था। नीता अंबानी के लिए मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया हर क्लासिक पहनावा उनके ग्रेसफुल और एलिगेंट पर्सनैलिटी को और भी ज्यादा खूबसूरत और बेहतर बनाता है।

# पुणे में जीका वायरस से संक्रमित दो और मरीज मिले




**मुंबई, (हि. स.)।** पुणे जिले के खराड़ी और कर्वे नगर इलाके में जीका वायरस से संक्रमित दो और मरीज मिलने से सनसनी फैल गई है। इससे पुणे में जीका संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुणे नगर निगम टीम इन इलाकों में रोग प्रतिबंधात्मक निवारक काम कर रही है। पुणे नगर निगम की टीम ने कर्वेनगर की 42 वर्षीय महिला और खराड़ी इलाके के 22 वर्षीय युवक के रक्त के नमूने रविवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी), पुणे भेजे थे। आज एनआईवी की एक रिपोर्ट में उनके नमूनों में जीका वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। जीका वायरस से पीड़ित पाई गई महिला एक निजी अस्पताल के बीमा विभाग में काम करती है। उन्हें एक सप्ताह से अधिक समय तक वायरल बुखार की शिकायत थी और फिर शरीर पर चकत्ते दिखने लगे थे। उनके रक्त के नमूने परीक्षण के लिए एनआईवी को भेजे थे, जिनमें जीका वायरस पाए गए हैं। पुणे नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कल्पना बालिवंत ने कहा कि 42 वर्षीय महिला की हालत स्थिर है । दूसरा मरीज खराड़ी का 22 वर्षीय पुरुष है, जो पीएमसी संचालित कोड्रे अस्पताल, मुंडवा में इलाज के लिए आया था। उन्हें कुछ दिनों से बुखार और शरीर पर चकत्ते की शिकायत थी।

उनके नमूने एनआईवी को भेजे गए, जहां वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। पीएमसी के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश दिघे ने कहा, "यह व्यक्ति यरवदा-अहमदनगर रोड वार्ड कार्यालय के अंतर्गत खराडी में रहता है। संबंधित वार्ड अधिकारियों को उनके आवास और उसके आसपास निवारक उपाय करने के लिए सतर्क कर दिया गया है। जीका वायरस संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, जो डेंगू और चिकनगुनिया जैसे संक्रमण फैलाने के लिए जाना जाता है। जीका से संक्रमित मरीजों में शरीर में दर्द और जोड़ों में दर्द और शरीर पर चकत्ते जैसे लक्षण दिखते हैं। पुणे में इस समय जीका संक्रमित 11 मरीजों का इलाज जारी है।

# विधानसभा उपचुनाव - चार सीटों पर भाजपा का पलड़ा है भारी, इस वजह से बढ़ी है तृणमूल की टेंशन



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के चार विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार को होने वाले उपचुनावों में 34 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। ये चार विधानसभा क्षेत्र उत्तर 24 परगना जिले का बगदा, नदिया का रानाघाट-दक्षिण, उत्तर दिनाजपुर का रायगंज और कोलकाता का मानिकतला हैं। मानिकतला में उपचुनाव तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक साधन पांडे के निधन के कारण हो रहे हैं। जबकि रायगंज, बगदा और रानाघाट-दक्षिण में उपचुनाव पूर्व भाजपा विधायकों कृष्णा कल्याणी, बिस्वजीत दास और मुकुट मणि अधिकारी के इस्तीफे के कारण हो रहे हैं। उन्होंने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में लड़ा था और भाजपा उम्मीदवारों से हार गए थे। कल्याणी और अधिकारी को तृणमूल कांग्रेस ने क्रमशः रायगंज और रानाघाट-दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों से उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया है, जबकि दास को यह अवसर नहीं मिला। मानिकतला में, सत्तारूढ़ पार्टी ने साधन पांडे की विधवा सुप्ति पांडे को मैदान में उतारा है। रायगंज, रानाघाट-दक्षिण और मानिकतला में तृणमूल कांग्रेस, भाजपा और कांग्रेस-वाम मोर्चा गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। हालांकि, बगदा में चार-पक्षीय संघर्ष होगा, जहां तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के अलावा कांग्रेस और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने भी उम्मीदवार उतारे हैं। पिछले चुनावी आंकड़ों के अनुसार, 2021 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों और हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों के विधानसभा-वार परिणामों के अनुसार, भाजपा रायगंज, रानाघाट-दक्षिण और बगदा में आरामदायक स्थिति में है। मानिकतला में तृणमूल कांग्रेस मामूली बढ़त में है। बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत उपचुनाव होंगे। चुनाव आयोग (ईसीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 55 कंपनियों को तैनात करने का निर्णय लिया है। सबसे अधिक तैनाती बगदा में 16 कंपनियों के साथ होगी, उसके बाद रानाघाट-दक्षिण में 15 कंपनियों के साथ। रायगंज और मानिकतला में प्रत्येक के लिए 12 कंपनियों की तैनाती की जाएगी। उपचुनावों के लिए 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग होगी।

# तमिलनाडु में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त : भाजपा




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने द्रविड मुनेत्र कड़गम (डीएमके) पर निशाना साधते हुए आज कहा कि तमिलनाडु में कानून व्यवस्था अत्यंत लचर है। भाजपा ने एम के स्टालिन सरकार पर आरोप लगाया कि पिछले एक साल में दलित समुदाय पर अत्याचार बढ़ रहे हैं और राज्य में लोग सुरक्षित नहीं है। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन और तमिलनाडु भाजपा के उपाध्यक्ष वीपी दुरईसामी ने कहा कि डीएमके के सत्ता में आने के बाद तमिलनाडु में दलितों के खिलाफ अत्याचार के मामले बढ़े हैं। कुछ दिनों पहले एक राष्ट्रीय पार्टी के राज्य प्रमुख की हत्या कर दी गई। राज्य में अपराधियों के हौसले इस कदर बुदंल हो गए हैं कि वे दिनदहाड़े ही हत्या कर देते हैं। राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में डीएमके सरकार पूरी तरह से विफल है। एल मुरुगन ने कहा कि राज्य में पिछले एक साल में दलित वर्ग पर अत्याचार के करीब 2000 से अधिक मामले सामने आए हैं। इसके साथ कल्लाकुरिची में अवैध शराब पीने से 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई । डीएमके सरकार अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने में भी पूरी तरह से असफल रही है। एल मुरुगन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता को हाथरस जाने का रास्ता पता है लेकिन तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि और चेन्नई का रास्ता नहीं पता है। उन्हें बस राजनीति करनी है। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु में दलितों पर लगातार हो रहे अत्याचारों को लेकर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीपी दुरईसामी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मिलेगा।


# बन टोल प्लाजा के पास मिले दो मोर्टार शेल, बम निरोधक दस्ते ने किए निष्क्रिय

**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन टोल प्लाजा के पास मंगलवार को सुरक्षाबलों ने दो मोर्टार शेल एक खाई में पड़े हुए देखे। उसके तुरंत बाद बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंच कर मोर्टार को पूरी सावधानी से निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मंलवार सुबह संयुक्त गश्त के दौरान पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने एक खाई में मोर्टार शेल पड़े हुए देखे। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते के विशेषज्ञ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और दोपहर के आसपास दोनों विस्फोटकों को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया गया।

# पुंछ की नियंत्रण रेखा से दो बार पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ को सेना ने किया नाकाम

**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के जिला पुंछ की नियंत्रण रेखा से दो बार पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ को सतर्क भारतीय सेना के जवानों ने गोलीबारी कर नाकाम कर दिया। जवानों ने दोनों बार ड्रोन को पाकिस्तान की ओर लौटने पर मजबूर कर दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर सतर्क भारतीय जवानों ने बीती रात करीब 9.15 बजे 1,000 मीटर से अधिक ऊंचाई पर एक पाकिस्तानी ड्रोन की हरकत देखी। उसे गिराने के लिए पांच राउंड गोलीबारी की। इस गोलीबारी के बाद पाकिस्तानी ड्रोन वापस चला गया। इस घटना के आधे घंटे के अंतराल में एक पाकिस्तानी ड्रोन को फिर से भारतीय क्षेत्र में घुसते देखा गया। इस पर भारतीय जवानों ने उसे मार गिराने के लिए गोलीबारी की। उसके बाद वह दूसरी तरफ लौट गया। मंगलवार सुबह की पहली किरण के साथ ही नियंत्रण रेखा के अग्रिम गांवों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्रोन से कोई हथियार या नशीले पदार्थ न गिराए गए हों। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहले ही भारतीय क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से गिराए गए हथियारों और नशीले पदार्थों की बरामदगी में सहायक सूचना देने वाले को 3 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा कर रखी है।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कठुआ आतंकी हमले में पांच सैनिकों के बलिदान पर दुख जताया




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में पांच भारतीय सैनिकों के बलिदान पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने एक्स हैंडल में लिखा है, "बदनोटा, कठुआ (जम्मू-कश्मीर) में आतंकवादी हमले में अपने पांच बहादुर भारतीय सैनिकों के बलिदान से मुझे गहरा दुख हुआ है।" सिंह ने कहा है, "शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इस कठिन समय में राष्ट्र उनके साथ मजबूती से खड़ा है। आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं और हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।" उल्लेखनीय है कि यह घटना लोहाई मल्हार के बदनोटा गांव के पास माछेड़ी-किंडली-मल्हार मार्ग पर कल दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। इस हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद के मुखौटा संगठन कश्मीर टाइगर्स ने ली है। भारतीय सेना ने इस इलाके में आतंकियों के खिलाफ शुरू अभियान तेज कर दिया है।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अभाविप के स्थापना दिवस की बधाई दी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के स्थापना दिवस पर कार्यकताओं को बधाई दी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीयमंत्री शाह ने एक्स हैंडल पर बधाई संदेश में स्वामी विवेकानंद के चित्र के साथ वीडियो भी अपलोड किया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा है," राष्ट्रभक्ति के संस्कारों से विद्यार्थियों को सींचने वाले विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस की परिषद के सभी कार्यकताओं को शुभकामनाए। आपातकाल के विरुद्ध व्यापक आंदोलन हो या पूर्वोत्तर में घुसपैठ की समस्या को राष्ट्रीय चिंता का विषय बनाना हो, अभाविप ने अपने कार्यों के माध्यम से देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है।" केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा है, " स्वामी विवेकानंद जी के विचारों व ज्ञान, शील और एकता के मंत्र के साथ युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के कार्य में अभाविप और भी अधिक सफलता प्राप्त करे, ऐसी कामना करता हूं।"

# पंजाब भाजपा के चार नेताओं को जान से मारने की धमकी



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चार नेताओं को पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई है। यह पत्र चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा मुख्यालय को प्राप्त हुआ है। पत्र के साथ एक ज्वलनशील पदार्थ का पैकेट भी मिला है। धमकी मिलने के बाद रातभर चंडीगढ़ पुलिस ने भाजपा मुख्यालय और आसपास सर्च आपरेशन चलाया। इन नेताओं को भाजपा छोड़ने अथवा दुनिया छोड़ने की धमकी देते हुए पत्र में खालिस्तान व पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लिखा गया है। जान से मारने की धमकी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा सिख समन्वय समिति व राष्ट्रीय रेलवे कमेटी के सदस्य तेजिंदर सिंह सरां, भाजपा महासचिव परमिंदर बराड़ और भाजपा के प्रदेश संगठन महासचिव श्रीनिवासुलु दी गई है।

इन नेताओं ने चंडीगढ़ पुलिस को शिकायत दी है। भाजपा नेताओं ने आज पंजाब पुलिस महानिदेशक से मुलाकात का समय मांगा है। इस पत्र में कहा गया है कि आप लोग भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ मिलकर सिखों और पंजाब के लोगों को धोखा दे रहे हैं। सिख मामलों में दखल दे रहे हैं। चारों नेताओं को सिख धर्म का गद्दार बताया गया है। पत्र में कई अन्य आपत्तिजनक बाते लिखी गई हैं।

# शपथ के बावजूद, बंगाल विधानसभा में दो नए विधायकों की भागीदारी पर संशय




**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा पिछले सप्ताह तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिला देने के बावजूद उनके सदन की कार्यवाही में भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। बराहनगर से जीत दर्ज करने वाली सायंतिका बनर्जी और भगवानगोला से विजयी उम्मीदवार रेयात हुसैन सरकार ने विधायक पद की शपथ तो ले ली है लेकिन राज्यपाल ने इसे संविधान के खिलाफ बताया है। कारण, उन्होंने विधानसभा के उपाध्यक्ष आशीष बनर्जी को शपथ ग्रहण के लिए मनोनीत किया था जबकि उनकी जगह पर अध्यक्ष विमान बनर्जी ने उन्हें शपथ दिला दी है। इसके खिलाफ राज्यपाल ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कहा है कि यह संविधान के विपरीत किया गया काम है। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि राज्यपाल की मंजूरी के बिना विधानसभा में उनकी भागीदारी या बैठने को लेकर संविधान में एक प्रावधान है, जो एक आर्थिक दंड से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 193 के अनुसार, राज्यपाल को प्रतिदिन 500 रुपये के आर्थिक दंड लगाने का अधिकार है। हाई कोर्ट के वकील सुनील राय ने कहा कि अनुच्छेद 193 के अनुसार, "यदि कोई व्यक्ति अनुच्छेद 188 की आवश्यकताओं का पालन करने से पहले या यह जानते हुए कि वह अयोग्य है या संसद या राज्य विधानसभा के किसी कानून द्वारा ऐसा करने से निषिद्ध है, विधान सभा या विधान परिषद का सदस्य के रूप में बैठता या मतदान करता है, तो उस प्रत्येक दिन के लिए उस पर पांच सौ रुपये का दंड लगाया जाएगा, जिसे राज्य के प्रति देय ऋण के रूप में वसूला जाएगा।" कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी ने 'नियमावली' के अध्याय दो की धारा पांच के प्रावधानों के तहत सदन के एक दिवसीय विशेष सत्र में नए विधायकों को शपथ दिलाई थी। हालांकि, यह संदेहास्पद है कि वह आने वाले दिनों में दोनों विधायकों को सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति किस हद तक दे पाएंगे। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि भले ही कार्यवाही में भागीदारी के प्रत्येक दिन के लिए 500 रुपये का जुमार्ना मामूली राशि हो, लेकिन यह मामला विधायकों और उनकी पार्टी के लिए शर्मिंदगी का कारण बन रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों विधायक और उनकी पार्टी इस आर्थिक दंड और कानूनी अड़चन का सामना कैसे करते हैं। अब यह गतिरोध कब तक जारी रहेगा, यह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय पर निर्भर करेगा, जहां राज्यपाल और अध्यक्ष दोनों ने इस मामले में अपने-अपने पत्र भेजे हैं।

# बैसाखियों के सहारे चल रही केंद्र सरकार जल्द ही गिर जाएगी : संजय सिंह



**जौनपुर, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी (आआप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह सोमवार की रात्रि एक निजी कार्यक्रम में रिश्तेदार के यहां शामिल होने नगर के हुसैनाबाद पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बैसाखियों के सहारे केंद्र सरकार चल रही है, वह जल्द ही गिर जाएगी। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग इतने घमण्ड में चूर थे कि एक गाना बनाया था जो राम को लाएं हैं, हम उनको लायेंगे। इसके कारण प्रभु श्रीराम रुष्ट हो गए इसीलिए अयोध्या से लेकर जहां-जहां राम जी गए थे, वहां-वहां पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा की एक बार 13 दिन की सरकार थी। उसके बाद 13 महीने चली थी। इस बार छह महीने में चली जायेगी। अगर भाजपा के लोगों का यह घमंड नहीं टूटा तो आने वाले समय में 240 की जगह 24 सीट पर पहुंच जाएगी।

संजय सिंह ने कहा कि विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है , जब हम लोग बेरोजगारी, महंगाई, सेना के जवानों समेत कई मुद्दों पर बात करना चाहते हैं तो माइक ही बंद कर दिया जाता है। हाथरस घटना पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि देश में जिस तरह से अंधविश्वास का विस्तार हो रहा है, कोई अपने आपको बाबा घोषित कर दे रहा है। कोई अपने आप भगवान तो कोई चमत्कारी घोषित कर रहा है। इस पर लगाम लगना चाहिए। बाबाओं के बाजार पर लगाम लगना चाहिए, इसे प्रतिबंधित करके कठोर कानून बनाने की आवश्यकता है ताकि इस प्रकार की घटना दोबारा न हो सके।

# हाथरस भगदड़ कांड की एसआईटी रिपोर्ट पर योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई, एसडीएम समेत 6 अधिकारी निलंबित



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सत्संग के बाद हुई दुर्घटना को लेकर एसआईटी ने मंगलवार को जांच रिपोर्ट सौंप दी। योगी सरकार ने इस रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। हाथरस जिले के सिकन्दराराऊ में विगत दो जुलाई को साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना की जांच के लिए राज्य सरकार ने दो सदस्यीय एसआईटी गठित की थी। एसआईटी ने 02, 03 और 05 जुलाई को घटना स्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता एवं प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी शामिल है। इसके अलावा घटना के संबंध में प्रकाशित समाचार की प्रतियां, स्थलीय विडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का संज्ञान लिया गया। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना है। जांच समिति ने अब तक हुई जांच व कार्यवाही के आधार पर हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इनकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है। जांच समिति ने कार्यक्रम आयोजक तथा तहसील स्तरीय पुलिस व प्रशासन को भी दोषी पाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज ने अपने दायित्व के निर्वहन करने में लापरवाही बरतीं। एसडीएम सिकन्दराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किये आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया। उक्त अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया गया। एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की। इसके आधार पर राज्य सरकार ने एसडीएम सिकन्दराराऊ, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिकन्दराराऊ, थानाध्यक्ष सिकन्दराराऊ, तहसीलदार सिकन्दराराऊ, चौकी इन्चार्ज कचौरा एवं चौकी इन्चार्ज पोरा को निलंबित कर दिया है। एसआईटी के मुताबिक आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति ली। अनुमति के लिए लागू शर्तों का अनुपालन नहीं किया गया। आयोजकों द्वारा अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित कर पर्याप्त एवं सुचारू व्यवस्था नहीं की गई। न ही कार्यक्रम के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति की शर्तों का पालन किया गया। आयोजक मंडल से जुड़े लोग अव्यवस्था फैलाने के दोषी पाए गए हैं। आयोजक मंडल द्वारा पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया गया। स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास किया गया। सत्संगकर्ता और भीड़ को बिना सुरक्षा प्रबंध के आपस में मिलने की छूट दी गई। भारी भीड़ के दृष्टिगत यहां किसी प्रकार की बैरीकेडिंग अथवा पैसेज की व्यवस्था नहीं बनाई गई थी और दुर्घटना घटित होने पर आयोजक मंडल के सदस्य घटना स्थल से भाग गए।

# रायबरेली की जनता राहुल से पूछा 'आप किस धर्म के हो स्पष्ट करो'

**राहुल गांधी के रायबरेली आगमन पर लगे 'राहुल गांधी जबाब दो' पोस्टर**




**रायबरेली, (हि.स.)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता व रायबरेली से सांसद राहुल गांधी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे। उनके आगमन पर शहर में विभिन्न जगहों पर 'राहुल गांधी जवाब दो' के पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर में राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं पर दिए गए बयान का उल्लेख किया गया है और उनके धर्म पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। रायबरेली में मंगलवार को शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन चौराहा सहित अन्य चौराहा के पास जिस रास्ते से राहुल गांधी अपने सांसद आवास भुएमऊ गेस्ट हाउस पहुंचें। उन रास्तों पर ही यह पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर में लिखा है 'राहुल गांधी जवाब दो' आपको अपना अमूल्य मत देने वाला रायबरेली का हिंदू मतदाता क्या हिंसक है? आप किस धर्म के हो स्पष्ट करो। आप हिंदू धर्म को मानते हो या नहीं, रायबरेली का हिंदू मतदाता आपको भविष्य में वोट क्या गाली खाने के लिए देगा। इन विवादित शब्दों के साथ संसद भवन में राहुल गांधी की बोलते हुए तस्वीर भी लगाई गई है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि यह ओछी मानसिकता वाले लोगों की करतूत है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ भी ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में उतरा

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षकों के विरोध में शैक्षिक संगठन भी सामने आ गये हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भी शिक्षकों के समर्थन में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों की जरुरी मांगों को पूरा किए बिना विभाग ऑनलाइन उपस्थिति व डिजीटीलाइजेशन के नाम पर शिक्षकों को प्रताड़ित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में हमारे संगठन के पदाधिकारी विरोध कर रहे हैं। अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित 22 सूत्रीय मांग पत्र जिसमें 30 ईएल, हाफ डे सीएल, स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन आदि सम्मिलित हैं, सरकार को दिया है। जिस पर




आज तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शैक्षिक महासंघ की सभी जिला कमेटियों की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जा रहा है।

# वाराणसी में डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

वाराणसी, (हि.स.)। बरसात शुरू होते ही जिले में मच्छर जनित बीमारियों खासकर डेंगू, मलेरिया के प्रसार की संभावना को देख स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। विभाग ने एड्वाइजरी भी जारी कर दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि इन बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के लिए मच्छरों के प्रजनन के संभावित स्रोतों को खत्म करना बहुत जरूरी है। इसके लिए एंटी लार्वा छिड़काव, फोगिंग और ऑयल बॉल का उपयोग किया जा रहा है। पहली जुलाई से ही जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि डेंगू मरीजों के लिए एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय कबीर चौरा, डीडीयू चिकित्सालय पाण्डेयपुर, एलबीएस चिकित्सालय रामनगर और एसवीएम चिकित्सालय भेलूपुर में 20-20 मच्छरदानी युक्त बेड रिजर्व किए गए हैं। इसके अलावा शहरी व ग्रामीण स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 10-10 बेड और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पांच-पांच बेड आरक्षित किए गए हैं। इन चिकित्सालयों और स्वास्थ्य केन्द्रों के वार्ड में डेंगू मरीज का भर्ती, डिस्चार्ज और प्लेटलेट प्रोटोकॉल आवश्यक रूप से प्रदर्शित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डेंगू के संभावित प्रसार के दृष्टिगत तथा कुछ निजी चिकित्सक प्लेटलेट की अनावश्यक मांग कर रहे है। इससे मरीज के परिजनों में अनावश्यक भय का वातावरण है। इस सम्बन्ध में सभी सभी निजी चिकित्सालयों के प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि आपके द्वारा जब भी ब्लड बैंक में प्लेटलेट के लिए मांग भेजी जायेगी, तो उसके साथ मरीज की वर्तमान क्लीनिकल दशा तथा वर्तमान प्लेटलेट संख्या से सम्बन्धित प्रपत्र संलग्न करते हुए भेजना होगा।

# पलामू में भाजपा की महिला नेता लवली गुप्ता के घर से 31 लाख की चोरी, डॉग स्क्वॉड के साथ पहुंची पुलिस



**पलामू, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ महिला नेता लवली गुप्ता के सुदना स्थित घर में भीषण चोरी हुई है। चोरों ने 31 लाख रुपये की संपत्ति गायब कर दी है। सूचना मिलने के बाद मंगलवार को पुलिस डॉग स्क्वॉड के सहारे छानबीन में जुट गई है। मेदिनीनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणि भूषण प्रसाद समेत अन्य पुलिस अधिकारी जांच के लिए मौके पर पहुंचे थे। घटना के वक्त घर पर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। किराए पर रहने वाले बैंक मैनेजर भी घर से बाहर थे। इसका फायदा चोरों ने उठाया और सारी संपत्ति गायब कर दी। ज्यादातर संपत्ति ज्वेलरी की थी। नकदी एक लाख रुपये गायब हुआ है। इस संबंध में मेदिनीनगर शहर थाना में मामला दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। चोर घर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर उखाड़ कर ले गए हैं। लवली गुप्ता भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता हैं और पांकी की जिला पार्षद रह चुकी हैं। घटना रविवार रात की है। सोमवार देर शाम इसकी जानकारी भाजपा नेता को हुई। घटना के वक्त उनका पूरा परिवार रांची गया हुआ था। रांची में भाजपा नेता की बड़ी गोतनी की बेटी का इंगेजमेंट था। हालांकि, इंगेजमेंट से पहले ही लवली गुप्ता रांची में थी। सोमवार को वह चतरा निकली थी। भाजपा नेता के अनुसार चोर चहारदीवारी लांघकर अंदर घुसे होंगे और फिर मुख्य गेट में लगे ताले को तोड़कर अंदर कमरे में घुस गए होंगे और फिर आराम से एक-एक करके तीन कमरे का ताला तोड़ा होगा। भाजपा नेता के मुताबिक, उनके कमरे से सारी ज्वेलरी और कुछ नकदी गायब हुई है।

इसकी कीमत 30 लाख रुपये होगी। कुछ नकदी उनके पति अनूप गुप्ता के कमरे से गायब हुई है। उन्होंने कहा कि चोरों ने घर के अंदर जितने भी लॉकर थे सबको तोड़ दिया था। इसके अलावा दो गोदरेज को भी तोड़कर उसे चेक किया गया। संभावना है कि चोरों ने तीन से चार घंटे तक घर में रहकर उत्पात मचाया और सारी संपत्ति लेकर फरार हो गया। उनका कहना है कि दो मंगलसूत्र, आठ अंगूठी, एक सोने का हार, एक चेन, नाक की कील, पायल, कान का झुमका, अंगूठी जेंट्स, जितिया लॉकिट आदि कीमती थे। भाजपा नेता ने आशंका जताई है कि कोई उनके बीच का व्यक्ति इसमें जरूर शामिल होगा। चोरों ने जिस तरह से घटना को अंजाम दिया, उनकी गतिविधि के साथ-साथ उनकी संपत्ति के बारे में भी जानकारी रखी, इससे आशंका को बल मिलता है। यह तभी हो सकता है जब कोई व्यक्ति उनके बीच का चोरों से मिला हो। उन्होंने कहा कि सोमवार शाम जब उनके यहां रेंट पर रहने वाले बैंक मैनेजर ड्यूटी करके लौटे तो कमरे का ताला टूटा हुआ देखकर चोरी के संबंध में जानकारी दी थी। सूचना मिलते ही रात में ही घर पहुंच गए थे।

# मुख्यमंत्री पहले शेर थे और अब बब्बर शेर हो गए हैं : बन्ना गुप्ता



**रांची, (हि. स.)।** मंत्री बन्ना गुप्ता ने मंगलवार को नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में एक बार फिर से स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री का पदभार ग्रहण किया।साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं की जानकारी भी ली। इस दौरान विभागीय सचिव अजय कुमार सिंह सहित अन्य ने मंत्री बन्ना गुप्ता का स्वागत किया। मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को अधिक से अधिक और बेहतर सुविधा मिले यह प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत को ईडी के सुप्रीम कोर्ट में चुनौती के सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पहले शेर थे और अब बब्बर शेर हो गए हैं। जितना जुल्म बढ़ेगा उतना ही हम लोग मजबूत होंगे। उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कैबिनेट का विस्तार किया गया था। इस दौरान बन्ना गुप्ता को एक बार फिर से स्वास्थ्य मंत्री के रूप में पदस्थापित किया गया है। बन्ना गुप्ता को स्वास्थ्य विभाग के साथ ही खाद्य सार्वजनिक एवं उपभोक्ता वितरण विभाग का भी पदभार दिया गया है।

# नक्सलियों के 10 जुलाई के बंद के मद्देनजर पुलिस अलर्ट : डीजीपी



**रांची, (हि. स.)।** झारखंड के कोल्हान में नक्सलियों के 10 जुलाई को बुलाये गए बंद के मद्देनजर झारखंड पुलिस अलर्ट पर है। बंद को लेकर झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि लगातार अपने प्रभाव क्षेत्र में हार की वजह से नक्सली बौखलाए हुए हैं। यही वजह है कि अब बंद का ऐलान कर रहे हैं। बंद को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर है। पुलिस कोल्हान में लगातार अपने आप को और मजबूत कर रही है। भाकपा माओवादियों के दक्षिणी जोनल कमेटी के प्रवक्ता अशोक ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बंद का ऐलान किया है। प्रेस रिलीज में यह कहा गया है कि झारखंड पुलिस और अर्धसैनिक बलों के द्वारा ऑपरेशन क्लीन चलाकर हमारे छह साथियों को बर्बर तरीके से मार डाला गया। पुलिस के इस नरसंहार के खिलाफ 10 जुलाई को कोल्हान बंद का ऐलान किया जाता है। बंद के दौरान प्रेस, चिकित्सा, एंबुलेंस, बच्चों और मरीजों के अलावा इमरजेंसी सेवाओं को नक्सलियों ने मुक्त रखा है। दूसरी ओर, पश्चिम सिहभूम (चाईबासा) जिले के चक्रधरपुर सोनुआ मुख्य मार्ग के रंगामाटी क्षेत्र में नक्सलियों ने माओवादी पोस्टर और बैनर लगाकर 10 जुलाई की बंद को सफल बनाने का आह्वान किया है।पोस्टर में लिखा है कि नक्सलियों ने कोल्हान सारंडा लिपुंगा के शहीद वीरांगनाओं को शत-शत लाल सलाम। मार का बदला मार है। खून का बदला खून। निवेदक में दक्षिण जोनल कमेटी भाकपा माओवादी लिखा है। इसी तरह पोस्टर में नक्सलियों ने नक्सल विरोधी अभियान का विरोध किया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कोल्हान में लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान लगातार पुलिस को सफलता भी मिल रही है। बंद के दौरान जवानों को अलर्ट किया गया है। नक्सली अपने बंद को सफल बनाने के लिए पुलिस पर हमला भी कर सकते हैं। ऐसे में हर अभियान को पूरी सतर्कता और सावधानी के साथ चलाने को कहा गया है। कोल्हान से गुजरने वाले सभी सड़क मार्ग और ट्रेन मार्ग तथा सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

# नशीली पदार्थ का दुर्पयोग हेतु जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक




**कटिहार, (हि.स.)।** जिला में नशीली मादक पदार्थ का दुर्पयोग व अवैध व्यापार एवं परिवहन के रोक थाम हेतु जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा जिला के विभिन्न स्थलों पर की जा रही छापेमारी में जब्त अवैध नशीली पदार्थ/शराब के विनिष्टीकरण, नशीली/अवैध मादक पदार्थ के उपयोग, व्यापार एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के संबंध में जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। साथ ही जिला में अवैध मादक पदार्थ के रोकथाम के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया और गत बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन प्रतिवेदन के संबंध में भी समीक्षा की गई। उक्त क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को वैसे क्षेत्र/सड़क मार्ग/रेल मार्ग एवं अन्य जिलों से अवैध नशीली मादक पदार्थ का व्यापार तथा परिवहन करने की संभावना अधिक है वैसे क्षेत्रों में संघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिए गए। वहीं एसपी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र के विद्यालय, राजेंद्र स्टेडियम, डी.एस. कॉलेज, अस्पताल के चाहर दिवारी के आसपास, रेलवे ग्राउंड, इत्यादि संवेदनशील स्थानों जहां लोगों का आगमन अंधेरे में कम होता है वैसे स्थान पर नशेड़ियों के द्वारा नशीले, मादक पदार्थ जैसे सॉल्यूशन, सिगरेट, गाजा, शराब इत्यादि का सेवन करने की संभावना अधिक होती हैं वैसे चिन्हित स्थलों पर नियमित रूप से औचक निरीक्षण करने, सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, सभी सरकारी कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को कटिहार जिला में शराबबंदी कानुन का शत-प्रतिशत कठोरता से अनुपालन कराने, अवैध शराब के भंडारण, व्यापार एवं परिवहन के रोकथाम हेतु उत्पाद विभाग के टीम द्वारा नियमित रूप से छापेमारी एवं संघन जांच अभियान चलाने, शराब के व्यापार एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध बिहार उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आईसीडीएस एवं जिविका को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनमानस के बीच नशीली मादक पदार्थ से उत्पन्न बिमारी एवं दुष्प्रभाव के संबंध में जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

# फारबिसगंज में एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव हुआ संपन्न, शपथ ग्रहण 15 जुलाई को होगा

**फारबिसगंज/अररिया, (हि.स.)।** फारबिसगंज एडवोकेट एसोसिएशन के सत्र 2024 से 26 तक द्विवार्षिक चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद आवेदित पद के लिए अभ्यर्थियों के नाम के प्रकाशन को सर्वसम्मति से उक्त चुनाव को निर्विरोध चुन संपन्न हुआ। इसकी घोषणा निवाचीं पदाधिकारी अधिवक्ता दिलीप वर्मा व कमेटी के सदस्य अधिवक्ताओ में अनिल सिन्हा, सुमन मिश्रा, तिलकधारी यादव ने की. वही, निवाचीं पदाधिकारी अधिवक्ता दिलीप वर्मा ने बताया कि एसोसिएशन के चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया है. जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सहायक सचिव व कोषाध्यक्ष पद पर सभी-सभी अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जा चुके हैं। एडवोकेट एसोसिएशन फारबिसगंज के अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता विश्वजीत प्रसाद पिता राम विलास राय, उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता युक्तिनाथ झा पिता स्वर्गीय पूर्णदेव झा, महासचिव पद पर अधिवक्ता सुरेश प्रसाद साह पिता किशन लाल साह, सहायक सचिव के पद पर अधिवक्ता सुभाष चंद्र अग्रवाल पिता स्वर्गीय बजरंग लाल अग्रवाल व कोषाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता सह निवर्तमान कोषाध्यक्ष तरुण कुमार सिंहा पिता स्वर्गीय शिवशंकर प्रसाद सिंहा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जा चुके हैं। जिसकी सूची का प्रकाश कर सभी को प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया गया है. निवाचीं पदाधिकारी वर्मा ने बताया कि निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जा चुके एसोसिएशन के सभी पद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 15 जुलाई को होगा।

## दोहे

### "करो नहीं मति भंग"

मुखडे पर आते मिले,
काले पीले रंग।
बाबा जी के ढंग को,
देख देख हम दंग।।
कई युगों से कर रहे,
हैं हम सब सत्संग।
दया करो पाखंड जी,
करो नहीं मति भंग।।



त्यागी अशोका कृष्णम
कुरकावली, संभल, उत्तर प्रदेश

# जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर 11 जुलाई को जेएसएफ का धरना प्रदर्शन



**अररिया (हि.स.)।** देश मे शीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर संपूर्ण देश के साथ बिहार के सभी जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।धरना प्रदर्शन उपरांत जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र सौपा जायेगा। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने स्थानीय कोशी पब्लिक स्कूल परिसर में जिलाध्यक्ष उमेश राणा की अध्यक्षता में अररिया जिला कार्यकर्ता की बैठक में ये बातें कही। प्रदेश अध्यक्ष ने बेतहाशा रूप से बढ़ते देश की जनसंख्या पर चिंता प्रकट करते हुए असंतुलित होती जनसंख्या को राष्ट्र के लिए गम्भीर खतरा बताया और कहा कि समय आ गया है अब हम दो हमारे दो ही नही बल्कि सबके दो की नीति को देश मे यथा शीघ्र लागू की जाय। बैठक में मार्गदर्शक सुनील मिश्रा, प्रदेश महासचिव सुबोध मोहन ठाकुर, प्रदेश सह संयोजक विभाष झा, प्रदेश कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, प्रदेश प्रचार प्रसार प्रभारी प्रीतम यादव बुलबुल, प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य सत्यवान मालाकार, कमलेश साह आदि ने इस समस्या के समाधान हेतु देश मे कड़े जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग दोहराते हुए लोगों को जागरूक करने का संकल्प व्यक्त किया।

# पूर्णिया प्रक्षेत्र के डीआइजी विकास कुमार ने अररिया में थानों का निरीक्षण किया



**फारबिसगंज/अररिया, (हि.स.)।** पूर्णिया प्रक्षेत्र के डीआइजी विकास कुमार ने अररिया में थानों का निरीक्षण किया. निरीक्षण में उन्होंने थाना के हर चीज का निरीक्षण किया और सीसीटीएनएस का भी अवलोकन किया. डीआइजी विकास कुमार ने नये आपराधिक कानून पर भी विशेष चर्चा की और महिला हेल्प डेस्क के सुचारू रूप से संचालन में थानाध्यक्ष को विशेष निर्देश दिये. नगर थाना की साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान देने की बातें कही. मालखाना का सामान यदि इधर-उधर पड़ा हुआ है तो सुव्यवस्थित ढंग से एक जगह ही रखें. उन्होंने 01 जुलाई से जो नये आपराधिक कानून लागू किये गये हैं, उन कानूनों के बारे में थाने में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी से जानकारी ली. स्टेशन डायरी, उन्होंने सभी अभिलेख व संचिकाओं के रख-रखाव को भी देखा और कहा जो भी लंबित कांड हैं. उन सभी लंबित कांडों को जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया और उन्होंने रात्रि पेट्रोलिंग को और बेहतर बनाने पर बल देने का भी निर्देश दिया. इस मौके पर एसपी अमित रंजन, प्रशिक्षु डीएसपी संतोष पोद्दार व माधुरी कुमारी, नगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक सहित नगर थाना के एसआई व कर्मी मौजूद थे.

संपादकीय

## सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण

**राज्य** की संपत्तियों में इजाफा करने की जरूरत का एक तर्क दिल्ली में हिमाचल भवन और सदन के बाद द्वारका में डेढ़ सौ कमरों की क्षमता में पूरा होने जा रहा है। कुछ इसी तरह की वकालत में गुजरात व हरिद्वार में हिमाचल भवन जबकि चंडीगढ़ में भी एक शाही ठिकाना बनेगा। जरूरतें मंजिलें और मकसद चुनती हैं, कई बार मंजिल पे आ के जरूरत मिल जाती है। हिमाचल के ओहदों, प्रभावशाली लोगों और राज्य के कसीदों में ऐसे भवनों का नाम होता है, वरना प्रदेश में दो हजार के करीब डाक बंगले क्यों तैयार होते। हिमाचल भवन अपने आप में एक वीआईपी तस्वीर है, जो नेता, मीडिया, अधिकारी से प्रशासनिक अधिकारी के लिए एक चुनिंदा सुविधा है, वरना आम जनता के लिए जिला मुख्यालयों की दौड़ या राजधानी शिमला का सफर चुनौती बन जाता है। बेशक इस संदर्भ में नए भवन, नए आश्रय स्थल और नए मुकाम स्थापित होने चाहिएं। आम जनता के लिए हर जिला मुख्यालय में उसके आकार के अनुरूप संयुक्त विश्राम गृह की व्यवस्था होनी चाहिए। हर विभाग के अलग-अलग डाक बंगले बनाने से कहीं बेहतर है कि जिला स्तर पर पचास से सौ कमरों तक का संयुक्त विश्राम गृह बनाकर इनका संचालन पर्यटन निगम या पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत किया जाए। दरअसल हिमाचल में विभागीय इमारतों के निर्माण, देखरेख या उनके सही इस्तेमाल के लिए एक आचार संहिता तथा एक राज्य स्तरीय एजेंसी चाहिए। प्रायः देखा जाता है कि फंड की अत्यधिक उपलब्धता का गैर जरूरी कार्य पहले से मौजूद सरकारी इमारतों से चस्पां होता है या प्रभावशाली नेता इसकी आमद से अपने घर, गांव या बस्ती में डाक बंगला खड़ा कर देते हैं। इसमें दो राय नहीं कि कई ऐसी लोकेशन पर डाक बंगले बने हैं, जो पर्यटन की अमानत में एक सुखद एहसास हो सकते हैं, लेकिन इनकी बुकिंग प्रक्रिया इतनी भी सरल नहीं कि आम नागरिक या पर्यटक सीधे बुकिंग करा सकें। ऐसे में हिमाचल को सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण का गठन करके तमाम डाक बंगले, विभागीय इमारतें, मंदिर ट्रस्टों की संपत्तियां व भविष्य की योजनाओं में ऐसे निर्माण के अधिकार की जिम्मेदारी इसके अधीन आनी चाहिए। इससे विभागीय इमारतों व उनके तहत सार्वजनिक जमीन का सही इस्तेमाल होगा तथा व्यर्थ छोड़े गए भवनों की सूरत बदलेगी। सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण के तहत अंतरराज्यीय संपत्तियों की देखभाल, इस्तेमाल व बुकिंग इत्यादि का एक पारदर्शी और आम हिमाचली के लिए भी सुविधा का प्रावधान होगा। मसलन चंडीगढ़ व दिल्ली में सरकारी बसों की पार्किंग व राज्य के अपने बस स्टैंड की जरूरतें पूरी की जा सकती हैं, तो हिमाचल के अंतरराज्यीय बस रूटों के दृष्टिगत खान-पान, ठहराव व वाहन सुविधाओं से सुसज्जित परिसर निर्मित हो सकते हैं। सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण की भूमिका में हिमाचल का लैंड बैंक तैयार करना तथा पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरियों के लिए एक स्थायी विंग की स्थापना से कार्य निष्पादन में निरंतरता आएगी। अतीत में हिमाचल की बाहरी राज्यों में अनेक संपत्तियां थीं, उनके विशेष उद्देश्य रहे, लेकिन घाटे पूरे करने के लिए सबसे पहले नाहन फाउंडरी, फिर एचपीएमसी, विश्वविद्यालय और कुछ अन्य विभागों ने बोली लगा दी। ऐसे में अगर सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण जैसी एजेंसी होती तो प्रदेश इनका उपयोग कई उद्देश्यों और कई विभागों के लिए कर सकता था। हिमाचल में अलग-अलग विभाग और निगम-बोर्ड संपत्तियों की फेहरिस्त में घी निकालते रहते हैं, लेकिन राज्य को इनमें अपनी दौलत नजर नहीं आती। चिकित्सा व पुलिस महकमे को छोडक़र राज्य की सारी संपत्तियों के संचालन की जिम्मेदारी प्राधिकरण को मिलनी चाहिए। यह प्राधिकरण अगर चाहे तो सरकारी कर्मचारियों की आवासीय व्यवस्था के लिए राज्य में कुछ कर्मचारी नगर विकसित कर सकता है। मसलन सोलन-शिमला के बीच, ऊना-हमीरपुर के बीच, पालमपुर-धर्मशाला के बीच या मंडी-बिलासपुर के बीच अगर कर्मचारी नगर बसें, तो यह शहरीकरण, यातायात व्यवस्था, रोजगार तथा प्रदेश के भविष्य को संबोधित करेंगे, जबकि जमीन का भी बेहतर इस्तेमाल होगा। प्राधिकरण हर शहर में भूमि बैंक बनाने की दिशा में सार्वजनिक, वन तथा निजी भूमि के मसलों का हल निकाल कर एक स्थायी रास्ता निकाल सकता है।

आम जनता के लिए हर जिला मुख्यालय में उसके आकार के अनुरूप संयुक्त विश्राम गृह की व्यवस्था होनी चाहिए। हर विभाग के अलग-अलग डाक बंगले बनाने से कहीं बेहतर है कि जिला स्तर पर पचास से सौ कमरों तक का संयुक्त विश्राम गृह बनाकर इनका संचालन पर्यटन निगम या पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत किया जाए। दरअसल हिमाचल में विभागीय इमारतों के निर्माण, देखरेख या उनके सही इस्तेमाल के लिए एक आचार संहिता तथा एक राज्य स्तरीय एजेंसी चाहिए। प्राय: देखा जाता है कि फंड की अत्यधिक उपलब्धता का गैर जरूरी कार्य पहले से मौजूद सरकारी इमारतों से चस्पां होता है या प्रभावशाली नेता इसकी आमद से अपने घर, गांव या बस्ती में डाक बंगला खड़ा कर देते हैं।

### पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 27.18 प्रतिशत बढक़र 90600 करोड़ रुपए हो गई

# अपार संभावनाओं का पर्यटन सेक्टर

डा. जयंतीलाल भंडारी

**इन** दिनों वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा तैयार किए जा रहे वर्ष 2024-25 के बजट के तहत देश के घरेलू और विदेशी पर्यटन को मजबूत करने के लिए प्रभावी बजट आबंटन की संभावना उभरकर दिखाई दे रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि नए बजट के माध्यम से सरकार पर्यटन से आय बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की संभावनाओं को रणनीतिक रूप से आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे सकती है। इन दिनों प्रकाशित हो रही भारत में पर्यटन संबंधी रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में घरेलू और विदेशी पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है और भारत में पर्यटन सेक्टर बढऩे की असीम संभावनाएं हैं। ऐसे में भारत अपने बेजोड़ पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं और सुंदरता निर्मित करके पर्यटन सेक्टर की ऊंची संभावनाओं को साकार करके पर्यटन से आय को कई गुना बढ़ा सकता है। हिमाचल प्रदेश में भी घरेलू और विदेशी पर्यटन की असीम संभावनाओं को मुठ्ठी में लेकर हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जा सकती है। हाल ही में पर्यटन मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी से अप्रैल 2024 के दौरान भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या 3471833 रही जो एक साल पहले की समान अवधि में 3133751 थी। इन चार महीनों में न केवल भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ी है, वरन इन चार महीनों में पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 27.18 प्रतिशत बढक़र 90600 करोड़ रुपए हो गई है। ऐसे में अब पर्यटन सेक्टर को मजबूत आधार देकर पर्यटन से विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ाई जा सकती है। विदेशी पर्यटकों से होने वाले आर्थिक लाभ का अनुमान इस बात से लगा सकते हैं कि एक विदेशी पर्यटक से औसतन 2 लाख रुपए की कमाई होती है। साथ ही पर्यटकों का खर्च स्थानीय अर्थव्यवस्था में पुनः निवेश का काम करता है। पर्यटकों की संख्या बढऩे से रोजगार और पर्यटन से जुड़े विभिन्न उद्योग-कारोबार भी बढ़ते हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत पर्यटन सेक्टर को बढ़ाने वाले विभिन्न मापदंडों के मद्देनजर लगातार प्रगति करते हुए दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में वल्र्ड इकॉनोमिक फोरम ने यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआई) 2024 जारी किया है। 119 देशों के इस सूचकांक में भारत 39वें स्थान पर है। इसके पहले टीटीडीआई सूचकांक 2019 में भारत काफी नीचे 54वें स्थान पर था। नए टीटीडीआई सूचकांक में भारत पर्यटन से

नए बजट के माध्यम से सरकार पर्यटन से आय बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की संभावनाओं को रणनीतिक रूप से आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे सकती है। इन दिनों प्रकाशित हो रही भारत में पर्यटन संबंधी रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में घरेलू और विदेशी पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है और भारत में पर्यटन सेक्टर बढऩे की असीम संभावनाएं हैं। ऐसे में भारत अपने बेजोड़ पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं और सुंदरता निर्मित करके पर्यटन सेक्टर की ऊंची संभावनाओं को साकार करके पर्यटन से आय को कई गुना बढ़ा सकता है।



जुड़े कई महत्वपूर्ण संसाधन मापदंडों पर प्रमुख पर्यटन प्रधान देशों की सूची में शामिल है। प्राकृतिक मापदंड पर भारत छठे, सांस्कृतिक, कारोबार, चिकित्सा और शिक्षा के लिए यात्रा मापदंडों पर भारत 9वें क्रम पर है। कुछ और ऐसे प्रमुख पर्यटन मापदंड हैं, जिनमें भारत उभर कर दिखाई दे रहा है। इनमें कीमत प्रतिस्पर्धात्मकता के मामले में भारत 18वें, हवाई यातायात की प्रतिस्पर्धात्मकता के मामले में 26वें और जमीनी एवं बंदरगाह बुनियादी ढांचे के मामले में 25वें स्थान पर है। इस पर्यटन सूचकांक के विश्लेषण से यह भी मालूम होता है कि स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण सततता, इंटरनेट कनेक्टिविटी और पर्यटन के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव जैसे मापदंडों पर भी भारत ने प्रगति की है। उल्लेखनीय है कि दुनिया में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक प्रमुखतया फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन और इटली में जाते हैं। इन प्रमुख वैश्विक पर्यटन देशों के अलावा सिंगापुर, वियतनाम, थाईलैंड, इंडोनेशिया, हांगकांग, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) जैसे देश भी अपनी कुछ विशिष्टताओं से विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के मामले में भारत से बहुत आगे हैं। लेकिन अभी भी दुनिया के विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या का कोई दो फीसदी से भी कम हिस्सा ही भारत के खाते में आ रहा है। यद्यपि पर्यटन उद्योग भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 6 फीसदी का योगदान करता है, लेकिन इसमें सिर्फ 8 करोड़ लोगों को ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से रोजगार मिला हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत अपने बेजोड़ पर्यटन स्थलों की शक्ति के दम पर दुनिया के सबसे अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने की संभावनाएं रखता है। लेकिन भारत इस डगर पर बहुत पीछे है। भारत के कई ऐसे अनोखे पर्यटन स्थल हैं, जो देश में टूरिज्म के विभिन्न आयामों को चमकीली पहचान देते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत की संस्कृति, संगीत, हस्तकला, खानपान से लेकर नैसर्गिक सुंदरता हमेशा से देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती रही हैं। भारत एक ऐसा देश है जिसके पास हिमालय का सबसे अधिक हिस्सा, विशाल समुद्री तट रेखा और रेत का रेगिस्तान, कच्छ में सफेद नमक रेगिस्तान, लद्दाख में ठंडे रेगिस्तान, देश के कोने-कोने में टाइगर रिजर्व और यूनेस्को के द्वारा चिन्हित धरोहर स्थलों समेत अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान जैसी प्राकृतिक विविधताएं हैं। देश के विभिन्न भागों में तटीय पर्यटन, समुद्र तट पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन स्थल अपनी चिर-परिचित पहचान बनाए हुए हैं और सभी प्रकार के पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार संभावनाएं रखते हैं। इनके अलावा रामायण सर्किट, बुद्ध सर्किट, कृष्णा सर्किट, अयोध्या में राम मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक और वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम जैसे आस्था केंद्रस्थल देश व दुनिया के धार्मिक पर्यटकों के कदमों को असाधारण रूप से आकर्षित कर सकते हैं। निःसंदेह इस समय जहां एक ओर विदेशी पर्यटकों के कदम भारत की ओर धीमी गति से बढ़ रहे हैं, वहीं भारतीय पर्यटकों के कदम विदेशों में पर्यटन के लिए छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। 4 दिसंबर 2023 को सरकार ने लोकसभा में बताया कि वर्ष 2022 में भारत यात्रा पर आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 85.9 लाख थी। जबकि पिछले वर्ष 2022 में करीब दो करोड़ भारतीय पर्यटकों ने देश से बाहर भ्रमण किया। 23 मई 2024 को प्रकाशित रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय पर्यटकों ने वर्ष 2023-24 में विदेश घूमने पर 17 अरब डॉलर यानी करीब 1.41 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जोकि इसके पूर्व वर्ष 2022-23 में विदेश घूमने पर किए गए व्यय की तुलना में अधिक हैं। इस समय दुनिया में भारतीय पर्यटक विदेशी पर्यटन के लिए क्रम 10वां है, जबकि वर्ष 2027 तक भारत के पर्यटकों का विदेशों में भ्रमण के लिए दुनिया में पांचवें क्रम पर होंगे। निश्चित रूप से जहां एक ओर भारतीयों का विदेश यात्रा करने की तरफ तेजी से बढ़ता रुझान घरेलू पर्यटन के मद्देनजर नुकसान की तरह है, वहीं देश के विदेशी मुद्रा कोष को घटाने वाला भी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारतीयों के द्वारा विदेश भ्रमण में किए जा रहे भारी भरकम व्यय की तुलना में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों से भारत की आमदनी बहुत कम है।

दृष्टि कोण

## चमत्कारी बाबा की 'चरण रज' का सत्य

**पता** नहीं आम तथा सामान्य व्यक्ति ढोंगी बाबाओं, अज्ञान, अंधकार तथा अंधविश्वासों के चंगुल से कब मुक्त होगा? धर्मों, पंथों, मतों तथा आस्था के नाम पर लोगों को उनकी जान की कीमत पर भीड़ इक_ा करने का सिलसिला वर्षों से चल रहा है। यह नहीं कहा जा सकता कि सभी बाबा ढोंगी तथा फरेबी होते हैं, लेकिन यह भी सत्य है कि बहुत से लोग धर्म, मत तथा आस्था के नाम पर अपना धंधा चला रहे हैं। बहुत से लोग, गैर सरकारी संगठन मानव कल्याण के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं, परंतु सत्य यह भी है कि बहुत से मामलों में यह भी एक काला धंधा बन चुका है। अनेकों ढोंगी साधु तथा बाबा यौन शोषण, हत्याओं तथा संगीन अपराधों के मामलों में जेलों की हवा खा रहे हैं। संगठन के माध्यम से किसी विचार, मत से तथा किसी लालच से अनुयायी बनाना अब आम बात हो गई है। बहुत से मामलों में लोग इन बाबाओं से गुमराह ही होते हैं। अशिक्षा, अज्ञान तथा अन्धविश्वास ही इसका मुख्य कारण है। हजारों तथा लाखों की भीड़ इक_ा कर अपना प्रभुत्व दिखाना, धन उगाही करना, अपने संगठन का शक्ति प्रदर्शन इसका मुख्य उद्देश्य रहता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी अपना संगठन खड़ा कर सकता है, अपना विचार फैला सकता है तथा अपने अनुयायियों की फौज खड़ी कर कहीं भी सत्संग, समारोह तथा समागम आयोजित कर सकता है। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सिकंद्राराऊ क्षेत्र में हाल में एक सत्संग कार्यक्रम में बाबा की चरण रज प्राप्त करने के चक्कर में 121 लोग भगदड़ में मारे गए। इस सत्संग कार्यक्रम में प्रशासन से 80 हजार लोगों के शामिल होने की अनुमति ली गई, जबकि करीब अढ़ाई लाख श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम के पश्चात भोले बाबा के नाम से मशहूर बाबा के चरणों की धूल प्राप्त करने तथा बाबा के निजी सुरक्षा कर्मियों द्वारा धक्के देने के फलस्वरूप भगदड़ मचने से 121 बेकसूर तथा नासमझ लोगों की जान चले जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आश्चर्य तथा खेदजनक है कि इन मृतकों में 114 महिलाएं शामिल हैं। कुछ मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बहुत से गंभीर रूप से घायल लोगों का आगरा, अलीगढ़ तथा हाथरस के अस्पतालों में ईलाज चल रहा है। मौत की ऐसी भयावह त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है। धर्मस्थलों में भीड़ इक_ी होने, भगदड़ मचने, धक्का-मुक्की होने, पुल टूट जाने, गाडिय़ों की दुर्घटना होने, आयोजन स्थल पर आगजनी होने से टैंट तथा शामियाने जलने, शार्ट सर्किट होने जैसे कारणों से अनेकों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। दुःखद यह है कि हर बार कुछ दिनों के अफसोस, पुलिस केस, जांच समिति गठित होने तथा न्यायालय के मुकद्दमों के अतिरिक्त हम कोई सीख नहीं ले पाए हैं। हमें अपने ऊपर विश्वास ही नहीं रहा, बाबाओं के चमत्कारों तथा आडंबरों के चक्कर में न जाने कितने बेकसूर लोग असमय मौत का शिकार हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में कभी आरक्षक रहे सूरज पाल यादव को अचानक आध्यात्मिक ज्ञान हो गया। वर्ष 1997 में सूरज पाल ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद अपने घर को ही आश्रम का रूप देकर प्रवचन देने से अपना धंधा शुरू कर दिया। कुछ ही वर्षों में सूरज पाल भोले बाबा तथा चमत्कारी बाबा के नाम से प्रसिद्ध हो गए। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा तथा पंजाब आदि राज्यों में अनेकों भक्तों के बाबा बन गए। भोले बाबा के लिए सत्संग में लोग अपनी परेशानियां लेकर आने लगे, हाथ से छूकर भी बीमारियां दूर होने का चमत्कार होने लगा। बाबा की मार्किट बनती रही। चमत्कार को नमस्कार होने लगा। हैरानी की बात है कि न केवल आम आदमी बल्कि प्रसिद्ध व्यवसायी, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ, फिल्मी सितारे तथा वीवीआईपी लोग भी लाभ लेने के लिए इन बाबाओं के चक्कर में रहते हैं। इनके प्रभाव तथा भेड़चाल में आम व्यक्ति इस प्रकार के हादसों का शिकार हो जाते हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। यक्षप्रश्न यह है कि हम कब तक अशिक्षा, अज्ञान तथा अंधविश्वास के प्रभाव में रहेंगे? कब तक ये बाबा लोग सामान्य जन की भावनाओं से खिलवाड़ कर अपना धंधा चलाते रहेंगे? कब तक प्रशासन, व्यवस्थाएं तथा सरकारें बेफिक्र होकर सोई रहेंगी? कब तक समाज वास्तव में शिक्षित तथा जागरूक होगा? ऐसी घटना घटित होने के बाद कुछ दिनों तक आंखें खुली रहने के पश्चात हम फिर से ऐसी घटनाओं के लिए तैयार हो जाते हैं। बहरहाल, अब सूरज पाल सिंह उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा, सत्संग कार्यक्रम के आयोजक देव प्रकाश माथुर तथा अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 110, 126, 223 तथा 238 के तहत मामला दर्ज हो चुका है।

कुछ अलग

## सीता स्वयंवर और भगवान परशुराम

**अब** अपने गुरु विश्वामित्र जी के साथ चलते हुए रामचंद्र जी अपने भाई लक्ष्मण के साथ जनकपुरी पहुंच गए। यहां पर गुरुवर विश्वामित्र जी को पता चला कि राजा जनक अपनी पुत्री सीता के विवाह को लेकर चिंतित हैं। उन्हें इस घटना की भी जानकारी हुई कि किस प्रकार सीता जी ने शिव जी के धनुष को किसी समय विशेष पर उठाकर एक ओर रख दिया था। तब राजा जनक ने यह निश्चय किया था कि वह अपनी पुत्री का विवाह उस राजकुमार के साथ करेंगे जो इस धनुष को तोड़ देगा। इस प्रकार सीता जी का यह स्वयंवर नहीं था अपितु राजा जनक की शर्त के अनुसार होने वाला विवाह था। स्वयंवर में कन्या को अपनी पसंद का वर चुनने का अधिकार होता है, पर जब पिता की यह शर्त हो कि मेरी पुत्री का विवाह उस राजकुमार के साथ होगा जो प्रत्यंचा लगाकर इस धनुष को तोड़ देगा तो उस विवाह को वीर्यशुल्का ( मेरी पुत्री का विवाह उसके साथ होगा जो अपने पराक्रम – वीर्य का शुल्क देगा अर्थात प्रमाण देगा) कहा जाता था। यहां पर सीता जी अपने पिता के प्रण के साथ बंधी हुई हैं। यही बात राजा जनक के लिए चिंता का विषय बन गई है कि यदि कोई भी इस धनुष को तोड़ नहीं सका तो क्या उनकी पुत्री अविवाहित ही रह जाएगी ?

जब अनेक राजा इस धनुष को तोड़ने में असफल हो गए तब रामचंद्र जी का वहां आगमन राजा जनक के लिए प्रसन्नता का विषय तो था पर उन्हें शंका थी कि यह राजकुमार इस धनुष को तोड़ भी पाएगा या नहीं ? परंतु :-

जनक सभा के बीच में, किया धनुष को भंग।<br>
देख वीरता राम की, जनक भी रह गए दंग।।

रामचंद्र जी के इस पराक्रम को देखकर राजा जनक उनके दरबारीजन और उनकी रानी सहित सभी महिलाएं दंग रह गईं ।सबको असीम प्रसन्नता हो रही थी । राजा जनक और उनकी रानी इस बात को लेकर अत्यंत प्रसन्न थे कि अब उनकी पुत्री सीता का विवाह होने जा रहा है। विवाह के कार्य को विधिवत संपन्न करने के लिए विश्वामित्र जी के साथ परामर्श कर राजा जनक ने राजा दशरथ को निमंत्रण भेजा। उसके पश्चात राजा जनक अपने सभी विशिष्ट जनों को साथ लेकर वरयात्रा के रूप में जनकपुरी पहुंच गए। तब राजा जनक ने राजा दशरथ के सामने प्रस्ताव रखा कि यह एक अद्भुत संयोग है कि आपके चार पुत्र हैं और इधर मेरी व मेरे अन्य भाइयों की कुल चार कन्याएं हैं । यह अति उत्तम होगा कि इस समय आपके चारों पुत्रों का विवाह मेरी चारों पुत्रियों के साथ हो। राजा दशरथ ने राजा जनक के इस प्रस्ताव को अन्य विद्वज्जनों की सहमति और सम्मति प्राप्त कर स्वीकार कर लिया।

दशरथ जी बुलवा लिए, किया विवाह संस्कार।<br>
दशरथ जी प्रसन्न थे, मिल गईं वधुएं चार ।।

राजा जनक ने इस समय राजा दशरथ के सम्मान में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी। उन्हें पर्याप्त दान दहेज देकर विदा किया। वाल्मीकि जी ने विवाह संस्कार के समय की तैयारियों का मनोरम चित्रण किया है।

जनक भी प्रसन्न थे, दे दिया बहुत दहेज।<br>
लाख गाय दी दान में, पुष्पों की सजी सेज।।

जिस समय विवाह के उपरांत राजा जनक राजा दशरथ सहित अपने सभी अतिथियों को विदा कर रहे थे, उस समय वहां पर भगवान परशुराम ए उपस्थित हुए। तुलसीदास जी ने परशुराम जी का आगमन उस समय बताया है ,जिस समय रामचंद्र जी ने धनुष तोड़ा था। परंतु मूल रामायण में यही बताया गया है कि अतिथियों को विदा करते समय परशुराम जी उपस्थित हुए थे। इसी बात को प्रमाणिक मानना चाहिए।

सोना , चांदी दान की, मोती, मूंगे खूब।<br>
भगवान परशु आ गए, धारे थे जटाजूट।।

भगवान परशुराम जी के आगमन पर राजा दशरथ अत्यंत चिंतित हो उठे थे। उन्हें इस बात का डर सता रहा था कि कहीं ऐसा ना हो कि भगवान परशुराम जी उनके पुत्रों का वध कर दें, पर ऐसा नहीं हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपनी विवेकशीलता, धैर्य ,संयम और वीरता का परिचय देते हुए परशुराम जी को ही पराजित कर दिया और वह लज्जित होकर वहां से चले गए।

देश दुनीया से

## नेपाल में (अ)पवित्र गठबंधन


हिमालयी राष्ट्र के लोकतंत्र का दुर्भाग्य यह है, शटल कॉक की मानिंद सियासत अस्थिर है। इधर सोलह वर्षों का सियासी लेखा-जोखा टटोला जाए तो नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड की अल्पमत सरकार को हटाकर शेर बहादुर देउबा और केपी शर्मा ओली का नया गठबंधन अब सत्तारूढ़ होने की तैयारी में है। प्रचंड सरकार मे शामिल सीपीएन-यूएमएल के आठ मंत्रियों ने इस्तीफा देकर अपनी मंशा साफ कर दी है, वे अब इस सरकार का संवैधानिक हिस्सा नहीं हैं। इससे पूर्व नेपाली कांग्रेस के मुखिया शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के सुप्रीमो केपी शर्मा ओली ने मिलकर नेपाल में बारी-बारी से सरकार बनाने का फैसला लिया है। ओली गुट के वजीरों के सामूहिक त्यागपत्र के बाद नेपाल में 2022 से काबिज श्री प्रचंड की सरकार अलविदा होने की स्थिति में है।

**पड़ोसी** मुल्क नेपाल में सियासी लुका-छिपी का खेल बरसों-बरस से जारी है। हिमालयी राष्ट्र के लोकतंत्र का दुर्भाग्य यह है, शटल कॉक की मानिंद सियासत अस्थिर है। इधर सोलह वर्षों का सियासी लेखा-जोखा टटोला जाए तो नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड की अल्पमत सरकार को हटाकर शेर बहादुर देउबा और केपी शर्मा ओली का नया गठबंधन अब सत्तारूढ़ होने की तैयारी में है। प्रचंड सरकार मे शामिल सीपीएन-यूएमएल के आठ मंत्रियों ने इस्तीफा देकर अपनी मंशा साफ कर दी है, वे अब इस सरकार का संवैधानिक हिस्सा नहीं हैं। इससे पूर्व नेपाली कांग्रेस के मुखिया शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के सुप्रीमो केपी शर्मा ओली ने मिलकर नेपाल में बारी-बारी से सरकार बनाने का फैसला लिया है। ओली गुट के वजीरों के सामूहिक त्यागपत्र के बाद नेपाल में 2022 से काबिज श्री प्रचंड की सरकार अलविदा होने की स्थिति में है। नेपाल में नया गठबंधन कब काबिज होगा, भारत समेत पूरी दुनिया की नज़र इस पर रहेगी। यह राजनीतिक बदलाव चंद घंटों या चंद दिनों में संभव है, क्योंकि प्रधानमंत्री प्रचंड का साफ कहना है, वह इस्तीफा नहीं देंगे, जबकि प्रचंड गुट के मुताबिक प्रचंड सरकार विश्वास मत का सामना करेगी। नेपाली संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, नेपाली संसद में बहुमत होने वाले प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर बहुमत सिद्ध करना होता है। नेपाली संविधान के अनुच्छेद 76(2) के अनुसार तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने 25 दिसंबर 2022 को सीपीएन-मायोवादी सेंटर के मुखिया पुष्प कमल दहल प्रचंड को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। प्रचंड ने 26 दिसंबर को नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। यह महज संयोग था या इसके भी कुछ सियासी मायने हैं, यह सियासी टीकाकारों के मूल्यांकन का विषय है। इस दिन आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की 130वीं जयंती थी। चीन ने प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने पर सबसे पहले न केवल खुशी का इजहार किया, बल्कि लंबे समय से जारी सीमा विवाद को निपटाकर उन्हें रिटर्न गिफ्ट भी दे दिया। संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता के तौर पर उभरे प्रचंड को इस पद पर गंभीर दावेदार नहीं माना जा रहा था। इस चुनाव में नेपाली कांग्रेस 89 सीटों पर कब्जा करके सबसे बड़ी पार्टी बन गयी। नेपाल में 276 सीटों वाले सदन में बहुमत के लिए 138 सीटें हासिल करना अनिवार्य है। सीपीएन-यूएमएल के खाते में 78 सीटें आईं, जबकि प्रचंड की पार्टी को महज 32 सीटों पर ही सफलता मिली। केवल 32 सीट जीतने के बावजूद प्रचंड गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हो गए। प्रचंड को नेपाल के सबसे बड़े विजयी दल- नेपाली कांग्रेस का साथ मिल गया। यह बेमेल गठबंधन अंततः 15 मार्च 2022 को टूट गया। सियासत के चतुर खिलाड़ी श्री प्रचंड ओली की पार्टी के बूते सरकार बचाने में सफल रहे। करीब-करीब 02 साल में यह तीसरी बार सत्ता परिवर्तन होने जा रहा है। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक नई सरकार में डेढ़ साल तक केपी शर्मा ओली पीएम बनेंगे, जबकि बचे हुए कार्यकाल पर शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री बनेंगे। पेंडुलम की मानिंद नेपाली सियासी दंगल में हार न मानने वाले प्रधानमंत्री श्री प्रचंड अंत तक सरकार बचाने की जुगत में रहे। उन्होंने इस सियासी संक्रमण काल से उभरने के लिए पहली जुलाई को आपात बैठक बुलाई, लेकिन राजनीतिक हवा को भांपते हुए अंतिम क्षणों में इस बैठक को निरस्त कर दिया। अंततः गठबंधन सरकार को बचाने की सारी कवायद विफल हो गई। इस्तीफा न देने पर अड़े हताश एवम् निराश प्रचंड को नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण सलाह देते हैं, बदलते सियासी परिदृश्य के चलते अल्पमत में आई प्रचंड सरकार को खुद इस्तीफा देने की पहल करनी चाहिए, ताकि नेपाल में नए गठबंधन की सरकार स्थापित हो सके। नेपाल में यूं तो संसदीय लोकतंत्र का शंखनाद 1951 में हो गया था, लेकिन इसे नेपाली राजशाही ने 1960 और 2005 में निलंबित कर दिया। 2008 में धर्मनिरपेक्ष गणराज्य की स्थापना के साथ ही दुनिया की अंतिम राजशाही का अंत हो गया। 2015 में नया संविधान लागू हुआ तो नेपाल संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया। यहां का संविधान बहुजातीय, बहुभाषी, बहुधार्मिक, बहुसांस्कृतिक विशेषताओं से लबरेज है। कहने को तो, नेपाल और भारत में रोटी-बेटी का संबंध है। सियासी भाषा में नेपाल को भारत का लघु भ्राता भी कहा जाता है, लेकिन नेपाल की आयु भारत से दो गुना से भी ज्यादा है। दस्तावेजों के मुताबिक नेपाल का आधिकारिक रूप से गठन 25 सितंबर 1768 में हुआ था। भारत के मानिंद नेपाल कभी भी उपनिवेशिक बंधन में नहीं रहा है, जबकि भारत का आधिकारिक गठन 15 अगस्त 1947 में हुआ। नेपाल भारत से 178 वर्ष, 10 महीने और 21 दिन बड़ा है।

आप का नजरीया

## गुमराह-भ्रम की राजनीति

**राजद** अध्यक्ष लालू यादव ने भविष्यवाणी की है कि मोदी सरकार अगस्त में गिर जाएगी। यह हास्यास्पद और बचकाना बयान है। लालू अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे कि वे बिहार में चुनाव के लिए तैयार रहें। कभी भी चुनाव घोषित किए जा सकते हैं। लालू की यह भविष्यवाणी इसलिए प्रहसन का विषय है, क्योंकि संदर्भ देश की सरकार का है। लालू ने कभी भी गंभीर राजनीति नहीं की, लिहाजा इस बार भी उनके बयान को 'मुंगेरी लाल के सपने' जैसा लेना चाहिए। बहरहाल आम चुनाव का जनादेश बीती 4 जून को सार्वजनिक किया गया और 9 जून को प्रधानमंत्री समेत कैबिनेट के अन्य सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इस संपूर्ण प्रक्रिया में लालू की पार्टी के 4-5 सांसद ही हैं। यदि 'इंडिया' को विपक्षी गठबंधन की एकजुट ईकाई मान लिया जाए, तो उनके पाले में 233 सांसदों का समर्थन है। सरकार बनाने के लिए कमोबेश 272 सांसद होने चाहिए। 'इंडिया' का 233 वाला आंकड़ा भी सवालिया है, क्योंकि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने कथित 'इंडिया' के खिलाफ ही चुनाव लड़ा था। तृणमूल के 29 सांसद जीत कर लोकसभा में आए हैं। तृणमूल की तरफ से किसी भी नेता ने अधिकृत घोषणा नहीं की है कि अब पार्टी 'इंडिया' का घटक दल है। इसके अलावा, 'आम आदमी पार्टी' (आप) के साथ कांग्रेस का गठबंधन धूप-छांव जैसा है। कभी उजाला, तो कभी अंधेरा... ! कांग्रेस ने घोषणा की है कि अक्तूबर में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव वह अकेले ही लड़ेगी। 'आप' के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। 'आप' के तीन लोकसभा सांसद संसद के भीतर 'इंडिया' का कितना समर्थन करते रहेंगे, यह भी सवालिया और आशंका है। इस तरह लोकसभा में विपक्षी सांसदों की संख्या 200 के करीब होती है। उसमें भी प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के 98 सांसद हैं और लालू के राजद का अस्तित्व तो 'नगण्य' है। दरअसल यह गुमराह करने, भ्रम फैलाने की राजनीति है। विपक्ष में लालू यादव ने ही मोदी सरकार के पतन का बयान नहीं दिया है, बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी अक्सर दावा करते रहते हैं कि मोदी सरकार को जनादेश नहीं मिला है, वह बैसाखियों के सहारे है, लिहाजा कभी भी गिर सकती है। सवाल यह भी है कि क्या आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं टीडीपी अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री एवं जद-यू के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कांग्रेस या लालू यादव से यह साझा किया है कि वे एनडीए में नाखुश और बेचैन हैं? क्या उन्होंने 'इंडिया' में शामिल होने के संकेत भर दिए हैं? क्या कांग्रेस और पूरा 'इंडिया' गठबंधन आंध्र और बिहार की आर्थिक विपन्नता की भरपाई कर सकते हैं? क्या वे उन दोनों राज्यों को 'आर्थिक पैकेज' मुहैया करा सकते हैं? बिल्कुल असंभव स्थिति है। चंद्रबाबू ने हालिया दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से रूबरू बात की है और कई मंत्रियों से भी मुलाकात की है। नायडू ने अपनी जरूरतों से केंद्र सरकार को अवगत करा दिया होगा। आंध्र को मोदी सरकार ही विशेष अनुदान दे सकती है।



# हिंद-प्रशांत में नाटो और मित्र देशों के बीच साझेदारी को बढ़ावा दे रहा अमेरिका, व्हाइट हाउस का बयान

**वॉशिंगटन ।**
व्हाइट हाउस ने नाटो शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका नाटो गठबंधन और विश्व भर के मित्र देशों के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित कर रहा है, विशेष रूप से उन देशों के साथ जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हैं।

### 38 देशों के नेता अमेरिका में

पहले नाटो शिखर सम्मेलन की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के लिए 38 विभिन्न देशों के नेता वाशिंगटन में एकत्र हुए हैं। इसमें यूक्रेन, जापान, न्यूजीलैंड और कोरिया गणराज्य सहित सभी नाटो सहयोगियों के साथ-साथ नाटो साझेदारों के नेता भी शामिल हैं। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा, राष्ट्रपति ने नाटो गठबंधन और विश्व भर के मित्र देशों, विशेषकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के बीच अधिक साझेदारी को भी प्रोत्साहित किया है। राष्ट्रपति जानते हैं कि हम सभी के सामने मौजूद वैश्विक खतरे और चुनौतियां एक-दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रपति ने हमारे नाटो सहयोगियों को भी आपसी रक्षा में महत्वपूर्ण निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया है। जब बाइडन-हैरिस प्रशासन ने पदभार संभाला था, तब केवल नौ नाटो सहयोगी अपने सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम दो प्रतिशत रक्षा पर खर्च कर रहे थे।

### नाटो इतिहास का सबसे मजबूत रक्षात्मक गठबंधन

किर्बी ने कहा कि 75 वर्षों से उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने अमेरिकी लोगों की सुरक्षा करने तथा विश्व को कम खतरनाक स्थान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि नाटो इतिहास का सबसे मजबूत रक्षात्मक गठबंधन है और पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतृत्व के कारण आज यह पहले से कहीं अधिक बड़ा, मजबूत, बेहतर संसाधन वाला और एकजुट है। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, उन्होंने दो नए सदस्यों स्वीडन और फिनलैंड का स्वागत करके गठबंधन का विस्तार करने के लिए कड़ी मेहनत की है। इस सप्ताह आधिकारिक तौर पर स्वीडन का स्वागत करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय मूल के शख्स ने चार साल पहले किया था 17 साल की बच्ची से दुष्कर्म द्य अब मिली 13 साल की सजा



**सिंगापुर ।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक बार मालिक को 13 साल और चार सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई। दरअसल, शख्स 17 साल की एक बच्ची से दुष्कर्म करने का दोषी पाया गया। तीसरे आरोप में भी गुनाह कबूल एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 42 वर्षीय राज कुमार बाला को पीड़िता से दुष्कर्म और छेड़छाड़ के आरोप में दोषी ठहराया गया और उसने बाल एवं युवा व्यक्ति अधिनियम के तहत भगोड़े व्यक्ति को शरण देने के तीसरे आरोप में अपना गुनाह भी कबूल कर लिया। अब मांग रहे जमानत बचाव पक्ष के वकील रमेश तिवारी ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ और भी लंबित मामले हैं, जिनकी सुनवाई पूरी नहीं हुई है। जबतक मामले में सुनवाई पूरी नहीं होती उन्हें जमानत दे दी जाए। सिंगापुर के एक गर्ल्स होम से भागी थी लड़की अदालत में बताया गया कि करीब चार वर्ष पहले फरवरी में पीड़िता 17 साल की थी, जब वह सिंगापुर के एक गर्ल्स होम से भाग गई थी। उसे एक अन्य भागी लड़की से होटल, मोटल और भोजनालयों के लिटिल इंडिया परिसर में डनलप स्ट्रीट में बाला के डॉन बार और बिस्ट्रो में नौकरी के अवसर के बारे में पता चला। बताया गया कि यह लड़की भी यहीं काम कर रही थी और इसका भी बाला ने यौन उत्पीड़न किया था। फिलहाल इस मामले में कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पीड़िता नौकरी के लिए साक्षात्कार देने के लिए बार में गई और बाला से मिली, जिसने उसे काम समझाया। साथ ही बार में अन्य लड़की के साथ रहने की इजाजत दे दी। पीड़िता ने कुछ दिनों तक बार में काम किया। मगर फिर पुलिस को फरार लोगों के बारे में गुप्त जानकारी मिली। उन्होंने 22 फरवरी, 2020 के शुरुआती घंटों में जगह पर छापा मारा। पीड़ित छापा कार्रवाई से बचने के लिए अन्य लड़की के साथ भाग गई। बाद में बाला ने दोनों को कार में बैठाया और उन्हें अपने कोंडोमिनियम में ले गया। वहां उसने दोनों लड़कियों को खूब शराब पिलाई। बाद में नशे की हालत में पीड़िता का दुष्कर्म किया। जबकि दूसरी लड़की के साथ भी गलत काम किया। पीड़िता ने कोंडोमिनियम छोड़ दिया। जुलाई 2020 में खुद को गर्ल्स होम में आत्मसमर्पण कर दिया।

### बाइडन का पार्किंसंस का इलाज नहीं किया जा रहा है, व्हाइट हाउस ने दी जानकारी

**वॉशिंगटन ।** व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जुड़ी रिपोर्टों को लेकर स्थिति स्पष्ट की। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन का पार्किंसंस रोग का इलाज नहीं किया जा रहा है। क्योंकि हाल ही में यह रिपोर्ट सामने आई थी कि इस बीमारी में विशेषज्ञता रखने वाले एक डॉक्टर ने पिछले वर्ष में आठ बार व्हाइट हाउस का दौरा किया था। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप के साथ 27 जून को हुई राष्ट्रपति पद के लिए पहली बहस में बाइडन लड़खड़ाते दिखे थे, जिसके बाद से यह चिंता बढ़ गई है कि बाइडन किसी अज्ञात बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, डॉ. केविन कैनार्ड एक न्यूरोलॉजिस्ट होने के साथ ही मूवमेंट विकारों में विशेषज्ञ हैं। हाल ही में उन्होंने पार्किंसंस बीमारी पर एक पेपर प्रकाशित किया है। व्हाइट हाउस विजिटर लॉग से पता चलता है कि डॉ. कैनार्ड ने पिछली गर्मियों से इस साल के वसंत तक आठ बार व्हाइट हाउस का दौरा किया। जिसके बाद व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने प्रेस ब्रीफिंग की। इस दौरान कैरिन ने डॉ. कैनार्ड द्वारा व्हाइट हाउस की यात्रा की पुष्टि करने से इनकार कर दिया।



### अब बेफिक्र होकर खाइए टिड्डे, झींगुर जैसे 16 कीड़े; सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने इन्हें बताया सुरक्षित

**ओटावा ।** सिंगापुर के खाद्य नियामक सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने 16 कीड़ों को खाने के लिए सुरक्षित बताया है। इनमें झींगुर, टिड्डा और पतंगा प्रजाति जैसे कीड़े शामिल हैं। झींगुर, टिड्डा और पतंगा प्रजाति इन्सान के खाने योग्य हैं। यह बात सिंगापुर के खाद्य नियामक सिंगापुर खाद्य एजेंसी (एसएफए) ने कही है। एसएफए ने इन कीटों की 16 प्रजातियां को इंसानी खानपान के लिए मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही ये कीड़े बहुजातीय संप्रभु द्वीप देश और नगर-राज्य सिंगापुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीनी और भारतीय व्यंजनों सहित वैश्विक खाद्य पदार्थों के मशहूर मेन्यू में शामिल हो गए हैं। एसएफए के इस एलान का खानपान के कारोबार से जुड़े लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ये कारोबारी चीन, थाईलैंड और वियतनाम में पैदा होने वाले इन कीड़ों की सिंगापुर में आपूर्ति और खानपान की व्यवस्था करते हैं।

# ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने हिज्बुल्ला के प्रति समर्थन दोहराया, इजराइल की आलोचना की



**तेहरान ।**
ईरान के निव निर्वाचित राष्ट्रपति पेजेशिकियान ने एक बार फिर हिजबुल्ला को समर्थन की बात को दोहराया है। इरानी राष्ट्रपति का यह बयान पहली विदेश नीति टिप्पणियों में से एक है। ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने एक बार फिर से लेबनान के हिज्बुल्ला समूह के लिए इस्लामी गणतंत्र के समर्थन की बात को दोहराया है और साथ ही फलस्तीनियों के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई की निंदा की। हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह के लिए जारी किया गया बयान इरानी राष्ट्रपति का पहली विदेश नीति टिप्पणियों में से एक था।

**इजराइल के बेरूत पर कब्जा करने के बाद बनाया गया था हिजबुल्लाह समूह** – ईरान हिजबुल्ला को वित्तीय और सैन्य सहायता प्रदान करता है, जिसे लेबनान के गृह युद्ध के दौरान 1982 में कट्टर दुश्मन इजराइल द्वारा बेरूत पर कब्जा करने के बाद ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की पहल पर बनाया गया था। इब्राहिम रईसी की मौत के बाद राष्ट्रपति बने पेजेशकियान ईरान में 19 मई को हेलिकॉप्टर हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद हुए दूसरे चरण के चुनाव में सुधारवादी नेता और देश में हिजाब के सख्त कानून में कुछ ढील देने के पक्षधर मसूद पेजेशकियान (69) ने जीत दर्ज की है। वह प्रतिद्वंद्वी कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हराकर विजेता घोषित किए गए। पेजेशकियन को 1.63 करोड़ वोट मिले जबकि जलीली को 1.35 करोड़ मत मिले। मसूद को मिले एक करोड़ 63 लाख वोटों में से 50 फीसदी 30 साल से कम उम्र वालों के हैं।

**पीएम मोदी ने दी थी बधाई** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मसूद पेजेशकियन को ईरान का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई दी थी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था कि हमारे लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे गर्मजोशी भरे और दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हूं।

**कट्टर विचारधारा के खिलाफ हैं नए राष्ट्रपति पेजेशकियान** – मसूद पजेशकियान ने चुनाव से पहले भी राजनीतिक भाषणों के दौरान कई बार हिजाब की खिलाफत की थी। उन्होंने कई बार कहा है कि वो किसी प्रकार के कट्टरपंथ के खिलाफ हैं, जो संस्कृति के नाम पर बने कानूनों पर सख्ती के साथ पेश आती है। इसी कानून में हिजाब की अनिवार्यता भी आती है, जो 1979 में इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान में लागू हुआ। पेजेशकियन ने कहा, वह इस कानून की सख्ती के खिलाफ हैं।

### संघर्ष विराम के प्रयासों को विफल कर रहे नेतन्याहू, हमास का गाजा शांति वार्ता में बाधा डालने का आरोप

**यरूशलेम ।** हमास ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा में संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत में बाधा डालने का आरोप लगाया। कहा कि किसी समझौते पर पहुंचने के सभी प्रयासों को विफल करने के लिए उन्हें जबरन विस्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, मध्यस्थ मिस्र और कतर इस सप्ताह नई बैठकों की मेजबानी करने वाले थे। बता दें कि फलस्तीनी क्षेत्र में करीब नौ महीने से हमास और इजराइल के बीच युद्ध चल रहा है। तभी से मध्यस्थ संघर्ष विराम के लिए वार्ता कर रहे हैं, लेकिन संघर्ष को समाप्त करने के लिए चली सभी वार्ताएं अभी तक विफल हो चुकी हैं। अब मध्यस्थ फिर से समजौते पर जोर दे रहे हैं। हमास ने एक बयान में कहा, नेतन्याहू हमारे लोगों के खिलाफ अपनी आक्रामकता और अपराधों को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उसके कतर स्थित राजनीतिक नेता इस्माइल हानियेह ने कहा कि उन्होंने गाजा में घटनाओं पर मध्यस्थों के साथ तत्काल संपर्क किया था। हनियेह ने चेतावनी दी थी कि गाजा में जो हो रहा है, उसके विनाशकारी परिणाम बातचीत की प्रक्रिया को एक स्तर पर ला सकते हैं। जानकारी के अनुसार, गाजा शहर में भीषण लड़ाई हुई। इजराइली सेना ने फलस्तीनी क्षेत्र के उत्तर में अपनी निकासी सीमा का विस्तार किया, जिससे हजारों फलस्तीनियों को भागना पड़ा। दूसरी तरफ नेतन्याहू ने एक बयान जारी किया, जिसमें दोहराया कि कोई भी समझौता इजराइल को गाजा में लौटने और युद्ध के सभी लक्ष्यों को प्राप्त होने तक लड़ने की अनुमति देगा। सूत्रों ने मीडिया को जानकारी दी कि सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स और इजराइल के मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया दोहा जाएंगे। वह कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी से मुलाकात करेंगे।

# पीएम मोदी ने भारतीयों के रूसी सेना में फंसे होने का मुद्दा उठाया पुतिन ने तुरंत किया बड़ा एलान



**मॉस्को ।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष रूसी सेना में भारतीयों के फंसे होने का मुद्दा उठाए जाने के बाद रूस ने रूसी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को बर्खास्त करने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि कई भारतीयों को धोखा देकर रूसी सेना में भर्ती करने का खुलासा हुआ था। दर्जनों भारतीय रूसी सेना में फंसे हैं और कई भारतीय रूस-यूक्रेन युद्ध में मोर्चे पर तैनात हैं। दो दिवसीय रूस यात्रा पर मॉस्को आए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन के साथ निजी रात्रिभोज में यह मुद्दा उठाया। जिस पर रूसी राष्ट्रपति अपनी सेना में कार्यरत सभी भारतीयों को बर्खास्त करने और उनकी भारत वापसी में मदद करने पर सहमत हो गए।

### रूसी सेना में फंसे भारतीयों का वीडियो हुआ था वायरल

उल्लेखनीय है कि अच्छी सैलरी का लालच देकर एजेंटों द्वारा करीब दो दर्जन भारतीयों को रूसी सेना में शामिल करा दिया है। इन भारतीयों को यूक्रेन युद्ध में मोर्चे पर तैनात किया गया है। इस साल की शुरुआत में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें पंजाब और हरियाणा के कुछ लोगों को रूसी सेना की वर्दी में देखा गया था। इस वीडियो में इन भारतीयों ने दावा किया कि उन्हें यूक्रेन में युद्ध लड़ने के लिए धोखा दिया गया। इन भारतीयों ने सरकार से उनकी वतन वापसी के लिए कोशिश करने की अपील की।

### भारत ने रूस के समक्ष जताई थी कड़ी आपत्ति

वीडियो सामने आने के बाद भारत सरकार ने रूस के समक्ष ये मुद्दा उठाया था। साथ ही सरकार ने धोखा और झूठे वादे कर भारतीयों को विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ भी कार्रवाई की बात कही थी। इसके बाद भारतीय जांच एजेंसियों ने ऐसे एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की और भारतीयों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ भी किया। जांच में पता चला कि एजेंटों ने कम से कम 35 भारतीयों को रूस भेजा था। रात्रिभोज में पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार फिर से निर्वाचित होने पर बधाई दी और भारतीय अर्थव्यवस्था की तरक्की की तारीफ की।

# यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल समेत पांच जगहों पर रूसी हमला, 30 से ज्यादा लोगों की मौत

**कीव ।**
रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बच्चों के एक अस्पताल समेत 5 जगहों पर मिसाइल हमले कर 30 से ज्यादा लोगों की जान ले ली। हमलों में 40 से अधिक मिसाइलें छोड़ी गईं, जिनमें हाइपरसोनिक किंजल मिसाइलें भी शामिल थीं।

मध्य यूक्रेन के शहर क्रिवी रिह में एक हमले में 10 लोग मारे गए। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा, हमले में 154 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई लोग गंभीर हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, इससे समझना चाहिए कि रूस किस हद तक मानवाधिकारों का दमन कर रहा है

उन्होंने कहा, कीव में ओखमाडाइट बच्चों के अस्पताल में भीषण हमला हुआ, जिसमें कई हिस्से आंशिक रूप से ढह गए। विंग के मलबे के नीचे लोगों की तलाश की जा रही है। यहां हताहतों की 1 संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है। ये हमले - वाशिंगटन में तीन दिनी नाटो शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर किए गए, जिसमें विचार होगा कि यूक्रेन को किस तरह अटूट समर्थन दिया जाए।



### हाइपरसोनिक मिसाइलों का किया गया इस्तेमाल

रूस ने कीव पर कई महीनों में सबसे बड़ी बमबारी की है। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि हमलों में हाइपरसोनिक किंजल मिसाइलें शामिल थीं, जो सबसे उन्नत रूसी हथियार है।

किंजल ध्वनि की गति से 10 गुना अधिक रफ्तार से उड़ती है, जिससे इसे रोकना मुश्किल हो जाता है। विस्फोटों से शहर की इमारतें हिल गईं। कुछ देर के लिए ऐसा लगा जैसे क्षेत्र में भूकंप आ गया है।

# प्रधानमंत्री के ऑस्ट्रिया दौरे पर प्रस्तुति देंगी डॉ. राधा अंजलि, कहा- प्रधानमंत्री की यात्रा से उत्साहित हूं

**वियना ।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रिय यात्रा पर भरतनाट्यम नृत्यांगना और ऑस्ट्रो-इंडियन एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. राधा अंजलि का खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हम पीएम मोदी की यात्रा से काफी उत्साहित हैं और हमारा समूह प्रधानमंत्री के आगमन पर समारोह में प्रस्तुति देगा। डॉ. राधा अंजलि ने कहा कि यह दोनों के संबंधों के लिए बहुत अच्छा और महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के संबंध पहले से काफी अच्चे रहे हैं और यह दोस्ती और प्रगाढ़ होगी। अंजलि ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑस्ट्रो-इंडियन एसोसिएशन पिछले 60 सालों से दोनों देशों के बीच मित्रता बढ़ाने का काम कर रही है। अभी जल्द ही हमने 60वीं वर्षगाठ मनाई है। मैं 2008 से एसोसिएशन की अध्यक्ष हूं। हमारा उद्देश्य नृत्य प्रदर्शन, संगीत कार्यक्रम, व्याख्यान के जरिए भारत की संस्कृति को ऑस्ट्रिया में बढ़ावा देना है, जिससे लोग भारत के बारे में जान सकें। ऑस्ट्रियाई होने के नाते मैं जब भारत जाऊंगी तो ऐसा ही प्रदर्शन के जरिए ऑस्ट्रिया की संस्कृति को भारत में भी प्रदर्शित कर सकती हूं। ऑस्ट्रो-इंडियन एसोसिएशन पिछले 60 वर्षों से दोनों देशों के बीच मित्रता के लिए काम कर रहा है। विभिन्न स्तर और हाल ही में हमारी 60वीं वर्षगांठ है। मैं 2008 से राष्ट्रपति हूं और हम जो काम कर रहे हैं वह नृत्य प्रदर्शन, संगीत कार्यक्रम, व्याख्यान और भारत के बारे में जानकारी के साथ ऑस्ट्रिया में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना है ऑस्ट्रियाई होने के नाते और क्योंकि मैं वहां अपने नृत्य समूह के साथ भी प्रदर्शन करता हूं, यह कुछ ऐसा है जिसे हम ऑस्ट्रिया से भारत में प्रस्तुत कर सकते हैं। 40 साल में पहली बार भारतीय प्रधानमंत्री का ऑस्ट्रिया दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही ऑस्ट्रिया के दौरे पर जाने वाले हैं। यह बीते 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला ऑस्ट्रिया दौरा है। दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों में लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून का शासन के साझा मूल्य वे आधार हैं, जिस पर दोनों देश करीबी साझेदारी का निर्माण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने यह टिप्पणी ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के उस सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में आई है, जिसमें नेहमर ने पीएम मोदी के स्वागत के लिए उत्सुक होने की बात कही थी। पीएम मोदी के स्वागत के लिए उत्सुक ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर ने एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा मैं अगले सप्ताह वियना में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। यह यात्रा एक विशेष सम्मान है।



# नाटो सदस्यों में अलग-थलग पड़ा कनाडा, रक्षा खर्च में कटौती से निशाने पर आए जस्टिन ट्रूडो

**वॉशिंगटन ।**

**नाटो के 32 सदस्य देशों में कनाडा अलग-थलग पड़ गया है। अमेरिका के एक मीडिया चैनल ने यह दावा किया है। उनका कहना है कि कनाडा अपने घरेलू रक्षा खर्च को तय सीमा तक खर्च नहीं कर पा रहा है। इसके चलते कनाडा की सेना के कई उपकरण पुराने हो गए हैं और कनाडा की सरकार में अभी रक्षा खर्च प्राथमिकता में भी नहीं है।**

यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है, जब कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो नाटो की बैठक में शामिल होने के लिए वॉशिंगटन डीसी पहुंचे। राष्ट्रपति जो बाइडन की अध्यक्षता में नाटो की अहम बैठक वॉशिंगटन में हो रही है।

### क्या कहा गया है कि रिपोर्ट में

नाटो की बैठक में प्रधानमंत्री ट्रूडो नाटो में कनाडा के योगदान पर बात रखेंगे, जिसमें ऑपरेशन रि-एश्योरेंस भी शामिल है, जो कनाडा की सबसे बड़ी सक्रिय विदेशी सैन्य तैनाती है। साथ ही ट्रूडो यूरो-अटलांटिक क्षेत्र की सुरक्षा, स्थिरता के लिए कनाडा की प्रतिबद्धता भी जाहिर करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कई वर्षों में, कनाडा 32 सदस्यीय गठबंधन के बीच अलग-थलग हो गया है। यह घरेलू सैन्य खर्च लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा है, साथ ही नए उपकरणों को फंड देने के लिए तय बेंचमार्क से पीछे रह गया है। फिलहाल कनाडा के उन लक्ष्यों को हासिल करने की कोई उम्मीद भी नजर नहीं आ रही।



### वादे के मुताबिक रक्षा खर्च नहीं कर पाया कनाडा

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, नाटो के 12 संस्थापक सदस्यों में से एक कनाडा ने साल 2014 में रूस के क्रीमिया पर कब्जा करने के बाद सकल घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने का वादा किया था। हालांकि कनाडा अपने वादे से काफी पीछे है। हालांकि नाटो के 32 सदस्य देशों में से 23 देशों ने रक्षा खर्च को लेकर तय लक्ष्यों को हासिल किया है। यूक्रेन पर हमले के बाद पुतिन को लेकर पूर्वी मोर्चे पर आशंकाएं बढ़ रही हैं। यही वजह है कि यूरोपीय देश अपना रक्षा खर्च बढ़ाने में जुटे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नाटो सम्मेलन के दौरान कनाडा पर अपने वादे को पूरा करने का दबाव डाला जा सकता है। इस बात की भी चिंता जताई जा रही है कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप जीत जाते हैं तो यूरोप की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट में अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी के हवाले से यह दावा किया गया है। कहा गया है कि कनाडा की सेना के कई हथियार और उपकरण अनुपलब्ध और अनुपयोगी हैं। कनाडा की सरकार इस दिशा में खास प्रयास भी नहीं कर रही है।

### अगले 20 वर्षों में सेना पर 73 अरब डॉलर खर्च करेगा कनाडा

बता दें कि साल 2024 के बजट में, कनाडा सरकार ने रक्षा खर्च में पाँच वर्षों में 8.1 अरब अमरीकी डॉलर और 20 वर्षों में 73 अरब अमरीकी डॉलर खर्च करने का एलान किया है। कनाडा की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक चुनौतियों का जवाब देने के लिए कनाडा सरकार ने यह ऐतिहासिक निवेश करने का एलान किया है। 2022 से, कनाडा ने यूक्रेन को समर्थन देते हुए 19 अरब अमरीकी डॉलर से अधिक की आर्थिक सहायता देने की प्रतिबद्धता जताई है। इसमें 4 अरब अमरीकी डॉलर की सैन्य सहायता शामिल हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, अन्य सहायता में 12.4 अरब अमरीकी डॉलर की वित्तीय सहायता, 35.2 करोड़ अमरीकी डॉलर की मानवीय सहायता, 44.2 करोड़ अमरीकी डॉलर की विकास सहायता और 21.0 करोड़ अमरीकी डॉलर से अधिक की सुरक्षा और स्थिरीकरण सहायता शामिल है।

# हाथरस भगदड़ कांड की एसआईटी रिपोर्ट पर योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई

## एसडीएम समेत 6 अधिकारी निलंबित

**लखनऊ ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सत्संग के बाद हुई दुर्घटना को लेकर एसआईटी ने मंगलवार को जांच रिपोर्ट सौंप दी। योगी सरकार ने इस रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। हाथरस जिले के सिकन्दराराऊ में विगत दो जुलाई को साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना की जांच के लिए राज्य सरकार ने दो सदस्यीय एसआईटी गठित की थी। एसआईटी ने 02, 03 और 05 जुलाई को घटना स्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता एवं प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी शामिल है। इसके अलावा घटना के संबंध में प्रकाशित समाचार की प्रतियां, स्थलीय विडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का संज्ञान लिया गया। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना के लिए कार्यक्रम आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना है। जांच समिति ने अब तक हुई जांच व कार्यवाही के आधार पर हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इनकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है। जांच समिति ने कार्यक्रम आयोजक तथा तहसील स्तरीय पुलिस व प्रशासन को भी दोषी पाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज ने अपने दायित्व के निर्वहन करने में लापरवाही बरतीं। एसडीएम सिकन्दराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किये आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया। उक्त अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया गया। एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की। इसके आधार पर राज्य सरकार ने एसडीएम सिकन्दराराऊ, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिकन्दराराऊ, थानाध्यक्ष सिकन्दराराऊ, तहसीलदार सिकन्दराराऊ, चौकी इन्चार्ज कचौरा एवं चौकी इन्चार्ज पोरा को निलंबित कर दिया है। एसआईटी के मुताबिक आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति ली। अनुमति के लिए लागू शर्तों का अनुपालन नहीं किया गया। आयोजकों द्वारा अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित कर पर्याप्त एवं सुचारू व्यवस्था नहीं की गई। न ही कार्यक्रम के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति की शर्तों का पालन किया गया। आयोजक मंडल से जुड़े लोग अव्यवस्था फैलाने के दोषी पाए गए हैं। आयोजक मंडल द्वारा पुलिस के साथ दुर्व्यहार किया गया। स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास किया गया। सत्संगकर्ता और भीड़ को बिना सुरक्षा प्रबंध के आपस में मिलने की छूट दी गई। भारी भीड़ के दृष्टिगत यहां किसी प्रकार की बैरीकेडिंग अथवा पैसेज की व्यवस्था नहीं बनाई गई थी और दुर्घटना घटित होने पर आयोजक मंडल के सदस्य घटना स्थल से भाग गए।

# छह महीने से पेयजल सप्लाई न आने से गुस्साए नागरिकों ने किया प्रदर्शन

**हिसार ( हिंस )।** हांसी में चल रहे पेयजल संकट से गुस्साए नागरिकों ने प्रदर्शन करके अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से दो दिन का समय मांगा है। पेयजल किल्लत से गुस्साए न्यू सुभाष नगर, काठ मंडी रोड व जगन्नाथ मंडी कालोनी की महिलाओं व पुरुषों ने मंगलवार को पूर्व पार्षद जयबीर सिहाग के नेतृत्व में लघु सचिवालय में प्रशासन, जनस्वास्थ्य विभाग तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम मोहित महराना को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि उनकी कालोनी में पिछले 6 महीनों से पानी सप्लाई का पानी नहीं आ रही है। उनके क्षेत्र में जमीनी पानी खारा है और उसी खारे पानी से गुजारा करना पड़ रहा है। न्यू सुभाष नगर कालोनी निवासी राजबाला ने बताया कि उनके वार्ड न॑ 17 में पिछले 6 महीनों से जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सप्लाई का पानी नहीं आ रहा हैं। पानी की मांग पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा हर बार जल्द पेयजल सप्लाई बहाल करवाने का आश्वासन देकर वापस घर भेज देते हैं। विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने पर एक-दो दिन पानी आता हैं। और उसके बाद



फिर से उन्हें नलके के खारे पानी का सहारा लेना पड़ता हैं। राजबाला ने बताया की खारे पानी से कालोनी के अधिकांश लोग एलर्जी, चर्म रोग व अन्य बिमारियों की चपेट आ चुके हैं। इस अवसर पर एसडीएम मोहित महराणा ने कालोनी के लोगों से पेयजल समस्या के समाधान के दो दिन का समय मांगते हुए कहा कि दो दिन में उनकी पेयजल समस्या का समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द पब्लिक हेल्थ के जेई को कालोनी भेजेंगे और जरुरत पड़ी तो वे स्वयं भी निरीक्षण करने जाएंगे। एसडीएम से दो दिन में समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शनकारी संतुष्ट नजर आए।

# उपभोक्ता हितों के प्रति सजग व प्रतिबद्ध है राज्य सरकार : मंत्री सुमित गोदारा

**जयपुर ( हिंस )।** राज्य के उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ता हितों के प्रति सजग व प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए शिक्षण संस्थानों, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। गोदारा ने वीसी के माध्यम से उपभोक्ता मामले एवं भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मानकीकरण-प्रमाणन एवं उपभोक्ता संरक्षण विषयक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्रबोधन कार्यक्रम में उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से वैश्विक उपभोक्ता बाजार में ई-कामर्स के तीव्र विकास से नई चुनौतियां आई है। उपभोक्ता इसके अनुचित व्यापारिक व्यवहार और अनैतिक कारोबार से अनभिज्ञ है। इसमें सुविधा के साथ दुविधा भी निहित है। इसके अलावा सोना चांदी के आभूषणों में उपभोक्ता का शोषण हो रहा है। इसकी शुद्धता की जांच के लिए ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों पर क्यू आर कोड का प्रदर्शन कराया जाएगा। क्यूआर कोड स्कैन करने पर उपभोक्ता को हॉलमार्किंग केंद्रों की जानकारी मिल जाएगी। प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जागरूकता अभियान की पहली कड़ी है। उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए सुसंवाद स्थापित किया जाए। उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र के सभी पहलुओं पर ज्ञान प्राप्त करने की चेष्टा के साथ ही फील्ड में जाकर अपने कर्तव्यों को अंजाम देने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाए। राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र कछावा ने कहा कि इस कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा अपने विचारों एवं सुझावों के साथ चिंतन मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हॉलमार्क व आई एस आई संस्था उत्पाद के प्रमाणीकरण में सावधानिया बरतें। आईएसआई में रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित हो और उसकी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध होनी चाहिए।

# भारत के युवाओं की आवाज का प्रतिनिधित्व कर रही अभाविप : आशीष चौहान

**प्रयागराज ( हिंस )।** आज अभाविप का 76वां स्थापना दिवस है और अभाविप की यह यात्रा भारत के विकास की यात्रा रही है। *ज्ञान, शील, एकता* ध्येय वाक्य के साथ कार्य करने वाले अभाविप कार्यकर्ताओं ने सदैव ही राष्ट्र प्रथम भावना के साथ कार्य किया है। आज अभाविप की आवाज, भारत के युवाओं की आवाज का प्रतिनिधित्व कर रही है और विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में कार्य कर रही है। उक्त विचार बतौर मुख्य वक्ता एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने मंगलवार को अभाविप के 76वें स्थापना दिवस पर ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अभाविप आज भारत के प्रत्येक परिसर में मौजूद है और व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र पुनर्निर्माण के ध्येय को लेकर काम कर रही है। अभाविप ही एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है, जो किसी दल विशेष का छात्र संगठन नहीं



है। अभाविप के प्रत्येक निर्णय अभाविप द्वारा स्वयं लिए, जाते हैं। वहीं अन्य छात्र संगठन किसी दल विशेष के ध्येय को साधने में व्यस्त हैं। श्री चौहान ने आगे कहा कि स्थापना काल से ही अभाविप विद्यार्थियों की समस्या के लिए कार्यरत है और यह यात्रा अविरल चलती रहेगी। अभाविप आज शैक्षिक परिसरों के साथ ही समाज के विभिन्न घटकों के लिए भी कार्य कर रही है। अभाविप सत्ता परिवर्तन नहीं अपितु समाज परिवर्तन हेतु कार्य करती है। शैक्षिक परिवेश को बेहतर बनाने तथा सामाज को एक सूत्र में पिरोने हेतु अभाविप के कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं और निरंतर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने खुद को कभी दलगत राजनीति का हिस्सा नहीं बनाया, आज भी छात्र हितों की बात जहां आती है अभाविप प्रखरता से उसके समाधान हेतु कार्य करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आनंद शंकर सिंह ने कहा कि अभाविप की कार्यशैली भारतीय समाज की कार्यशैली है और अभाविप के कार्यकर्ता राष्ट्र पुनर्निर्माण हेतु कार्यरत हैं। मैंने शुरुआती दिनों में कार्यकर्ता भाव विद्यार्थी परिषद के माध्यम से ही सीखा और जो सीखा वह आज भी स्मृति पटल पर बना हुआ है। छात्र शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है, यह अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा कहा जाता था और आज हम इसे चरितार्थ होते देख रहे हैं। अभाविप के केंद्रीय मीडिया टोली एवं प्रदेश मीडिया संयोजक अभिनव मिश्र ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने 75 वर्षों की यात्रा को पूर्ण कर 76वें वर्ष में प्रवेश किया है और आज विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में बनकर उभरी है। आज अभाविप शिक्षा के साथ समाज, पर्यावरण, सेवा, खेल, तकनीकी, आदि क्षेत्रों में भी प्रमुखता से कार्य कर रही है। आज देश भर में अभाविप के स्थापना दिवस को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर अभाविप ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष स्वाति पलक और इकाई मंत्री दिव्यांश उपाध्याय भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# छात्रों को अब 150 किलोमीटर तक मिलेगी बस पास सुविधा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने घोषणा की है कि प्रदेश के सरकारी एवं मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए अब बस-पास की सुविधा को 60 किलोमीटर से बढ़ाकर 150 किलोमीटर कर दिया है। इस निर्णय को छात्रों के हित में लिया गया बड़ा फैसला माना जा रहा है। मंगलवार को चंडीगढ़ में जारी एक जानकारी में गोयल ने कहा कि राज्य में स्थित ऐसे स्कूल/कॉलेज/संस्थानों में पढ़ने वाले राज्य के सभी छात्रों को रियायती बस पास जारी किए जाएंगे, जो संस्थान राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं/राज्य में किसी विश्वविद्यालय या बोर्ड से संबद्ध हैं। सरकार के इस निर्णय से प्रदेशभर के लाखों छात्र लाभान्वित होंगे। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा शैक्षणिक संस्थान से अधिकतम 150 किलोमीटर की सीमा तक बस-पास जारी किए जाएंगे, जो कि पहले केवल 60 किलोमीटर तक ही जारी होते थे। यह बस-पास स्कूल/कॉलेज/संस्था प्राधिकारियों की संस्तुति पर छमाही आधार पर जारी किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार जो भी स्कूल/कॉलेज/संस्था आदि अपने छात्रों का बस -पास बनवाना चाहते हैं।

# कन्हैयालाल हत्याकांड : मुख्य गवाह राजकुमार के घर पहुंचे सांसद, दी आर्थिक सहायता

**उदयपुर ( हिंस )।** उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत मंगलवार सुबह कन्हैयालाल हत्याकांड में मुख्य गवाह राजकुमार शर्मा के घर पहुंचे। वहां उन्होंने राजकुमार की कुशलक्षेम पूछी व उनके परिजनों से बातचीत की। इस दौरान सांसद ने राजकुमार की पत्नी पुष्पा देवी को 51 हजार रुपए की नकद सहायता राशि भेंट की। सांसद मन्नालाल रावत सुबह भाजपा जिलाध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली के साथ सुबह करीब 8 बजे बाबेलों की सेहरी रावजी का हाटा स्थित राजकुमार शर्मा



के निवास पहुंचे। पार्षद देवेंद्र साहू भी इस दौरान उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इसी 11 जुलाई को राजकुमार की बेटी का विवाह भी है। मन्नालाल रावत व रवींद्र श्रीमाली ने विवाह समारोह की तैयारियों के बारे में चर्चा की। पुष्पादेवी ने बताया कि विवाह की तैयारियां शुरु हो चुकी हैं और आज ही गणपति स्थापना है। सांसद ने कहा कि यह तो शुभ दिन है, इसलिए गुड़ खिलाइये। इस पर पुष्पा देवी ने सभी का मुंह मीठा कराया। पुष्पादेवी ने कहा कि जिस मौके पर आपने सहायता की है वह हम हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने निमंत्रण पत्रिका देकर सांसद मन्नालाल रावत व रवींद्र श्रीमाली को विवाह समारोह में आने का निमंत्रण दिया।

# टीवी पर देखकर खुद सीखा योग, अब 70 साल की उम्र में दूसरों को सिखा रहे महेंद्र

**जींद ( हिंस )।** बीपी, वजन बढने, फेफड़े खराब होने सहित अन्य बीमारियों से परेशान दुकानदार महेंद्र खापड़ ने टीवी पर योग गुरू रामदेव का योग देख कर योग करना शुरू किया। योग से बीमारी ठीक होने के बाद उसके मन में लोगों को भी योग के लिए प्रेरित करने का ऐसा जुनून सवार हुआ कि अब 70 से अधिक योग साधकों को आर्य समाज परिसर में योग सीखा रहे है। 2014 में वो योग सीखाने की शुरूआत निरंतर जारी है। मंगलवार को यहां जानकारी देते हुए महेंद्र खापड़ ने बताया कि उसे बीपी की शिकायत के साथ-साथ 90 किलो वजन था। फेफड़े खराब के चलते कफ से परेशान था। टीवी पर योगा गुरू रामदेव को योग सीखाते देखा तो योग करके बीमारी ठीक होने लगी। 2014 में शहर की बैकवर्ड धर्मशाला में लोगों को योग सीखने की शुरूआत की तो 10 के आस-पास ही योग करने के लिए लोग आते थे। ये शुरूआत निरंतर जारी रखते हुए लितानी रोड स्थित हनुमान मंदिर धर्मशाला, ओम शांति भवन, जैन स्थानक में योग शिविर लगातार चलाया। अब काफी महीनों से आर्य समाज परिसर एवं लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में योग सीखा रहे है।

# अररिया में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव बोले, सीमांचल को अलग राज्य बनाने की करूंगा मांग और चलाऊंगा मुहिम

**फारबिसगंज/अररिया ( हिंस )।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का अररिया में उनके कार्यकर्ताओं ने स्वागत सह सम्मान का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सीमांचल को हिंदू-मुस्लिम के बहाने अबतक ठगती आ रही है। सीमांचल को अलग राज्य बनाने की करूंगा और मुहिम चलाऊंगा। पप्पू यादव ने कहा कि सीमांचल के लोग हमारा परिवार हैं और मैं परिवार के लिए कोई भी कुर्बानी दे सकता हूं। साथ ही उन्होंने सीमांचल के अररिया, पूर्णिया, किशनगंज व कटिहार जिले के डॉक्टरों को चेताते हुए कहा कि सीमांचल क्षेत्र में डॉक्टर, पैथोलॉजी, एक्सरे व चिकित्सा से संबंधित माफियाओं को लूट में छूट की गारंटी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में अररिया व किशनगंज सबसे गरीब जिला है। इस क्षेत्र के पानी में आयरन होने के कारण यहां के लोग अधिक बीमार पड़ते हैं। इसलिए, उन्होंने पूर्णिया की तर्ज पर ही अररिया जिले के फिजिशियन डॉक्टर को



अपना फीस 300 व सर्जन को 500 रुपये महीना करने के साथ महीने में एक बार फीस लेने की अपील भी की। इसके लिए उन्होंने तीन महीने का उन्हें समय भी दिया। पूर्णिया सांसद ने कहा कि वह 24 घंटे सीमांचल की जनता के लिये जीते हैंथ यदि सीमांचल क्षेत्र की जनता सुख-चैन से नहीं है तो वह खुद भी चैन से नहीं बैठते हैं।

# धौलपुर में भाजपा महिला मोर्चा ने किया पौधारोपण

**धौलपुर ( हिंस )।** भाजपा महिला मोर्चा की धौलपुर जिला इकाई द्वारा मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहा *एक पेड़ मां के नाम* अभियान के अंतर्गत भाजपा



महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने पौधे रोपे। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा धौलपुर जिला संयोजक कल्पना शर्मा के नेतृत्व में धौलपुर जिले में वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जिला संयोजक कल्पना शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक मंडल पर 100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान की शुरुआत करते हुए महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने परशुराम धर्मशाला, भाजपा कार्यालय एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पौधे लगाकर हरियाली राजस्थान का संदेश दिया। कार्यक्रम में परशुराम ट्रस्ट के अध्यक्ष पीसी बोहरा, कार्यक्रम जिला संयोजक शशि त्यागी एवं कोषाध्यक्ष कमलेश सेन, जिला मंत्री नर्मदा शर्मा सहित महिला मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# शिवसेना डोगरा फ्रंट ने पाकिस्तान का पुतला जलाकर फिर से सर्जिकल स्ट्राइक की मांग

**कठुआ ( हिंस )।** जिला कठुआ की पहाड़ी तहसील बिलावर के बदनोता में हुए आतंकी हमले के विरोध में देश भर में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी हैं। शिवसेना डोगरा फ्रंट के कार्यकर्ताओं ने भी कठुआ के रेलवे रोड पर पाकिस्तान का पुतला जलाकर रोष व्यक्त किया। मंगलवार को शिवसेना डोगरा फ्रंट के जिला प्रधान नरेंद्र तांगड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसे अपील करते हुए कहा कि एक बार फिर से सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान का निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर में कायराना हमला कर हमारे देश के पांच जवानों को शहीद किया है इसकी शिवसेना डोगरा फ्रंट कड़ी निंदा करती है और प्रधानमंत्री इसे मांग करते हैं कि सर्जिकल स्ट्राइक की जाए और हमारे शहीद हुए जवानों का बदला लिया जाए। इसी के साथ साथ जम्मू-कश्मीर में बैठे कुछ आतंकवादियों के मददगार है उन्हें भी खोजकर मौत के घाट उतारा जाए। इसी बीच उन्होंने जम्मू कश्मीर की इंटेलिजेंस एजेंसियों पर



भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से सैकड़ों आतंकवादी जम्मू कश्मीर में घुसपैठ कर चुके हैं लेकिन हमारी एजेंसियां सोई हुई है, सबसे पहले इन पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर जबरदस्त फैंसिंग की गई है बीएसएफ का कड़ी निगरानी रहती है उसके बावजूद भी जिस प्रकार पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ हो रही है इससे कहीं न कहीं हमारे देश की एजेंसियों पर भी सवालिया निशान है।

# नौकरानी ने खाने में नशीला पदार्थ देकर पूरे परिवार को किया बेहोश, साथियों ने लूट लिया घर

**उदयपुर ( हिंस )।** उदयपुर में घर के ही नौकर द्वारा लूट की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घर में काम करने वाली नौकरानी ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर पूरे परिवार को बेहाश कर दिया। इसके बाद उसके चार साथियों ने पूरे घर पर हाथ साफ कर दिया। वे गहने-नकदी-कीमती सामान सब लूट ले गए। मामला एक मिनरल व्यवसायी से जुड़ा है। घटना उदयपुर के सुखेर थाना इलाके के न्यू मॉडर्न कॉम्प्लेक्स की मंगलवार तड़के 4.30 बजे की है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के अनुसार लूट की घटना न्यू मॉडर्न कॉम्प्लेक्स में संजय गांधी के घर हुई। शुरुआती जानकारी में सामने आया कि किसी परिचित के कहने पर 1 माह महीने पहले ही उन्होंने करिश्मा नाम की नौकरानी को काम पर रखा था। देर रात नौकरानी ने गांधी परिवार के खाने में नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया। इसके बाद अपने 4 साथियों को बुलाकर लूट की है। परिवार में उस वक्त संजय गांधी (47), पत्नी शिल्पा गांधी (40), बेटी नियोनिका (18) और बेटा शौर्य (10) थे। कॉलोनी के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। अस्पताल में भर्ती संजय और उनकी पत्नी को शाम तक होश नहीं आया था। ऐसे में घर से कितना माल गया, उसका पता नहीं चल पाया है। कारोबारी के बेटा और बेटी होश में हैं, उनसे मामले को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। आस-पास के लोगों ने नौकरानी को नेपाली बताया है। उदयपुर पुलिस ने नेपाल पुलिस से भी मदद मांगी है। कारोबारी के घर के सामने रहने वाले न्यू मॉडर्न कॉम्प्लेक्स विकास समिति के अध्यक्ष विवेक सिंह राजावत बताते हैं कि सुबह वे टॉयलेट करने उठे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि सामने के घर में संजय गांधी की बेटी नियोनिका कुछ इशारों में कह रही थी। ध्यान से देखा तो उसके हाथ-पैर बंधे थे और उसके मुंह पर पट्टी बंधी थी। मैं और पत्नी गांधी के घर पहुंचे। उन्होंने रस्सियां खोलने की कोशिश की, लेकिन नहीं खुलीं। पत्नी कैंची लेकर आई और रस्सियां काटीं। इसके बाद नियोनिका ने पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद सोसायटी सचिव हिमांशु मेहता भी आ गए। अंदर जाकर देखा तो संजय, उनकी पत्नी शिल्पा और बेटा शौर्य फर्श पर बेहोश पड़े थे। घर की बेडशीट और अन्य रस्सियों के सहारे पूरे परिवार को बांधा गया था। इसके बाद सुखेर थाने में सूचना दी गई। चारों सदस्यों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने कारोबारी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पता चला कि उनसे वारदात से पहले ही छेड़छाड़ कर दी गई थी। हालांकि, पुलिस को घर का एक सीसीटीवी फुटेज मिला है। इसमें 12.30 बजे कुछ लोगों का मूवमेंट नजर आ रहा है। ऐसे में बिजनेसमैन के घर के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस वारदात ने शहरवासियों के लिए जरूर परेशानी खड़ी कर दी है। नियम है कि घर हो या दुकान, कहीं भी नौकर रखने से पहले उनका पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाना अनिवार्य है, लेकिन अक्सर ऐसा नहीं किया जाता है। शहर में बड़ी संख्या में व्यापारियों के यहां अन्य राज्यों के लोग काम कर रहे हैं, लेकिन पुलिस के पास उनकी कोई जानकारी नहीं दी जाती।

# राज्यपाल ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाई



**जयपुर ( हिंस )।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन में मोहन लाल लाठर को मुख्य सूचना आयुक्त तथा सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। इन सभी ने ईश्वर के नाम पर हिंदी भाषा में शपथ ली। आरंभ में राज्यपाल मिश्र को मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाने का आग्रह किया। राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने लाठर को मुख्य सूचना आयुक्त तथा सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त बनने पर बधाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्यगण, भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारीगण, राज्यपाल सचिव कविता सिंह, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जाएसवाल सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे।



# दिल्ली के बाद मुंबई में भी सीएनजी और पीएनजी गैस की कीमतों में बढ़ोतरी, एमजीएल ने किए ये बदलाव

**नई दिल्ली ।**
दिल्ली के बाद मुंबई में भी सीएनजी की कीमत 1.50 रुपये प्रति किलोग्राम और पाइप से घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस (पीएनजी) की कीमत में एक रुपये की बढ़ोतरी की गई है। मुंबई और आसपास के शहरों में वाहनों के लिये सीएनजी और घरों में पाइप से प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की आपूर्ति करने वाली महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने कहा है कि बढ़ी हुई कीमतें आठ और नौ जुलाई की मध्य रात्रि रात से लागू होंगीं।

कंपनी ने एक बयान में कहा, सीएनजी और घरेलू पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) सेगमेंट की बढ़ती मात्रा को पूरा करने के लिए और घरेलू गैस आवंटन में कमी के कारण, एमजीएल अतिरिक्त बाजार मूल्य पर प्राकृतिक गैस (आयातित एलएनजी) की सोर्सिंग कर रही है, जिसके कारण गैस की लागत अधिक है।

कंपनी के अनुसार गैस लागत में हुई वृद्धि की आंशिक भरपाई के लिए सीएनजी की डिलीवरी कीमत में 1.50 रुपये प्रति किलोग्राम और घरेलू पीएनजी की कीमत में 1 रुपये प्रति मानक क्यूबिक मीटर (एससीएम) की बढ़ोतरी की गई है। इससे, मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में सभी करों सहित सीएनजी की संशोधित डिलिवरी मूल्य 75 रुपये प्रति किलोग्राम और घरेलू पीएनजी की कीमत 48 रुपये प्रति एससीएम होगी।

राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों के लिए सिटी गैस लाइसेंस धारक इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने 22 जून को दिल्ली में सीएनजी की कीमत एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाकर 75.09 रुपये कर दी थी। हालांकि, दिल्ली में पीएनजी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है यह 48.59 रुपये प्रति एससीएम बनी हुई है।

कंपनी ने कहा, उपरोक्त संशोधन के बाद भी, एमजीएल की सीएनजी मुंबई में मौजूदा मूल्य स्तरों पर पेट्रोल और डीजल की तुलना में क्रमश: लगभग 50 प्रतिशत और 17 प्रतिशत की आकर्षक बचत प्रदान करती है, जबकि एमजीएल की घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं को बेजोड़ सुविधा, सुरक्षा, विश्वसनीयता और पर्यावरण के लिहाज से श्रेष्ठता प्रदान करती है। मामूली वृद्धि के बाद भी, एमजीएल की सीएनजी और घरेलू पीएनजी की कीमत देश में सबसे कम है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एचएमडी विव फोन मिलेगा मेटल फ्रेम और बेहतरीन डिज़ाइन में, फोन को लेकर लीक रिपोर्ट में भी जानकारी मिली




**नई दिल्ली ।** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एचएमडी ग्लोबल ने नए फोन एचएमडी विव का ऐलान कर दिया है। अब आने वाले मिड-रेंज एचएमडी विव फोन को लेकर लीक रिपोर्ट में भी जानकारी मिली है। लीक में रेट्रो नोकिया लूमिया डिज़ाइन और दमदार 108-मेगापिक्सेल कैमरे के साथ हाई-एंड एचएमडी स्काईलाइन की झलक पहले ही पेश की जा चुकी है। एचएमडी विव के डिजाइन के बारे में बात करें तो उम्मीद की जा रही है कि फोन थोड़ा राउंड डिज़ाइन वाले मेटल फ्रेम के साथ आएगा। इसका फिंगरप्रिंट सेंसर इसके पावर बटन में दिया जाएगा।इसमें दो लेंस और एक एलईडी फ्लैश के साथ एक रेक्टैंगुलर कैमरा मॉड्यूल होगा। बताया गया है कि ये फोन तीन कलर ऑप्शन मेट्योर ब्लैक, आइस और वेलवेट में आ सकता है। कहा जा रहा है कि ये एक मिड-रेंज फोन होगा, और इसमें 1080 पी प्लस रेज़ोलूशन वाला ओलेड डिस्प्ले होने की बात सामने आई है।ये नया 6एनएम एआरएम प्रोसेसर 2.3 जीएचझेड तक चलने वाले दो हाई-परफॉर्मेंस वाले एआरएम कारटेक्स-ए78 कोर और 2.0 जीएचझेड पर चलने वाले छह कारटेक्स-ए55 कोर के साथ आता है। ऐसा कहा जा रहा है कि एचएमडी व्यू को कम से कम एक वेरिएंट 8 जीबी रैम के साथ पेश किया जाएगा। फोन की कीमत के बारे में कोई खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन लीक में एक कॉम्पैक्ट डिज़ाइन, एक ओलेड डिस्प्ले, एक 50-मेगापिक्सल कैमरा और एक लंबे समय तक चलने वाली बैटरी होने की बात कंफर्म की गई है। ऐसा कहा जाता है कि कैमरा सेटअप के तौर पर फोन में 50-मेगापिक्सल के प्राइमरी सेंसर के साथ एक सेकेंडरी लेंस मिलता है। पावर के लिए फोन में 4700 एमएएच की बैटरी होने की उम्मीद की जा रही है।

### मारुति ब्रेजा उरबानो एडिशन किया पेश




**नई दिल्ली ।** बेहतरीन कारें बनाने वाली कंपनी मारुति सुज़ुकी ने ब्रेज़ा कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए एक स्पेशल एडिशन पेश किया है। उरबानो एडिशन अपनी उपकरण सूची को बेहतरीन बनाने के लिए एंट्री-लेवल एलएक्सआई और मिड-लेवल वीएक्सआई वेरिएंट पर उपलब्ध करवाया गया है। यह एडिशन पेट्रोल और सीएनजी दोनों पावरट्रेन ऑप्शन के साथ उपलब्ध है। मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों ट्रिम्स को नया पैकेज मिलता है। इस एडिशन को 8.49 लाख रुपये की कीमत पर पेश किया गया है। इसमें अनिवार्य रूप से रियायती मूल्य पर कई सहायक उपकरण शामिल हैं। ब्रेज़ा एलएक्सआई के लिए उरबानो एडिशन में एक रियर पार्किंग कैमरा, एक टचस्क्रीन, स्पीकर, फ्रंट फॉग लैंप, फॉग लैंप गार्निश, फ्रंट और रियर स्किड प्लेट, फ्रंट ग्रिल क्रोम गार्निश, बॉडी साइड मोल्डिंग और एक व्हील आर्क किट शामिल है। स्टैंडअलोन खरीदने पर इन एक्सेसरीज़ की कीमत 52,370 रुपये होगी। वीएक्सआई वेरिएंट के साथ जोड़े जाने पर, उरबानो एडिशन एक रियर कैमरा, फॉग लैंप, एक विशेष डैशबोर्ड ट्रिम, बॉडी साइड मोल्डिंग, व्हील आर्क किट, मेटल सिल गार्ड, एक पंजीकरण प्लेट फ्रेम और 3 डी फ्लोर मैट के आएगा। इसमें आप अलग से 26,149 रुपये के प्राइज़ पर एक्सेसरीज़ और 18,500 रुपये की किट खरीद सकते हैं।

### सोना 72300 और चांदी 92,500 के पार



**नई दिल्ली ।** सोना-चांदी की कीमतों में मामूली बढ़त देखने को मिली है। सोने का भाव लगभग 20 रुपये प्रति 10 ग्राम मजबूत हुआ है, जबकि चांदी में भी करीब 20 रुपये प्रति किलो की बढ़त देखने को मिली है। इससे पहले सोना और चांदी दोनों धातुओं की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 5 अगस्त की वायदा डिलीवरी वाला सोना 72343 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है, जबकि 4 अक्टूबर की वायदा डिलीवरी वाला सोना 72755 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा 5 दिसंबर की फ्यूचर डिलीवरी वाला सोने में लगभग 250 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है, जिसके बाद यह 72964 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है।

# पहले गर्मी और अब बारिश की मार से बढ़ गए सब्जियों के भाव, आगे भी नरमी के नहीं हैं कोई आसार



**नई दिल्ली।**
उत्तरी भारत में जिसमें उत्तर प्रदेश , दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा शामिल हैं, यहांटमाटर की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। इनकी कीमतों में फिलहाल कोई नरमी की उम्मीद नहीं है। दअसल, किसानों का कहना है कि मुराबादाब रीजन में भारी बारिश की वजह से टमाटर की फसस खराब हो गई है। मुराबादाब रीजन में टमाटर का प्रोडक्शन भारी मात्रा में होता है। यहां से टमाटर उत्तर-प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में सप्लाई होता है। अब भारी बारिश की वजह से टमाटर के फसल खराब हो गए जिसकी वजह से सही मात्रा में टमाटर की सप्लाई नहीं हो रही है। किसानों ने बताया कि खेत में बारिश का पानी जमा हो गया है। ऐसे में खेत टमाटर के फसल खेत में ही सड़ गए हैं और पूरी फसल खराब हो गई है। ऐसे में किसान दूसरे फसलों की उपज के लिए टमाटर के पौधे को उखाड़ रहे हैं।

### सरकार से राहत की उम्मीद

वर्तमान में मानसून की वजह से फसल खराब हो रहे हैं। इससे पहले भारी गर्मी की वजह से टमाटर की फसल खराब हो गई थी। हीटवेव की वजह से टमाटर की फसलें झुलस गई थी, अब बारिश की वजह से फसल सड़ रही है। टमाटर किसानों का कहना है कि उन्हें पहले भी टमाटर की अच्छी कीमत नहीं मिली थी।

अब भारी बारिश के बाद उन्हें लाभ की कोई उम्मीद नहीं है। ऐसे में किसान सरकारी सहायता की गुहार लगा रहे हैं। टमाटर के प्रोडक्शन में आई कमी का असर किसानों के साथ सब्जी विक्रेता पर पड़ा है। राजस्थान के अजमेर शहर के सब्जी विक्रेता ने कहा कि मानसून सीजन में सब्जियों की कीमतों में तेजी आ गई। सब्जियों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी होने की वजह से सब्जी विक्रेता को भी परेशानी हो रही है।

### इतनी महंगी हुई सब्जी

जुलाई में हुई बारिश के बाद हरी सब्जियों के साथ आलू-प्याज और टमाटर की कीमतों में शानदार उछाल आया। जून में जहां टमाटर 40 रुपये से 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा था वह जुलाई में 75 रुपये से 80 रुपये प्रति किलो हो गया है। इसी तरह आलू भी 25 रुपये से 30 रुपये प्रति किलोग्राम था जो अब 40 रुपये से 45 रुपये हो गया है। प्याज भी कुछ समय पहले तक 25 रुपये से 30 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा था, जो अब 40 रुपये से 45 रुपये प्रति किलो हो गया है।

### एसी-एलईडी लाइट के लिए 15 से फिर मांगे जाएंगे आवेदन नए आवेदकों के साथ मौजूदा लाभार्थी भी कर सकेंगे

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, पीएलआई योजना के तहत व्हाइट गुड्स उद्योग अधिक निवेश करना चाहता है। इसे ध्यान में रखते हुए आवेदन प्रक्रिया 15 जुलाई से 12 अक्तूबर तक खुली रहेगी। समय सीमा खत्म होने के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। सरकार एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइट जैसे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया 15 जुलाई से 90 दिन के लिए फिर शुरू करने जा रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, पीएलआई योजना के तहत व्हाइट गुड्स उद्योग अधिक निवेश करना चाहता है। इसे ध्यान में रखते हुए आवेदन प्रक्रिया 15 जुलाई से 12 अक्तूबर तक खुली रहेगी। समय सीमा खत्म होने के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह के भेदभाव से बचने के लिए नए आवेदकों के साथ मौजूदा लाभार्थियों को भी निवेश बढ़ाकर आवेदन के लिए पात्र बनाया गया है। आवेदक योजना की शेष अवधि के लिए ही प्रोत्साहन पा सकेंगे।तीसरे दौर में स्वीकृत आवेदक अधिकतम तीन साल के लिए पात्र होंगे। सिर्फ नए आवेदक, मार्च, 2023 तक की निवेश अवधि चुनने वाले और निवेश बढ़ाने की मंशा रखने वाले मौजूदा लाभार्थी ही इसके पात्र होंगे।

# भारत में पिछले साल रोजगार वृद्धि दर छह प्रतिशत रही आरबीआई ने रिपोर्ट जारी की



**नई दिल्ली ।**
भारतीय रिजर्व बैंक ने जानकारी देते हुए बताया है कि पिछले वित्त वर्ष में भारत में 46.7 मिलियन नौकरियां और मिली हैं। हालांकि यह आंकड़ा निजी सर्वेक्षणों की संख्या से कहीं ज्यादा है, जिनमें उच्च बेरोजगारी दर की बात कही गई थी। पिछेल साल रोजगार वृद्धि दर 6 प्रतिशत रही आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक उद्योग स्तर की उत्पादकता और रोजगार को मापने पर पता चलता है कि 2023-24 में रोजगार वृद्धि दर 6 प्रतिशत रही, जबकि 2022-23 में यह 3.2 प्रतिशत थी। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार 2023-24 में भारत का कुल रोजगार 643.3 मिलियन था, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 596.7 मिलियन था। केंद्रीय बैंक देश की उत्पादकता और रोजगार के स्तर का अनुमान लगाने के लिए सरकार के राष्ट्रीय खातों और श्रम मंत्रालय के डेटा का उपयोग करता है। नियमित रूप से रोजगार के आंकड़े जारी करता है केंद्रीय बैंक रोजगार से संबंधित रिपोर्ट केंद्रीय बैंक की ओर से नियमित रूप से जारी की जाती है, जिसमें परंपरागत रूप से केवल ऐतिहासिक संख्याएं ही दिखाई जाती हैं। हालांकि, जारी की गई रिपोर्ट को लेकर केंद्रीय बैंक ने कहा कि वह उपलब्ध जानकारी के आधार पर पहली बार वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल अर्थव्यवस्था के लिए उत्पादकता का एक अनुमान लगाने का प्रयास किया गया है।

### भाजपा के कम सीटें पाने पर महंगाई और बेरोजगारी को बताया गया था बढ़ा कारण

विश्लेषकों ने नौकरियों की कमी और उच्च मुद्रास्फीति को पिछले महीने संसद के सीधे निर्वाचित सदन में बहुमत हासिल करने में पीएम मोदी की विफलता से जोड़ा, जिसका अर्थ है कि उन्हें तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौटने के लिए सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ा।

# देश में घर खरीदने वालों को धोखा दिया जा रहा बिल्डर-खरीदार समझौतों में आए एकरूपता

**नई दिल्ली ।**
प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से समान बिल्डर-खरीदार समझौते तैयार करने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में बिल्डर-खरीदार समझौतों में एकरूपता लाने की आवश्यकता है क्योंकि पूरे भारत में बिल्डर संपत्ति खरीदारों को धोखा दे रहे हैं। अदालत ने यह टिप्पणी अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम भारत संघ मामले में की। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से समान बिल्डर-खरीदार समझौते तैयार करने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, बिल्डरों की ओर से खरीदारों को धोखा दिया जा रहा है और यही कारण है कि




अब एकरूपता की आवश्यकता है। इस मामले में न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता देवाशीष भारुका ने पहले अदालत को बताया था कि बिल्डर-खरीदार समझौतों के मसौदे के साथ एक अंतिम स्थिति रिपोर्ट रिकॉर्ड पर रखी गई है। अदालत को यह भी बताया गया कि इस बारे में राज्य सरकारों के सुझाव मिले हैं और उन्हें भी रिपोर्ट में शामिल किया गया है। अदालत ने कहा, हमें न्यायमित्र की रिपोर्ट देखने की जरूरत है और हम क्रेडाई की आपत्तियों को देखेंगे। हमें इसे रिकॉर्ड पर लेना होगा होगा और कहना होगा कि सभी राज्यों को इसे अमल में लाने की जरूरत है। इसमें एकरूपता की आवश्यकता है, अदालत ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 19 जुलाई की तारीख तय की है।

# पटना मेट्रो पर तेजी से हो रहा काम, मई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य, मंत्री ने दी जानकारी

**पटना।**
बिहार की राजधानी पटना में मेट्रो का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेट्रो सेवा शुरू होने से लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। साथ ही शहर में रोज घंटो लगने वाले जाम से भी जनता को निजात मिलेगी। मेट्रो के सभी चरणों के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य चल रहा है।भाजपा विधायक और नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने मीडिया से बातचीत में इसकी पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेट्रो के फर्स्ट फेज का काम तेजी से चल रहा है। मलाही पकरी से बस स्टैंड तक इसकी कनेक्टिविटी होगी।

इस प्रोजेक्ट के कई अलग-अगल फेज हैं। पीसी-01 और पीसी-02 को हम लोग पहले चरण में पूरा करना चाहते हैं। उसके बाद पीसी-03, पीसी-04 समेत अलग-अलग स्टेज पर काम होगा। पटना मेट्रो के विस्तारीकरण के लिए 20 प्रतिशत स्टेट शेयर, 20 प्रतिशत सेंट्रल शेयर के साथ 60 प्रतिशत लोन से फंडिंग हो रही है। इसके माध्यम से मेट्रो के काम में तेजी आएगी।



उन्होंने बताया कि जिका से अनुमति के बाद लोन के लिए निविदा की प्रक्रिया चल रही है। हमारा प्रयास है कि मेट्रो के बाकी बचे जो फेज हैं उसका भी काम जल्द पूरा किया जाएगा। पटना के अलावा मेट्रो के विस्तारीकरण की योजना अगल-बगल के शहरों के लिए भी बनाई जा रही है।

इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है, जिसके पूरा होते ही इसे केंद्र को भेजा जाएगा। इसमें भागलपुर, गया, मुजफ्फरपुर और दरभंगा, ये चार बड़े शहर शामिल हैं।

# बिक गई लाल सिंह चड्ढा की ओरिजिनल बनाने वाली कंपनी

**नई दिल्ली ।**
डेविड एलिसन की अमेरिकी प्रोडक्शन स्काईडांस मीडिया ने पैरामाउंट ग्लोबल का अधिग्रहण कर लिया है। स्काईडांस इसका एलान किया और बताया कि इसके लिए वे करीब 8 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगे। कंपनी को पैरामाउंट के निदेशक मंडल की एक विशेष समिति से मंजूरी मिली थी। इसके बाद पूरे बोर्ड ने दो-चरणीय लेन-देन की योजना को मंजूरी दी।

### वित्तीय साझेदार रही हैं दोनों कंपनी

स्काईडांस का 15 वर्षों का इतिहास है। वह मिशन: इम्पॉसिबल, ट्रांसफॉर्मर्स और टॉप गन सहित कई चर्चित फ्रेंचाइजी में पैरामाउंट के साथ साझेदार के रूप में जुड़ी रही है। स्काईडांस और पैरामाउंट ग्लोबल कई चर्चित फिल्मी प्रोजेक्ट में वित्तीय साझेदार रही हैं। लेकिन, अब इस अधिग्रहण के बाद पैरामाउंट ग्लोबल, स्काईडांस में मर्ज हो जाएगी। पैरामाउंट पिक्चर्स कॉर्पोरेशन को पैरामाउंट के नाम से भी जाना जाता है। यह अमेरिकी की फिल्म और टेलीविजन उत्पादन और वितरण कंपनी है। यह दुनिया का छठा सबसे पुराना फिल्म स्टूडियो है।





### लाल सिंह चड्ढा से है कनेक्शन!


पैरामाउंट ग्लोबल का आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा से भी कनेक्शन है। दरअसल, लाल सिंह चड्ढा जिस अमेरिकी फिल्म फॉरेस्ट गंप पर बनी है, उस फिल्म को पैरामाउंट ने ही बनाया है। पैरामाउंट के स्काईडांस में विलय की घोषणा के बाद पैरामाउंट का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। डेविड एलिसन की योजना मुनाफे में सुधार, रचनात्मकता में स्थिरता और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। साथ ही तेजी से बढ़ते ओटीटी डिजिटल प्लेटफार्मों में और ज्याद निवेश पर फोकस करना भी है।

### 2025 तक पूरी होगी डील

फरवरी के महीने में पैरामाउंट ने दुनियाभर में करीब 800 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की। यह छटनी कंपनी ने अपने नेटवर्क और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पैरामाउंट+ पर सुपर बाउल के दौरान रिकॉर्ड दर्शकों के बावजूद की गई। पिछले साल के आखिर में पैरामाउंट ने अधिग्रहण का लक्ष्य बनाया था, इसके कुछ समय बाद ही छंटनी की गई। कंपनी ने वार्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी के सीईओ डेविड जस्लाव, निर्माता बायरन एलन और निजी इक्विटी फर्म अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के साथ कंपनी के विलय पर चर्चा की थी। हालांकि, अब इसका विलय स्काईडांस के साथ हुआ है। दोनों कंपनियों की बीच हुई विलय की डील 2025 तक पूरी होगी।

# संगीत सेरेमनी में 1 लाख 92 हजार की साड़ी में पहनी थी दीपिका ने

## -खूबसूरत बैंगनी साड़ी को बनाने में लगे हैं 3,400 घंटे



**मुंबई (ईएमएस)।** प्रेग्नेंसी में बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने पहली बार अपने साड़ी लुक को शेयर किया है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के संगीत सेरेमनी में दीपिका पर्पल साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपनी साड़ी को बहुत खूबसूरती से कैरी किया है। साड़ी पर हैंडमेड वर्क है जो दिखने में बेहद रॉयल लग रही है। मां बनने जा रही दीपिका पादुकोण की खूबसूरत बैंगनी साड़ी को बनाने में 3,400 घंटे लगे हैं। यह साड़ी लेबल तोरानी की अलमारियों से है। इस साड़ी का फैब्रिक ऑरगेंजा और जेनी सिल्क है। साड़ी पर हाथ से कढ़ाई की गई है। इसमें मोती, जरी और डोरी की सजावट है। इस साड़ी की किमत 1 लाख 92 हजार है। तोरानी साड़ी को हुकुम की रानी साड़ी सेट कहा जाता है। यह उनके कॉउचर कलेक्शन लीला से है। दीपिका पादुकोण ने इस साड़ी पर डीप नेकलाइन,हाफ-लेंथ स्लीव्स और क्रॉप्ड हेम वाले मैचिंग ब्लाउज को वियर किया है। वहीं ज्वेलरी में उन्होंने मोतियों से बने चोकर नेकलेस, मैचिंग इयरिंग्स और रिंग्स के साथ लुक को कंप्लीट किया है। मेकअप के लिए उन्होंने बोल्ड विंग्ड आईलाइनर, स्मोकी आईज, कोहल-लाइन्ड लिड्स, फेदर ब्रोज, मॉव लिप शेड, रूज-टिंटेड चीक्स और मस्कारा से पलकें को घनी बनाई हैं। दीपिका इस साल दीपिका सितंबर में पति रणवीर सिंह के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। यह कपल लगभग 6 साल से खु-शहाल शादीशुदा जिंदगी जी रहा है। बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं और आए दिन वे सोशल मीडिया पर अपने बेबी बंप की तस्वीरें शेयर करती हैं।

# मैं पिछले 5-6 साल से अकेली हूं: मनीषा कोइराला

## -एक्ट्रेस ने खुद से किया सवाल- मैं गलत लोगों के प्यार में क्यों पड़ी



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस मनीषा कोइराला ने कहा- मैंने इस बात पर गौर किया कि मैं सिर्फ गलत लोगों के प्यार में क्यों पड़ी। मैं सोचती थी कि मैं बार-बार ऐसा क्यों कर रही हूं या फिर मेरे साथ कुछ गड़बड़ है, जो मैं सिर्फ और सिर्फ सबसे ज्यादा परेशान रहने वाले या गलत व्यक्ति की ओर आकर्षित हो रही हूं। मैंने सोचा कि सबसे पहले मुझे इस बात पर काम करना होगा कि मुझे क्या परेशान कर रहा है। मनीषा ने आगे कहा- मैं पिछले 5-6 साल से अकेली हूं और मैं फिलहाल किसी के भी साथ घुलने-मिलने के मूड में नहीं हूं, क्योंकि मुझे अब भी लगता है कि मुझे खुद पर बहुत काम करने की जरूरत है। मैं एक अच्छे रिश्ते में आना चाहूंगी, जहां मुझे लगे कि हम दोनों एक-दूसरे को स्वीकार करते हैं और एक-दूसरे के लिए ईमानदार हैं। यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि हमें आगे बढ़ने के लिए क्या सीखने की जरूरत है और क्या हम अपने सफर में एक-दूसरे का समर्थन कर सकते हैं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहना चाहती हूं, जिसके पास सपने हों, महत्वाकांक्षाएं हों और कोई जुनून हो, क्योंकि मैं बहुत भावुक इंसान हूं। इस-के अलावा एक्ट्रेस ने कहा- मैं एक बाहरी कलाकार थी, नेपाल से आई थी। नादान थी। मुझे सही या गलत का पता नहीं था। मुझे लगता था कि अकेलेपन को एक प्रेमी या साथी भर सकता है, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ। वो आदमी रिश्तों के बारे में बहुत रोमांटिक बातें करते थे। मैं हर बार उन्हें माफ कर आगे बढ़ जाती थी। समय और उम्र के साथ मुझे अहसास हुआ कि मैंने अपने आस-पास बहुत से अनावश्यक लोग जुटा लिए हैं। बता दें मनीषा का नाम एक्टर विवेक मुशरान और नाना पाटेकर के साथ जुड़ा था। प्यार में बार-बार धोखा मिलने के बाद उन्होंने नेपाली बिजनेसमैन सम्राट दहल से शादी की, जो सिर्फ 2 साल चली। एक्ट्रेस मनीषा कोइराला संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में नजर आई थी। इसमें एक्ट्रेस के काम को काफी पसंद किया गया।

# ट्रोलर्स कुछ भी बोले उन्हें फर्क नहीं पड़ता : हुमा कुरैशी

## -पहले दुख होता था, लेकिन अब इग्नोर करती हूं



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने ट्रोल्स को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्हें पहले दुख होता था, लेकिन अब वह उन्हें इग्नोर करती हैं और वो कुछ भी बोले उन्हें फर्क नहीं पड़ता। हुमा कुरैशी बॉलीवुड की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग के बारे में बात की और बताया कि वह उससे कैसे निपटती हैं। दरअसल, हुमा ने हाल ही में यूनाइटेड नेशन पॉपुलेशन फंड (यूएनएफपीए) के भारत में 50 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में इस विषय पर बात की। इस कार्यक्रम में एक्ट्रेस वर्चुअली शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को साइबर क्राइम के खिलाफ खड़े होने और जागरुक रहने पर जोर दिया। ट्रोलिंग को लेकर हुए एक सवाल के जवाब में हुमा ने कहा, एक एक्टर के लिए ट्रोलिंग झेलना रोज का काम है। कुछ लिखो या फोटो पोस्ट करो, उसके लेकर 25 तरह के कॉमेंट आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि शुरूआत में, मैं इससे प्रभावित हो जाती थी, बहुत बुरा लगता था कि लोग ऐसा क्यों बोल रहे हैं? इतने कॉमेंट्स क्यों आ रहे है?हुमा ने आगे कहा, कुछ लोग बहुत चीप तरीके से बात करते हैं। तरला एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मैंने उन्हें इग्नोर करना शुरू किया। मैं कॉमेंट पर ध्यान ही नहीं देती। क्योंकि अगर मैंने ऐसा किया तो ये मेरे काम को प्रभावित करेंगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। उन्होंने ट्रोलिंग से निपटने के लिए आप लोगों के नजरिए को मत आंको। क्योंकि आप हर किसा का नजरिया नहीं बदल सकते हो। हुमा ने आगे कहा कि कुछ लोग अपनी जिंदगी से इतने नाखुश हैं कि उन्हें बाहर ऐसी गंदगी फैलाकर मजा आता है। डबल एक्सएल एक्ट्रेस ने आगे कहा, जब कभी मैं ऐसे कॉमेंट देखती हूं तो मैं ये समझ जाती हूं कि वो इंसान अपनी जिंदगी से नाखुश है। वो अपनी भड़ास मुझे दो बुरी बातें कहकर निकाल रहा हो। हुमा ने आगे कहा कि अगर कोई शख्स आपको डराने-धमकाने की कोशिश कर रहा है, तो उसके लिए जरूरत शिकायत करनी चाहिए।

# थप्पड़ कांड के बाद घरवालों ने अरमान मलिक को बचाया, नैजी ने जताई आपत्ति



**मुंबई(ईएमएस)।** रिएलिटी शो बिग बॉस ओट-टी सीजन 3 के वीकेंड का वार एपिसोड काफी चर्चा में रहा। बीते एपिसोड में सना मकबूल और विशाल की जमकर क्लास लगी थी। अरमान की बीवी पायल मेहमान बनकर आई थीं और फिर विशाल पर कृतिका को गंदी नजर से देखने का आरोप लगा था। इसके बाद ये मामला अब काफी गरमा गया है। वीकेंड का वार एपिसोड में होस्ट अनिल कपूर ने घरवालों की जमकर क्लास लगाई। अरमान ने लव कटारिया को सलाह देते हुए कहा कि वह जिस-के साथ बैठता है, वो गंदी नाली का कीड़ा है। उन्होंने कहा- सना मकबूल के साथ मैं 24 घंटे घूमता हूं, लेकिन कभी उसे उस नजर से नहीं देखा। विशाल घर में रखने के लायक नहीं है। ये है उसकी रियल पर्सनैलिटी। थप्पड़ कांड होने के बाद विशाल का रो-रोकर हुआ बुरा हाल था, बाद में उन्हें साई केतन, शिवानी और कटारिया ने संभाला। विशाल का कहना था कि ये शो उनके मां-बाप भी देख रहे हैं, इसलिए उन्हें बुरा लग रहा है। इस पर शिवानी ने उन्हें समझाया कि उन्होंने जो कान में बोला, इसलिए वो गलत दिखा। वहीं, अरमान का गुस्सा शांत नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा- विशाल बिन पेंदी का लोटा है। उसका कोई वजूद नहीं है। अरमान ने घरवालों के चुप रहने पर भी नाराजगी जाहिर की। पायल मलिक और साई केतन राव की दोस्त शिवांगी खेड़कर के जाने के बाद घर में हलचल मची हुई थी। एक तरफ विशाल अपना पक्ष रख रहे थे, तो दूसरी तरफ चंद्रिका दीक्षित और साई केतन सफाई दे रहे थे। कृतिका और अरमान, विशाल की बात सुनने को तैयार नहीं थे। साई केतन राव ने चंद्रिका से कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वह मसाज वाली बात को गलत तरीके से समझेंगी। चंद्रिका ने हाथ जोड़कर और घुटनों के बल बैठकर साई से माफी मांगी। उधर, अरमान ने गुस्से में विशाल को थप्पड़ जड़ दिया। उसके बाद अरमान सभी घरवालों से सवाल किए और विशाल की तरफ देखते हुए उन्होनें काफी उल्टी-सीधी बातें कहीं। अरमान ने कहा एक शादीशुदा औरत है, जो उसको भाई-भाई बोल रही, वो ही उसके बारे में ऐसा बोल रहा है। हमारे घर की दीवारें बहुत पक्की हैं। ऐसे लोग बहुत देखे हैं। इसके जैसे 4-5 खरीद लें हम।

## स्कूली दिनों को याद किया जीनत अमान ने



72 साल की उम्र में एक्ट्रेस जीनत अमान ने स्कूली दिनों को याद किया। एक्ट्रेस ने स्कूल की ड्रेस पहनकर अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। एक्ट्रेस जीनत अमान ने फोटो के कैप्शन में अपने स्कूल के दिनों का एक किस्सा शेयर किया। जीनत अमान ने कहा मेरे दोस्तों को मजाक करना पसंद है। उनका कहना है कि एक शानदार बचपन आपको जीवन में बाद में निराशा के लिए तैयार करता है। बेशक वे मूर्खतापूर्ण बातें कर रहे हैं, लेकिन इस बयान में सच्चाई का एक अंश है। अगर वे शुरूआती साल प्यार से भरे हैं, क्रूरता से अछूते हैं और सौहार्द (दोस्ती) से भरे हुए हैं तो वयस्कता की सच्चाई एक झटका के रूप में आ सकती हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर फोटो में जीनत अमान व्हाइट फुल-स्लीव शर्ट के साथ लॉन्ग ब्लैक कॉटन ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को सनग्लासेस, ब्लैक सॉक्स और मैरी जेन हील्स के साथ पूरा किया।

# अब 2 अगस्त को रिलीज होगी औरों में कहां दम था

मेकर्स ने बालीवुड एक्टर अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था की रीलिज की घोषणा कर दी गई है। इसमें तब्बू भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पहले 5 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 2 अगस्त 2024 को बड़े पर्दे पर आएगी। अजय देवगन ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 2 अगस्त को इंतजार खत्म! फिल्म में जिमी शेरगिल भी अहम भूमिका में हैं। इस हफ़्ते की शुरूआत में फि ल्म के निमार्ताओं ने इसकी रिलीज को स्थगित करने की घोषणा की और सोशल मीडिया पर एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया है, प्रिय मित्रों, प्रदर्शकों और वितरण बिरादरी के अनुरोध पर, हमने सामूहिक रूप से अपनी फि ल्म औरों में कहाँ दम था की रिलीज की तारीख बदलने का फैसला किया है... नई रिलीज की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। फिल्म औरों में कहां दम था 23 साल की अवधि वाली एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा है।

# फिल्म कुबेर में रश्मिका के किरदार का हुआ खुलासा

लंबे इंतजार के बाद फिल्म कुबेर के मेकर्स ने रश्मिका मंदाना के किरदार के बारे में खुलासा कर दिया है। वह फिल्म में एक रहस्यमयी भूमिका निभाती नजर आएंगी। टीजर में, अभिनेत्री बहुत सुंदर लग रही है क्योंकि उसने गुलाबी चूड़ीदार सेट पहना हुआ है जो उसके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है। रश्मिका एक जंगल क्षेत्र में जाती है और एक छेद खोदती है जिसके अंदर पैसों से भरा एक सूटकेस मिलता है। मेकर्स लगातार फिल्म में रश्मिका की भूमिका के बारे में दर्शकों को चिढ़ा रहे थे जिसका आखिरकार खुलासा हो गया है। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी फिल्म का टीजर कैप्शन के साथ साझा किया, कुबेर (दिल की इमोजी की श्रृंखला)। धनुष और नागार्जुन के चरित्र का फिल्म निमार्ताओं द्वारा पहले ही अनावरण किया जा चुका है, जो रश्मिका के साथ मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। बता दें कि मशहूर साउथ एक्टर धनुष अपनी अगली फिल्म कुबेर के लिए निर्देशक शेखर कम्मुला के साथ आ रहे हैं।

# मैं इसीलिए हमेशा बड़े साइज के कपड़े पहनता हूं : करण जौहर

## -बॉडी डिस्मॉर्फिया से जूझ रहे करण किया खुलासा



**मुंबई (ईएमएस)।** निमार्ता-निर्देशक करण जौहर ने कहा- मुझे बॉडी डिस्मॉर्फिया है। मैं स्विमिंग पूल में नहीं जा सकता (मैं अपने लुक्स को लेकर असहज महसूस करता हूं। मैंने इससे उबरने की कोशिश भी की। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता आप कौन हैं, कितने सफल हैं। मैं आपको हमेशा ओवरसाइज कपड़ों में दिखूंगा। इसका एक खास कारण भी है। करण ने आगे कहा- पूल में जाने में मैं बहुत असहज हो जाता हूं। मैंने भले ही अपनी इस समस्या पर काबू पाने की पूरी कोशिश की, लेकिन मैं अब भी नहीं जानता कि इससे कैसे निजात पाई जाए, इसलिए मैं हमेशा बड़े साइज के कपड़े पहनता हूं। मैं अपना कितना ही वजन क्यों न घटा लूं, कितना ही पतला क्यों न हो जाऊं, लेकिन मुझे मैं मोटा ही लगता हूं। 8 साल की उम्र से मैं यह झेल रहा हूं। इसके अलावा करण ने कहा- मैं हमेशा खुद को देखकर शर्मसार महसूस करता हूं। मुझे लगता है कि मैं बहुत मोटा हो गया हूं, इसलिए मैं खुद को देखना ही नहीं चाहता। जब मैं पूल में अपने दोस्तों के साथ होता हूं तो वह सबसे आखिरी में अपना बाथ रोब खोलता हूं। बचपन से लेकर अब तक कुछ भी नहीं बदला है। बता दें बॉडी डिस्मॉर्फिया एक मानसिक रोग है, जो खुद की शरीर की बनावट को लेकर असहज बनाता है। इससे पीड़ित व्यक्ति अपने कपड़ों को लेकर जरूरत से ज्यादा तनाव लेता है। खूबसूरत दिखने के लिए अपने अंगों में दोष निकालना ही बॉडी डिस्मॉर्फिक डिसऑर्डर है। बता दें कि करण काम के अलावा अपनी बयानबाजी को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहते हैं।

# फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर सामने आई बड़ी अपडेट



साउथ के बाद पैन इंडिया और अब ग्लोबल स्टार बन चुके अभिनेता राम चरण फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। यह युवाओं से लेकर बूढ़ों तक सभी के बीच लोकप्रिय है। राम चरण के प्रशंसक पूरी दुनिया में हैं। राम चरण की फिल्म आरआरआर को न सिर्फ साउथ में बल्कि दुनिया भर में खूब प्यार मिला है। अब फैंस उनकी फिल्म 'गेम चेंजर' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस का इंतजार खत्म हुआ और फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रामचरण ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। जिसमें फिल्म 'गेम चेंजर' की शू-टंग के दौरान की कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं। तस्वीरों में राम चरण चॉपर की ओर चलते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर कर पता चल रहा है कि राम चरण ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'अब असली गेम बदल जाएगा। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। जल्द ही सिनेमा में मिलते हैं' फिल्म की शूटिंग पूरी होने के साथ ही जल्द ही फिल्म की एडिटिंग का काम भी शुरू हो जाएगा। राम चरण के साथ फिल्म में कियारा अडवाणी भी दिखाई देंगी फिल्म 'गेम चेंजर' की घोषणा 2021 में की गई थी। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2021 में शुरू हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म का निर्देशन एस. शंकर ने किया। दिल राजू और शिरीष इस फिल्म के निमार्ता हैं। 'गेम चेंजर' 31 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने की संभावना है। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। अक्टूबर महीने में कई बड़ी फिल्में बड़े पर्दे पर रिलीज हो सकती हैं। कहा जा रहा है कि जूनियर एनटीआर की 'देवरा', रजनीकांत की 'वेट्टियान' इस महीने रिलीज हो रही हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि तीनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टक्कर देंगी।

## सूडोकू नवताल- 6848

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -6847 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7595

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | ज | क | टा | ई | ह | ट | झ | क | चि |
| अं | च | र | ठि | रिं | लै | ता | दि | शा | को | क |
| ग | र | ह | ना | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | ना |
| ड़ा | स | गा | ई | ल | क | आ | ह | ऊं | र | ह |
| ई | रा | र | ष | हा | मि | श | च | स | चा | ट |
| ह | ह | प | व | दा | ह | ना | त | उ | न | ई |
| म | ट | बु | अ | म | रा | ई | ह | त | ह | क |
| हं | जी | वा | उ | क | छ | सौ | न | रा | जू | ट |
| गा | थो | तें | ब | ह | ज | दा | ने | ई | र | द |
| ई | ल | प | का | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ई | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके अंत में 'ई' आता हो.शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अमराई, कठिनाई, सगाई, महंगाई, उतराई, आशनाई, उबकाई, ऊंचाई, अंगड़ाई, कटाई

### शब्दजाल - 7594 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | बॉ | क्सा | इ | ट | मैं | र | प | गो |
| न | का | क | अ | भ्र | क | ने | ग | ति | मा | यू |
| डो | दा | र | ला | मा | ग | अं | नी | ह | प | रे |
| ज | लो | ल | का | को | न | स | ज | ह | लि | नि |
| त | अ | मा | र | न | य | मे | ह | तां | न | य |
| अ | ना | का | इ | व | प | ला | त | बा | र | म |
| ग | ही | लौ | मा | ट | अ | ला | को | मा | न | ग |
| र | रा | भा | ह | न | प | स | र | ल | वि | ला |
| क | न | बा | अ | अ | का | र | ण्ड | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | य | क | म | का | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स्क | त्ता | प | र | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6548


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | | 6 | 4 | 7 | |
| | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | |
| 4 | 2 | | 3 | | 1 | 7 |
| | 31 | | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | | 7 | 4 | 3 | | 2 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6547 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 1 | 29 | 3 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# अभिनव बिंद्रा ने मौजूदा समय के खिलाड़ियों के लिए कही अहम बात, भारतीय दल को दी ये सलाह

**नई दिल्ली ।**

पेरिस ओलंपिक का आयोजन कुछ ही दिनों में होना है और इसके लिए भारत सहित इसमे हिस्सा लेने वाले सभी देश के एथलीट पूरी तरह तैयार हैं। इस बीच, 2008 बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले निशानेबाद अभिनव बिंद्रा ने अपने समय के खिलाड़ियों की तुलना मौजूदा दौर के खिलाड़ियों से करते हुए बड़ी बात कही है। भारत के पहले व्यक्तिगत स्पर्धा के ओलंपिक चैंपियन बिंद्रा का मानना है कि खिलाड़ियों की मौजूदा पीढ़ी उनके समय के कमजोर दिल वाले खिलाड़ियों की तुलना में अधिक मजबूत है।

**जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत** – बिंद्रा ने कहा कि भारत को 30-40 ओलंपिक पदक जीतने का सपना देखना शुरू करने के लिए जमीनी स्तर पर बहुत काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें खेल को अलग तरह से देखना शुरू करना होगा। वर्तमान में हम यह देख रहे हैं कि विश्व स्तर पर एथलीट कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह हमें मजबूती देता है। हमें राष्ट्र निर्माण में खेल की बड़ी भूमिका को देखने की जरूरत है। बीजिंग ओलंपिक में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले बिंद्रा ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए देश की तैयारियों पर आयोजित एक पैनल चर्चा के दौरान भारतीय दल को सलाह दी कि वे अतीत या भविष्य के बारे में सोचने की गलती न करें। भारत के लगभग 125 खिलाड़ियों ने इन खेलों के लिए क्वालिफाई कर लिया है, जो देश के इतिहास में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा, एथलीटों की सबसे बड़ी गलती यह है कि वे या तो अतीत में जीते हैं या भविष्य के बारे में सोच रहे हैं। वे इस वास्तविकता के बारे में भूल जाते हैं मौजूदा समय की अहमियत सबसे ज्यादा है।

**मौजूदा दौर के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास अधिक है** – बिंद्रा ने कहा, मैं एक ऐसी पीढ़ी से आया हूं जो स्वभाव से कमजोर दिल वाली थी। आज के दौर के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास कहीं अधिक है। वे इन खेलों में सिर्फ हिस्सा लेना नहीं बल्कि पदक जीतना चाहते हैं। ये खिलाड़ी कोई और पदक नहीं बल्कि स्वर्ण पदक जीतना चाहते है। यह हमारे समाज का प्रतिबिंब है कि पिछले कुछ वर्षों में यह कैसे विकसित हुआ है।

इस 41 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि खेलों को देखने और उसके बारे में बात करने का तरीका बदल गया है लेकिन जिस चीज में बदलाव नहीं आया है वह है एथलीटों को मिलने वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा। बिंद्रा ने कहा, अब अलग तरह से बातचीत होती है। उसमें हालांकि कई समानताएं है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बैडमिंटन खिलाड़ी ने लगाया भेदभाव का आरोप


**मुम्बई ।** पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में लगे बैडमिंटन खिलाड़ी चिराग शेट्टी ने महाराष्ट्र सरकार



पर सौतेला व्यवहार करने के आरोप लगाये हैं। चिराग ने कहा है कि जहां टी20 विश्व कप विजेता टीम का सम्मान करने के साथ ही उन्हें प्रदेश सरकार ने 11 करोड़ इनाम का इनाम देने की घोषणा की है। वहीं जब वह थॉमस कप जीत कर आये थे तो इनाम की बात तो दूर हैं उनका सम्मान भी नहीं किया गया था। चिराग ने कहा कि वह क्रिकेट और क्रिकेटरों के खिलाफ नहीं हैं पर उनका मानना है कि सरकार को दोहरा मापदंड नहीं अपनाना चाहिये। इससे साफ है कि सरकार बैडमिंटन और अन्य खेलों के खिलाड़ियों की उपलब्धियों की उपेक्षा करती है। उन्होंने कहा कि सरकार को सभी खेलों को समान रूप से देखना चाहिए। चिराग ने 2022 में भारत को थॉमस कब की ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस टीम में वह महाराष्ट्र के एकमात्र खिलाड़ी थे। चिराग ने कहा, ' थॉमस कप भी क्रिकेट विश्व कप की तरह है। मैं उस भारतीय बैडमिंटन टीम का हिस्सा था जिसने फाइनल में चैंपियन इंडोनेशिया को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। मैं भारतीय टीम में महाराष्ट्र का एकमात्र खिलाड़ी था. जब सरकार विश्व कप जीतने वाले क्रिकेट सितारों को सम्मानित कर सकती है, तो उन्हें मेरे प्रयासों को भी सराहना मिलनी चाहिए थी। सरकार को किसी भी अन्य खेल को समान रूप से महत्व देना चाहिए' चिराग ने कहा किया कि उन्हें क्रिकेट या क्रिकेटर्स से कोई शिकायत नहीं है। उन्होंने अपने साथी बैडमिंटन खिलाड़ियों के साथ भारत की टी20 विश्व कप जीत का जश्न मनाया। उन्होंने सरकार से कहा कि खेलों को अगर बढ़ाव देना है तो उसे विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों की उपलब्धियों को मान्यता देनी होगी। चिराग, ' मैं क्रिकेट के खिलाफ नहीं हूं। बैडमिंटन खिलाड़ियों ने टी20 विश्व कप जीत पर खुशी मनायी पर हम चाहते हैं वैसा ही व्यवहार अन्य खेलों के साथ भी होना चाहिये।

### निरंतरता की कमी के कारण पाक टीम हार रही : गिलेस्पी

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट पिछले काफी समय से खराब दौर से गुजर रही है। उसे सभी तीनों प्रारुपों में



अधिकतर मुकाबलों में हार मिली है। आईसीसी टूर्नामेंट में भी टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। अब इसी का कारण पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने बताया है। गिलेस्पी के अनुसार पाक टीम में निरंतरता की कमी है। गिलेस्पी टेस्ट प्रारुप में टीम के गेंदबाजी कोच भी हैं। गिलेस्पी के अनुसार अगले माह अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में उनकी टीम को अपनी इस कमी को दूर करने का प्रयास करना होगा। पिछले साल भारत में हुए एकदिवसीय विश्वकप में भी पाक टीम शुरुआत में ही बाहर हो गयी थी। इसके बाद टीम को सफेद गेंद वाले प्रारुप में अमेरिका , आयरलैंड, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, भारत और अन्य टीमों के खिलाफ भी हार ही मिली थी। वहीं अब पाकिस्तान की टीम को 21 अगस्त से अपनी ही जमीन पर बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसका पहला मुकाबला 21 अगस्त को रावलपिंडी में शुरू होगी। वहीं दूसरा टेस्ट 30 अगस्त को कराची में खेला जाएगा। लाल गेंद क्रिकेट में पिछले साल के अंत में उन्होंने शान मसूद की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली थी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पाक को आने वाली मुश्किलों को के बाद भी गिलेस्पी ने उनके प्रदर्शन के सकारात्मक पहलुओं पर भी बात की। ध्यान दिया। गिलेस्पी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में पाकिस्तान की टीम 3-0 से हारी थी पर उन्होंने अच्छा खेला। सीरीज में कुछ ऐसे पल भी आए जब वे विरोधियों पर हावी रहे। उन्होंने टीम में प्रतिभा होने के बाद भी निरंतरता की कमी को हार का मुख्य कारण करार दिया।

### भारतीय टीम वनडे सीरीज के लिए रोहित विराट और बुमराह को दे सकती है ब्रेक

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली और स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अगस्त में श्रीलंका के विरुद्ध तीन मैचों की वनडे सीरीज से आराम दिया जा सकता है और केएल राहुल या हार्दिक पांड्या इस प्रारूप में कप्तानी कर सकते हैं। समझा जाता है कि रोहित और विराट ने बीसीसीआई से लंबा ब्रेक मांगा है चूंकि दोनों आईपीएल की शुरुआत से लगातार खेल रहे हैं। रोहित ने छह महीने से ब्रेक नहीं लिया है। उन्होंने दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टेस्ट सीरीज से लगातार खेला है। उसके बाद अफगानिस्तान के विरुद्ध टी-20, इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज, आईपीएल और टी-20 विश्व कप शामिल है। बोर्ड के बताया, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के विरुद्ध तीन वनडे तैयारी के लिए काफी है। इसके बाद अगले कुछ महीने दोनों टेस्ट को प्राथमिकता देंगे क्योंकि भारत को सितंबर से जनवरी के बीच 10 टेस्ट खेलने हैं।

# ओलंपिक से पहले गौतम अडानी ने दी खिलाड़ियों को बधाई, भारत में फैन जोन बनाएगा फ्रांस





**नई दिल्ली ।**

पेरिस ओलंपिक की शुरुआत में अब 18 दिन शेष हैं। भारतीय दल इसके लिए पूरी तैयार है। भारत को इस बार पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। इससे पहले उद्योगपति गौतम अदाणी ने भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी है। वहीं, फ्रांस ने भारत में फैन जोन बनाने का एलान किया है।

### गौतम अदाणी ने दी शुभकामनाएं

पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा और इसके लिए भारत 100 से अधिक खिलाड़ियों का दल भेजेगा। इस बीच उद्योगपति गौतम अदाणी ने ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल से लिखा, जैसे-जैसे हम 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए तैयार हो रहे हैं, मैं उन असाधारण एथलीटों को शुभकामनाएं देता हूं जो दुनिया के सबसे भव्य खेल मंच पर हमारे देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनका अथक रियाज और अटूट समर्पण वास्तव में भारत की नई अदम्य भावना का प्रतीक है। मुझे विश्वास है कि इस साल, हम अपना अब तक का सबसे बड़ा पदक हासिल करेंगे। इस उल्लेखनीय यात्रा में समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा है। हम सब मिलकर अपने चैंपियन का उत्साहवर्धन करेंगे और गूँज का बेसब्री से इंतज़ार करेंगे। जय हिंद!

### भारत में बनेगा फैन जोन

वहीं, भारत में ओलंपिक के खेलों को बढ़ावा देने के लिए टीम फ्रांस ने बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। टीम फ्रांस पेरिस ओलंपिक के दौरान भारत में अलग-अलग जगहों पर फैन जोन बनाने का एलान किया है। इस दौरान ओलंपिक की लाइव स्क्रीनिंग की जाएगी। फ्रांस के राजदूत थिएरी मथो ने कहा, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे सभी भारतीय मित्र पेरिस 2024 ओलंपिक की भावना में भाग ले सकें। हमें उम्मीद है कि यह पहल पेरिस 2024 को भारतीय दर्शकों के करीब लाएगी और ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की बोली के मद्देनजर भारत-फ्रांस खेल सहयोग को भी गति देगी।

### सीएम माझी ने किया बड़ा एलान

पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने हॉकी खिलाड़ी अमित रोहिदास और दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना के लिए 15-15 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। ये दोनों पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, ''ओडिशा में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार राज्य के हर कोने में ऐसी प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास के लिए जमीनी स्तर पर आवश्यक बुनियादी ढांचा, वित्तीय सहायता और अन्य सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारतीय एथलीटों को मिलेगा जेब खर्च आईओए की कार्यकारी परिषद ने कही ये बात



**नई दिल्ली ।**

पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने में अब चंद दिन शेष रह गए हैं और भारतीय एथलीट इसके लिए तैयार हैं। भारत इस बार भी ओलंपिक में 100 से अधिक सदस्यों का दल भेज रहा है और उम्मीद है कि देश को पिछली बार की तुलना में और बेहतर सफलता मिलेगी। भारतीय एथलीटों को इस दौरान पेरिस में जेब खर्च मिलने का मामला काफी चर्चा में है, लेकिन भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद (ईसी) पेरिस ओलंपिक में खेलने जा रहे भारतीय खिलाड़ियों को प्रति दिन 50 अमेरिकी डॉलर (लगभग चार हजार रुपये) का जेब खर्च देने के पक्ष में नहीं है। ईसी का मानना है कि जब ओलंपिक के दौरान खिलाड़ियों को खेल मंत्रालय दैनिक जेब खर्च दे रहा है तो आईओए को यह भत्ता देने की जरूरत नहीं है। इससे पहले ईसी सदस्यों ने ओलंपिक के दौरान उन्हें मिलने वाला 300 डॉलर प्रतिदिन (लगभग 25 हजार रुपये) का दैनिक भत्ता लेने से इन्कार कर दिया था। आईओए की ओर से ओलंपिक के बजट में खिलाड़ियों को 50 और ईसी सदस्यों को 300 डॉलर प्रति दिन का जेब खर्च प्रस्तावित था। टोक्यो ओलंपिक के दौरान भी यही जेब खर्च खिलाड़ियों और ईसी सदस्यों को दिया गया था।

ओलंपिक बजट पास करने के लिए 30 जून को बुलाई गई कार्यकारी परिषद की बैठक में सदस्यों ने अपना दैनिक भत्ता लेने से इन्कार कर दिया, लेकिन यह भी कहा कि किसी को भी दोहरा जेब खर्च देना नहीं बनता है। खेल मंत्रालय पहले से ही खिलाड़ियों को एशियाई, राष्ट्रमंडल और ओलंपिक में 50 डॉलर का दैनिक जेब खर्च देता आ रहा है। ऐसे में आईओए की ओर से भी जेब खर्च दिए जाने का प्रावधान नहीं होना चाहिए। ईसी ने कहा कि खिलाड़ियों को जेब खर्च दिए जाने का प्रस्ताव खेल मंत्रालय को भेजा जाना चाहिए। प्रशिक्षकों को भी मिलेगी इनामी राशि पदक विजेताओं के प्रशिक्षकों को भी ईनामी राशि देने का फैसला किया गया है। आईओए ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले को एक करोड़, रजत जीतने वाले को 75 लाख और कांस्य जीतने वाले को 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देगा, लेकिन ईसी ने उनके प्रशिक्षकों को भी इनामी राशि देने का फैसला लिया है। ओलंपिक में जो प्रशिक्षक पदक विजेता के साथ होगा, उसी को कोच माना जाएगा।

# रूने को हराने के बाद दर्शकों से भिड़े नोवाक जोकोविच, चिढ़ाने का लगाया आरोप

**लंदन ।**



सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले के बाद टेनिस कोर्ट पर मौजूद कुछ दर्शकों से भिड़ गए। जोकोविच ने आरोप लगाया कि होल्गर रूने के खिलाफ मैच के दौरान स्टैंड पर मौजूद कुछ दर्शकों ने बू करने (चिढ़ाने) की कोशिश की। जोकोविच रूने को हराकर 15वीं बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। विंबलडन में सात बार के चैंपियन जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंडस्लैम की तलाश में उतरे हैं। जोकोविच उस वक्त अपना आपा खो बैठे जब सेंटर कोर्ट पर मौजूद कुछ दर्शक लगातार मैच के दौरान रूने के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। जोकोविच का कहना है कि वे उन्हें बू करने की कोशिश कर रहे थे। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, उन सभी प्रशंसकों को जिन्होंने सम्मान दिया, मैं आपको तहे दिल से धन्यवाद देता हूं और इसकी सराहना करता हूं। जिन लोगों ने एक खिलाड़ी का अपमान करने की कोशिश की, उन्हें गुड नाइट। कहा कि कुछ फैंस रूने के समर्थन में नारे लगा रहे थे, ना कि आपको बू करने की कोशिश कर रहे थे। इस पर जोकोविच ने पलटवार करते हुए कहा, वे चिढ़ाने की कोशिश ही कर रहे थे। मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता। मुझे पता है कि वे रूने के समर्थन में नारे लगा रहे थे, लेकिन यह बू करने का एक बहाना है। मैं 20 साल से टूर का हिस्सा हूं और मुझे सभी तरह के ट्रिक पता हैं। मैं ध्यान सिर्फ उन सम्मानित लोगों पर रहता है जो पैसे देकर टिकट लेते हैं और टेनिस को पसंद करते हैं तथा खिलाड़ियों का सम्मान करते हैं। मैंने बहुत अधिक प्रतिकूल वातावरण में खेला है, मुझ पर विश्वास करें, आप लोग मुझे छू नहीं सकते। जोकोविच ने कहा, दर्शकों का अधिकार है कि वे किसका समर्थन करें। मुझे नहीं पता इस मामले में विंबडलन क्या करेगा। अगर कोई गलत व्यवहार करता है तो आप पूरे स्टैंड को बाहर नहीं भेज सकते।

# एम्मा नवारो ने कोको गफ को दी शिकस्त इटली के खिलाड़यिों ने किया बड़ा कारनामा

**लंदन।**

**सेंटर कोर्ट में अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी एम्मा नवारो के विरुद्ध कोको गफ बेहतर प्रदर्शन करने में नाकाम रहीं। नवारो ने उन्हें विंबलडन के चौथे दौर में 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन और ऑल इंग्लैंड क्लब में नंबर 2 वरीयता प्राप्त गफ ने कहा, हमारे पास एक गेम प्लान था, लेकिन मैं उसे लागू करने में नाकाम रहीं। मैं मैच के दौरान कोच से सलाह मांग रही थी, लेकिन मैं अच्छा नहीं खेल सकी।**



इस वर्ष विंबलडन से शीर्ष महिलाओं की विदाई में गफ नई खिलाड़ी थीं। नंबर 1 इगा स्वियातेक हार गईं, नंबर 3 अरिना सबालेंका एक मैच खेलने से पहले घायल होकर हट गईं और नंबर 6 मार्केटा वोंड्रोसोवा अंतिम स्थान पर रहीं। पिछले वर्ष की चैंपियन भी पहले दौर में हार गई थीं। 19वीं वरीयता प्राप्त नवारो पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। उन्होंने दूसरे दौर में दिखाया कि वह किस प्रकार की टेनिस खेलने में सक्षम हैं, जब उन्होंने चार बार की प्रमुख चैंपियन नाओमी ओसाका को हराया था। 23 वर्षीय नवारो ने कहा, मुझे विश्वास था कि मैं जीत सकती हूं और यह संभव है। मैं ग्रैंड स्लैम के अंत तक जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हूं। महिला सिंगल्स में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा। रिबाकिना वाकओवर के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं पूर्व विंबलडन चैंपियन एलिना रिबाकिना रूसी 17वीं वरीयता प्राप्त एन्ना कलंस्काया के चोट के कारण मुकाबले से हटने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। वह 6-3, 3-0 स्कोर से आगे चल रही थी, जब कलंस्काया को चोट लगी। इसके कारण रिबाकिना वॉकओवर मिला। इटली के तीन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने फ्रांस के जियोवान्नी एमपेत्सी को हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुसेत्ती ने 21 वर्ष के प्रतिद्वंद्वी को विंबलडन प्री क्वार्टर फाइनल में 4-6, 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जानिक सिनर और महिला वर्ग में सातवीं रैंकिंग वाली जैस्मीन पाओलिनी ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली। यह पहली बार हुआ है कि इटली के तीन खिलाड़ी किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हों।

# टी20 चैंपियन भारत जीत का जश्न मालदीव में मनाए, बिगड़े रिश्तों को सुधारने में जुटा द्वीपीय राष्ट्र

**नई दिल्ली ।**

हाल ही में टी20 विश्व विजेता बनी भारतीय क्रिकेट टीम को मालदीव के पर्यटन विभाग ने देश में अपनी जीत का जश्न मनाने के लिए आमंत्रित किया है। बता दें कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर बारबाडोस में टी20 विश्व कप की ट्रॉफी जीती है।



### विश्व विजेता टीम की मेजबानी करने के लिए उत्सुक

एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि, मालदीव विपणन और जनसंपर्क निगम (एमएमपीआरसी/विजिट मालदीव) ने मालदीव पर्यटन उद्योग संघ (एमएटीआई) के साथ मिलकर भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को विशेष और खुला निमंत्रण दिया है। इस मामले में एमएमपीआरसी के सीईओ और प्रबंध निदेशक इब्राहिम शिउरी और एमएटीआई के महासचिव अहमद नजीर ने कहा कि वे भारत की विश्व विजेता टीम की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं।


### विश्व विजेता का स्वागत करना सम्मान की बात

इब्राहिम शिउरी और अहमद नजीर ने अपने संयुक्त बयान में कहा, कि हमें आपकी मेजबानी करने और दौरे को और यादगार बनाने में काफी गर्व महसूस होगा। उन्होंने कहा कि यह निमंत्रण मालदीव और भारत के बीच मजबूत और लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक और खेल संबंधों को भी दर्शाता है। शिउरी ने आगे कहा, मालदीव के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत करना और उनकी जीत की खुशी में शामिल होना बहुत सम्मान की बात होगी। उन्होंने कहा, हम भारतीय क्रिकेट टीम की मेजबानी करने के अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, ताकि उन्हें अपनी जीत के जश्न की यादें बनाने के लिए एक आदर्श माहौल मिल सके।

### देश में विश्व चैंपियन का हुआ था भव्य स्वागत

बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम के टी-20 में विश्व विजेता बनने के बाद दिल्ली और मुंबई दोनों जगहों पर क्रिकेट प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया, इस कड़ी में मुंबई के मरीन ड्राइव पर लाखों समर्थकों की मौजूदगी में विजय परेड भी निकाली गई है। फिलहाल भारत की टी-20 विश्व विजेता टीम ब्रेक पर है। जिसका अगला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दौरा 27 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ छह मैचों की श्रृंखला है। जिसमें तीन वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं।

# सुनीता विलियम्स की स्पेस स्टेशन से होगी सुरक्षित वापसी



भारतीय मूल की विश्व-प्रसिद्ध महिला अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अब तक नासा की तरफ से चलाये गए अभियानों में 322 दिन से अधिक का समय अंतरिक्ष में बिता कर कई कीर्तिमान अपने नाम किए हैं। पिछले दिनों 5 जून को अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ने अपने एक सप्ताह के अंतरिक्ष मिशन पर सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर भेजा, किन्तु बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के थ्रस्टर सिस्टम में खराबी के बाद वापसी का मिशन रोक दिया गया। अब नासा की तरफ से कहा गया है कि इन दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को अगले 45 या उससे अधिक दिन अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर ही बिताने पड़ सकते हैं। ऐसे में दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर कुछ प्रश्न भी खड़े हो रहे हैं। सुनीता विलियम्स का जन्म 19 सितंबर 1965 को सुबह 8 बजे अमेरिका के ओहायो प्रान्त में हुआ था। कन्या लग्न की इनकी जन्म पत्रिका में ख्याति के दशम भाव में गुरु और चन्द्रमा का शानदार गजकेसरी योग बन रहा है, चूंकि गुरु और चन्द्रमा दोनों पर किसी अन्य ग्रह की दृष्टि नहीं है इस गजकेसरी योग ने इन्हें हमेशा विवादों से दूर रखकर अपने कार्यक्षेत्र में कभी न मिटने वाला यश प्रदान किया है। भारतीय ज्योतिष में राहु को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का कारक ग्रह माना जाता है। सुनीता विलियम्स की कन्या लग्न की कुंडली में राहु अपनी उच्च राशि वृषभ में होकर वर्गोत्तम है। राहु का जन्मकुंडली और नवांश कुंडली दोनों में वृषभ राशि में होना तथा मंगल के प्रभाव में आ जाना सुनीता विलियम्स को तकनीकी दक्षता, मानसिक मजबूती, अंतरिक्ष विज्ञान और भौतिक विज्ञान में पारंगत बनाता है। सुनीता विलियम्स के पिता दीपक पंड्या अमेरिका में एक जाने-माने न्यूरोलॉजी के डॉक्टर हैं। सुनीता विलियम्स अमेरिकी नौसेना में कार्य कर चुकी हैं और जून 1998 में उनका नासा में प्रक्षिक्षण के लिए चयन हुआ था। सुनीता विलियम्स की जन्म कुंडली में लग्नेश बुध और द्वादशेश (अंतरिक्ष यात्रा) सूर्य का राशि परिवर्तन योग है जिसके चलते आज वह आज अंतरिक्ष में सबसे लम्बे समय तक रहने वाली महिला अंतरिक्ष यात्री के रूप में ख्याति पा चुकी हैं। सूर्य करवाएंगे सुनीता विलियम्स की सुरक्षित पृथ्वी पर वापसीपिछले 5 जून से अंतरिक्ष में अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर रुकी सुनीता विलियम्स की वापसी को ले कर नासा ने अभी तक कोई तय तिथि नहीं बताई है। सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष में अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर ले जाने वाले बोइंग स्टारलाइनर के थ्रस्टर में खराबी और एक अप्रत्याशित हीलियम लीक की रिपोर्ट के बाद नासा की टीम अंतरिक्ष यान का डेटा इकठ्ठा कर रही है। सुनीता विलियम्स की जन्मकुंडली में इस समय रहस्यमय ग्रह केतु की महादशा में शुक्र की अंतरर्दशा चल रही है। केतु उनकी कुंडली में पराक्रम के तीसरे भाव में हैं तथा केतु का राशिपति मंगल दूसरे भाव में अंतरर्दशा नाथ शुक्र से एक अशुभ युति में है। एक केतु में शुक्र की विंशोत्तरी दशा 24 सितंबर 2024 तक है। 24 सितंबर के बाद शुरू हो रही केतु में सूर्य की विंशोत्तरी दशा में सुनीता विलियम्स की धरती पर सुरक्षित वापसी हो सकती है, किंतु सूर्य चूंकि द्वादश (रिटायरमेंट) भाव का स्वामी है, इस कारण से कुछ स्वस्थ्य से सम्बंधित परेशानियों के चलते सुनीता विलियम्स भविष्य में कोई अंतरिक्ष यात्रा नहीं कर पाएंगी।

# अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की हल्दी सेरेमनी में लगा बॉलीवुड सितारों का तांता



अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की हल्दी सेरेमनी सोमवार को एंटीलिया में आयोजित की गई। उनकी हल्दी सेरेमनी में बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुईं। इस दौरान एक्टर्स द्वारा पहने गए कपड़ों ने सभी का ध्यान खींचा। एंटीलिया में हुई इस हल्दी सेरेमनी की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। अनंत और राधिका की हल्दी सेरेमनी में सभी बॉलीवुड कलाकार ट्रेडिशनल लुक में नजर आए। हल्दी सेरेमनी के कुछ वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। सलमान खान पहली बार नीली जींस और पीला कुर्ता पहने नजर आए। साथ ही सामने आई फोटो में सलमान के चेहरे पर हल्दी लगी हुई नजर आ रही है। वहीं दूसरी ओर अंबानी की हल्दी सेरेमनी में एक्टर रणवीर सिंह का भी एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में उनके चेहरे पर हल्दी लगी हुई नजर आ रही है। दूसरे वीडियो में वह पान खाते नजर आ रहे हैं। सलमान और रणवीर ने इससे पहले अनंत-राधिका के संगीत समारोह में परफॉर्म किया था। रणवीर ने सलमान के नो एंट्री गाने पर डांस किया। सलमान ने पहली बार अनंत के साथ ऐसा हुआ है गाने पर डांस किया। अंतर्राष्ट्रीय गायक जस्टिन बीबर ने भी प्रस्तुति देकर इस अवसर की शोभा बढ़ाई। अनंत और राधिका की हल्दी सेरेमनी में जान्हवी कपूर, अनन्या पांडे, सारा अली खान, बादशाह और बॉलीवुड के अन्य कलाकार शामिल हुए। हल्दी सेरेमनी में जान्हवी, अनन्या, मानुषी छिल्लर, सारा बेहद खूबसूरत लग रही थीं। जान्हवी ने पीले रंग की साड़ी पहनी थी। सारा ने वहां कलरफुल लहंगा-चोली पहना था। सेरेमनी में अनन्या ने अनारकली ड्रेस पहनी थी। इन चारों का लुक देखने लायक था। हल्दी सेरेमनी में भाईजान सलमान खान, रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, ओरी, शिखर पहाड़िया, बोनी कपूर, वेदांग रैना जैसे कई सेलिब्रिटीज पहुंचे।

# रिसेप्शन में रो पड़ी थीं सोनाक्षी सिन्हा



सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने भले ही ग्रैंड तरीके से शादी न की हो, लेकिन फिर भी उनकी शादी की खूब चर्चा हुई। कभी ट्रोलिंग सहनी पड़ी तो कभी भाई संग अनबन की खबरें आईं। खैर, इस वक्त सोनाक्षी अपनी मैरिड लाइफ का लुत्फ उठा रही हैं। शादी के बाद से ही वह पति के साथ रोमांटिक फोटोज शेयर कर रही हैं। अब उन्होंने वेडिंग की कैंडिड फोटोज दिखाई हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने 23 जून को सिविल मैरिज की थी और इसी दिन शाम को ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी होस्ट की गई थी। लाल रंग की साड़ी और मांग में सिंदूर लगाए सोनाक्षी सिन्हा बहुत खूबसूरत लग रही थीं। सोशल मीडिया पर वेडिंग रिसेप्शन की अनसीन फोटोज सामने आई हैं। एक में वह रोते हुए नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने 9 जुलाई को इंस्टाग्राम अकाउंट पर जहीर इकबाल के साथ वेडिंग रिसेप्शन की तस्वीरें शेयर की हैं। कहीं फोटोज में वह अपने पति के साथ रोमांटिक तरीके से पोज दे रही हैं तो कहीं जहीर अपनी लेडीलव को तैयार होते हुए देख रहे हैं। एक जगह जहीर ने अपनी लेडी लव के गाल पर किस किया। पहली बार अपनी मांग में सिंदूर देख सोनाक्षी के आंखों में आंसू भी आ गये। इन फोटोज के साथ सोनाक्षी सिन्हा ने एक प्यारा कैप्शन लिखा है। उन्होंने कहा कि शादी में उथल-पुथल हो सकती है लेकिन आपको बीच-बीच में उन पलों को चुराना होगा जो हमेशा आपके साथ रहेंगे। इसके अलावा सोनाक्षी ने शादी की तस्वीरों के पीछे की कहानी भी शेयर की है। उन्होंने लिखा कि पहली और दूसरी फोटो में फिल्मी होना और अपना खुद का संगीत बनाना (2017 से), यहां अपनी शादी की तस्वीरें क्लिक करवाने के बीच में। पहली फोटो अब मेरा वॉलपेपर है। सोनाक्षी ने आगे बताया कि तीसरी और चौथी फोटो में हीरो अपनी हीरोइन को उसके ड्रीम रोल के लिए तैयार होते हुए देख रहा है। चूंकि इस प्रक्रिया में बहुत शांति है तो बेशक उसे उसे हंसाने के लिए कुछ मूर्खतापूर्ण बात कहकर इसे बाधित करना होगा। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने पोस्ट में आगे बताया कि शाह रुख खान ने उन्हें और जहीर को वॉइस नोट के जरिए शादी की बधाई दी थी। उन्होंने कहा कि जहीर के लिए यह दिन का सबसे बड़ा हाईलाइट था, क्योंकि शाह रुख उनके फेवरेट हीरो हैं। एक तस्वीर में सोनाक्षी सिन्हा रोने भी लगी थीं, क्योंकि वह पहली बार अपनी मांग में आंसू देख इमोशनल हो गई थीं। उनकी ये अनदेखी फोटोज वायरल हो रही हैं।




सत्यमेव जयते

GROW MORE FISH
DEPTT OF FISHERIES ASSAM

**Government of Assam**
**Department of Fisheries**

**National Fish Farmers' Day**
**10 July 2024**

On the occasion of 'National Fish Farmers' Day 2024', I extend my heartfelt greetings to all of you.

Since 2001, this annual event has been celebrated on 10 July each year to honour and commemorate the scientists Dr Hiralal Chaudhury and Dr K H Alikunhi for their epoch-making contributions in achieving the successful induced breeding of major carps on 10 July 1957, at Angul in Odisha, for the first time in the country. This pioneering work of induced breeding has, over the years, transformed the growth of the aquaculture sector from traditional to intensive practices, leading to the success of the modern inland aquaculture industry in India.

National Fish Farmers' Day is an opportunity for the entire nation to recognize and appreciate the invaluable contributions and commitment of our fish farmers, aquaculture industry professionals, and other stakeholders toward sustainable aquaculture.

Under the dynamic leadership of our Hon'ble Chief Minister, Dr Himanta Biswa Sarma, we are striving to make Assam a self-reliant state in fish production. Let us all join hands in the efforts to conserve and enhance indigenous fish species and increase fish production in our state.

*Thank you.*

(Keshab Mahanta)
Minister
Fisheries, Transport etc. Departments

Dr Himanta Biswa Sarma
Chief Minister, Assam

**Some of the major schemes being implemented by the Fisheries Department are:**

- Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana (PMMSY)
- Chief Minister's Samagra Gramya Unnayan Yojana (CMSGUY)
- State Owned Priority Development (SOPD)
- Assam Agribusiness and Rural Transformation Project (APART)
- Rural Infrastructure Development Fund (RIDF)
- Group Accident Insurance Scheme for fishers (GAIS)
- Kisan Credit Card (KCC) for fishery sector



-- Janasanyog /D/2343/ 24/10-Jul24

Published by Directorate of Information & Public Relations, Assam Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in


मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम** ● **फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**